प्रयागराज, सोमवार, 1 मई, 2023

बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 13, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

श्रमिक दिवस

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# लुधियाना में गैस लीक से 11 की मौत

## मौके पर पहुंची एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा, ड्रोन से भी जांच

**नई दिल्ली।** लुधियाना के ग्यासपुरा क्षेत्र में गैस रिसाव होने से 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 4 से अधिक लोग बेसुध हैं। मरने वालों में पांच महिलाएं, छह पुरुष और 10 व 13 साल के दो बच्चे शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। एनडीआरएफ की दो टीमों ने मोर्चा संभाल लिया है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। बचाव टीमें हर घर की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार ड्रोन से भी घरों की छतों की जांच की जा रही है। गैस लीक में एक बिल्ली की भी मौत हुई है। मृतकों के शवों को लुधियाना सिविल अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर सुबह से डटीं विधायक रजिंदरपाल कौर छीना की भी तबीयत खराब हो गई है। उन्हें भी अस्पताल भेजा गया है। इसके अलावा बचाव

**हादसा**

### पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम भी मौके पर पहुंची

राहत मै जुटे पुलिस के चार मुलाजिम भी बेहोश हो गए हैं। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक चारों मुलाजिम खतरे से बाहर हैं।

लुधियाना की उपायुक्त सुरभि मलिक के अनुसार, पूरी संभावना है कि कुछ गैस संदूषण हुआ है... यह काफी संभावना है कि मैनहोल में मीथेन के साथ कुछ रासायनिक प्रतिक्रिया हो सकती है। जांच की जा रही है। एनडीआरएफ की टीमें सैंपल ले रही हैं। पुलिस के अनुसार, मृतकों के ब्लड सैंपल लिए जाएंगे, ताकि पता चल सके कि किस तरह की गैस से उनकी मौत हुई है।



हादसे वाली जगह पर एक सीवरेज खुला पाया गया है जिसमें से शायद गैस का रिसाव हुआ। बताया जा रहा है कि किसी फैक्टरी वालों ने केमिकल को डिस्पोजल के लिए सीवरेज में डाल दिया जिस वजह से पहले से ही सीवरेज में केमिकल के मिल जाने से कैमिकल रिएक्शन हुआ और गैस के रिसाव से लोगों की मौत हुई हालांकि प्रशासन अभी कुछ भी साफ नहीं बता रहा। फिलहाल एनडीआरएफ और पंजाब पुलिस की टीम सैंपल ले रही है। सैंपल लेने के बाद ही गैस रिसाव के कारण और कौन सी गैस थी इसके बारे में स्पष्ट हो पाएगा। वहीं हादसे के पांच घंटे बीतने के बाद भी पूरे इलाके में दुर्गंध फैली हुई है। सूत्रों के अनुसार, मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। अभी आसपास के घर बंद हैं। गैस की दुर्गंध कम होने पर पूरे इलाके की कांबिंग की जाएगी। पंजाब पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। गैस के रिसाव से और नुकसान न हो, पुलिस ने आसपास के 300 मीटर के इलाके को खाली करा दिया है।

जहां से गैस लीक हुई, उस दुकान का संचालक बेसुध है। विधायक रजिंदर कौर छीना ने कहा कि गैस लीक प्रकरण मामले की जांच होगी। फिलहाल लोगों की जान बचाने के लिए काम किया जा रहा है। पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, उनका फोकस लोगों को बाहर निकालने पर है। हर घर की जांच की जा रही है। सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर इस हादसे पर दुख जताया है। सीएम ने ट्वीट किया-लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में फैक्टरी से गैस रिसाव की घटना बेहद दुखद है.. पुलिस, सरकार और एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है.. हर संभव मदद की जा रही है। पंजाब सरकार ने गैस लीक में मारे गए लोगों के परिवारों दो लाख रुपये और घायलों को पचास हजार रुपये की मदद का एलान कर दिया है।

# लोस स्पीकर ओम बिरला ने बाबा दरबार में मत्था टेका



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम में रविवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मत्था टेका। उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी थे। ओम बिरला ने बाबा विश्वनाथ का दुग्धाभिषेक व रूद्राभिषेक किया। मंदिर के अर्चकों ने उन्हें विधि विधान पूर्वक पूजा करायी।

पूजा के पश्चात उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम को निहारा और उसकी सुंदरता पर काफी खुश दिखे। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने उनको अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
SUNDAY OPEN

# लखनऊ समेत कई जिलों में बरसे बदरा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों में रविवार सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। दोपहर से शुरू हुई हल्की बारिश देर शाम तक होती रही। बारिश के चलते दिन के तापमान में गिरावट आई है। वहीं शहर में राजभवन के पास बारिश के चलते एक पेड़ की डाल टूटकर सड़क पर गिर गई। इससे यातायात रुक-रूककर चलता रहा। पुलिस और वन विभाग कर्मी पेड़ की डाल हटाने में जुटे हैं। वहीं प्रदेश के कई जिलों में भी गर्मी से राहत मिली और बारिश हुई।

वहीं राजधानी दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में मौसम बदल गया है। कई जगह तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में तेज बारिश की खबरें सामने आई हैं। बारिश की वजह से तापमान में भी कमी दर्ज की

**मौसम परिवर्तन**

### मौसम बदलने से तापमान हुआ कम, कई राज्यों में भी गर्मी से राहत

गई है। इसके बाद से आसमान में बादल देखे जा रहे हैं। मौसम विभाग ने भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने की उम्मीद है।

बादलों की आवाजाही के बीच तेज हवाएं चलेंगी और प्रदेश के कई जिलों में हल्की और तेज बारिश हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार पहाड़ों में बदले मौसम से इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखा जा रहा है। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात और बारिश ने वहां ठण्ड बढ़ा दी है। इसका असर बारिश और तेज हवाओं के रूप में यूपी के मैदानी इलाकों में भी देखा जा रहा है।

## मेरे भाई राहुल से सीख लें जो देश के लिए गोली खाने को तैयार है : प्रियंका

**जमखंडी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गालियों के संबंध में टिप्पणी पर रविवार को कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह की बातों को झेलने का साहस दिखाना चाहिए। प्रियंका ने प्रधानमंत्री को अपने भाई राहुल गांधी से सीख लेने की भी सलाह दी जो देश की खातिर गोली खाने को तैयार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जहरीले सांप वाले बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने शनिवार को कहा कि अब तक पार्टी और उसके नेताओं ने उन्हें 91 बार तरह-तरह की गालियां दी हैं। यहां बागलकोट जिले में एक जनसभा में वाद्रा ने प्रधानमंत्री के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा, कम से कम वे (91 गालियां) एक चीज में फिट बैठ रहे हैं, अगर आप उनके द्वारा मेरे परिवार को दी गई गालियों को देखें और अगर हम सूची तैयार करना शुरू कर दें तो हम एक के बाद कई किताबें प्रकाशित करा सकते हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा

**आजमगढ़।** जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की देर रात हुए भीषण हादसे में दंपती और 8 वर्षीय बच्ची के साथ ही पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल से वाराणसी रेफर कर दिया गया है।

बताया गया कि लखनऊ से देवरिया जा रही बोलेरो अहरौला थाने के खादारामपुर गांव के पास बांस-बल्ली लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। सूचना के तत्काल बाद अहरौला थाने के साथ ही आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल भी पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया है।

देवरिया जिले के महुअवाडीह निवासी कैलाश कुमार (35) अपनी पत्नी नीतू (30) के अलावा गुड्डी (36), रानी (10) व गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर

**दर्दनाक मंजर**

### पांच की मौत, आजमगढ़ में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बोलेरो

### दवा लेकर लखनऊ से घर लौट रहे थे सवार

सिंधुवापार निवासी अनिल कुमार (34) व किरन (30) के साथ दवा लेने के लिए लखनऊ गए हुए थे। बोलेरो कैलाश चला रहे थे। शनिवार रात सभी बोलेरो में सवार होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होते हुए घर के लिए निकले। रात लगभग 11.40 बजे बोलेरो अहरौला थाने के खादारामपुर गांव के पास प्वाइंट 213 पर पहुंची थी कि बोलेरो आगे बांस-बल्ली लाद कर चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार



कैलाश, नीतू, गुड्डी, रानी व अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं किरन गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर अहरौला थाना के साथ ही आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल भी मौके पर पहुंचे। पांचों मृतकों के शव पोस्टमार्टम में भेजवाने के साथ ही घायल किरन को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर रविवार की सुबह मृतकों के परिजन भी जिला मुख्यालय पर पहुंच गए। परिजनों की तहरीर पर अहरौला थाने में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

IIT-JEE / NEET
9th 10th 11th 12th CBSE & UP
TET
संकल्प ट्यूटोरियल्स
शिक्षक भर्ती परीक्षा
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. गिरिट बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही वाराणसी
9335418689 • 9335720660

# नगरीय निकायों में अवैध कब्जे पर चलेगा बुलडोजर

**लखनऊ।** यूपी में अवैध निर्माण को लेकर सख्त योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि, पार्क, तालाब, पोखर समेत किसी भी सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने जा रही है। सरकार की ओर से सभी नगरीय निकायों को ऐसे अवैध निर्माण व अतिक्रमण को चिन्हित कर रविवार को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाल में संपन्न राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में पाया गया कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों एवं अवैध कब्जेदारों की सूचना एंटी भूमाफिया पोर्टल पर नगण्य है। इसलिए फैसला किया गया है कि नियमानुसार

**सख्ती**

### योगी सरकार का बड़ा फैसला सीएम ने जारी किए आदेश

### पोर्टल पर दर्ज करानी होगी सूचना

कार्रवाई के साथ ही इसकी जानकारी एंटी भूमाफिया पोर्टल (आईजीआरएस पोर्टल) पर भी देना अनिवार्य होगा। प्रदेश में अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार पहले भी कड़े कदम उठा चुकी है। खासतौर पर भूमाफिया के चंगुल से प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये की जमीन को मुक्त कराया जा चुका है। अब नगरीय निकाय में यह अभियान चला कर सरकारी भूमि को अवैध



निर्माण से मुक्त कराने का निर्णय लिया गया है।

यूपी सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक नगरीय निकाय से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने निकाय में ऐसी सार्वजनिक भूमियों, पार्क, तालाब, पोखर इत्यादि को चिन्हित करेंगे, जिनका भूमाफिया या किसी के भी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसी सभी सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय का यह दायित्व होगा कि वह अपने निकाय से संबंधित सूचना निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराएंगे। वहीं निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय इस सूचना को शासन को उपलब्ध कराएंगे।

प्रदेश में सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने एवं अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा एंटी भूमाफिया अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 2017 से प्रारंभ किया गया था। एंटी भू माफिया अभियान की समीक्षा के लिए चार स्तरीय टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। इसमें राज्य मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर समीक्षा होती है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के अध्यक्ष हैं।

# चौकी इंचार्ज को सड़क पर दौड़ा कर पीटा

**पूर्व ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान समेत पांच गिरफ्तार**

**लखनऊ।** बाराबंकी जिले में देवा कोतवाली क्षेत्र में अचानक कार से टकराए युवक को सलाह देना चौकी इंचार्ज पर भारी पड़ गया। दबंग पूर्व ब्लॉक प्रमुख, उसके ग्राम प्रधान भाई ने अपने परिजनों व समर्थकों के साथ मिलकर चौकी इंचार्ज को सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा। राहगीरों से सूचना पाने के बाद पुलिस बल ने मोर्चा संभाला और घेराबंदी कर पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत सात लोगों को दबोच लिया। सभी पर हत्या का प्रयास, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व एससी/ एसटी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सांप तो भगवान शिव के गले का शृंगार, जनता मेरे लिए है शिव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में जीत के लिए ताकत झोंक रही बीजेपी के प्रचार को पीएम मोदी राज्य के दौरे पर हैं। रविवार को पीएम मोदी कोलार में पहुंचे। यहां रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सबसे ज्यादा तकलीफ कांग्रेस को हो रही है। मेरे ऊपर हमले बढ़ा दिए हैं। आजकल मुझे कांग्रेस के लोग धमकी दे रहे हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी। अब कर्नाटक चुनाव में इनका सबसे बड़ा मुद्दा सांप है, सांप के जहर का है, मेरी तुलना सांप से करके जनता से वोट मांग रहे हैं। भाइयों और बहनों सांप तो भगवान शंकर के गले की शोभा है। मेरे लिए, देश की जनता ईश्वर का रूप है। शिव का स्वरूप है इसलिए, ईश्वर रूपी जनता के गले का सांप होना मुझे स्वीकार है। मैं जानता हूं कि संत और संस्कारों की धरती है, कर्नाटक के लोग इस चोट का जवाब वोट से देकर उनके मंसूबों को चूर-चूर कर देंगे। यह नाराजगी और जनता का गुस्सा 10 मई को पोलिंग बूथ पर भड़ककर निकलने वाला है।

पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी को दिए आपके एक वोट ने सारी स्थिति बदल दी। आज भारत की प्रतिष्ठा बुलंदी पर है, अर्थव्यवस्था की गति तेज है और दुनिया भारत को ब्राइट स्पॉट बता रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं और ओबीसी के साथ हमेशा अन्याय किया। बीजेपी तुष्टिकरण की बजाए संतुष्टिकरण पर काम करती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में ही फलती-फूलती है। इसलिए कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती। वह ऐसी कोई योजना नहीं बना सकती, जिसमें घोटाले न हों। कांग्रेस के नेता हजारों करोड़ों के घोटाले में जमानत पर बाहर हैं। वे कर्नाटक में आकर उपदेश दे रहे हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के सदस्य जमानत पर बाहर हैं, शीर्ष नेता जमानत में बाहर हैं, वे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते।

**पीएम का दौरा**

### कांग्रेस नेता खड़गे ने मोदी को कहा जहरीला सांप तो कर्नाटक में जनसभा से पीएम ने दिया करारा जवाब

#### 'कांग्रेस ने कभी किसानों की परवाह नहीं की'

पीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी भी किसानों की परवाह नहीं की, लेकिन बीजेपी सरकार बीज से बाजार तक किसानों के लिए काम कर रही है। केंद्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि के जो पैसे भेजती है, उसमें यहां की बीजेपी सरकार 4 हजार रुपए और जोड़ देती है। इससे कर्नाटक के लाखों किसान परिवारों के बैंक खाते में 18 हजार करोड़ रुपए पहुंचे हैं। आपको याद रखना है कि इस बार बहुमतवाली बीजेपी सरकार। पीएम ने कहा, 'मेरा पर्सनल काम है करोगे क्या?

पीएम ने कहा कि 2014 से पहले करप्शन काल में, कांग्रेस सरकार के कालखंड में दुनिया भारत से सारी उम्मीदें छोड़ दी थी। कांग्रेस और उसके शाही परिवार से देश का विश्वास क्यों टूटा है, इसका एक कारण है। कांग्रेस की पहचान हमेशा से 85 पर्सेंट कमीशन खाने की रही है। कांग्रेस के शासन में उनके सबसे बड़े नेता, कांग्रेस के पीएम गर्व से कहते थे, वह दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं और जमीन पर 15 पैसा पहुंचता है। गरीब के हक का 85 पर्सेंट पैसा कांग्रेस का पंजा छीन लेता था। कांग्रेस ने जिन्हें पीएम बनाया था, उनका यह सार्वजनिक कबूलनामा था। 85 पर्सेंट कमीशन खाने वाली सरकार कर्नाटक का कभी विकास नहीं कर सकती। मोदी ने कहा कि कर्नाटक का ये चुनाव सिर्फ आने वाले 5 वर्षों के लिए एमएलए, मंत्री या सीएम बनाने का चुनाव सिर्फ नहीं है।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' की हुई सेंचुरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें एपिसोड में खास अंदाज में लोगों से रूबरू हुए। भारत से लेकर लंदन और अमेरिका तक में इस खास एपिसोड का प्रसारण हुआ। करोड़ों लोग पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर कश्मीर के मंजूर और हरियाणा के सुनील जगलान तक का जिक्र किया। पर्यावरण से लेकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और अमृतकाल तक की बात कही। बोले, 'इस कार्यक्रम के जरिए कई जनआंदोलन शुरू हुए। लोगों ने इसे खूब पसंद किया।'

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के सफर के बारे में भी बताया। 'तीन अक्टूबर 2014 को विजया दशमी का वो पर्व था और हम सबने मिलकर विजया दशमी के दिन 'मन की बात' की यात्रा शुरू की थी। विजया दशमी यानी, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व, मन की बात भी देशवासियों की अच्छाइयों का सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। 'तीन अक्टूबर 2014 को विजया दशमी का वो पर्व था और हम सबने मिलकर विजया दशमी के दिन 'मन की बात' की यात्रा शुरू की थी। विजया दशमी यानी,

**कीर्तिमान**

### 'मेरे लिए मन की बात प्रसाद की थाल की तरह' : मोदी

### 100वें एपिसोड में पीएम बोले ओमाबा से लेकर पर्यावरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और अमृतकाल तक की बात कही, कई बार हुए भावुक, देश से विदेश तक करोड़ों लोगों ने सुनी बातें

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व, मन की बात भी देशवासियों की अच्छाइयों का सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की तो इसकी चर्चा दुनिया में हुई। मन की बात मेरे लिए दूसरों के गुणों की पूजा का मौका है। मेरे मार्गदर्शक थे लक्ष्मण राव, वो कहते थे कि हमें दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। उनकी इस बात ने मुझे प्रेरणा देती है। 'जब मैं गुजरात का सीएम था, तब सामान्य तौर पर लोगों से मिलना-जुलना हो जाता था।



### कर्नाटक में पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक

**मैसूर।** कर्नाटक में पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। मैसूर में पीएम मोदी जब रोड शो कर रहे थे, इसी दौरान ये चूक हुई। रोड शो के दौरान एक शख्स ने पीएम मोदी के ऊपर मोबाइल फेंक दिया।

2014 में दिल्ली आने के बाद मैंने पाया कि यहां का जीवन और काम का स्वरूप अलग है। सुरक्षा का तामझाम, समय की सीमा सबकुछ अलग है। शुरूआती दिनों में खाली-खाली सा महसूस करता था। 50 साल पहले घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि अपने ही देशवासियों से संपर्क नहीं हो पाएगा। 'मैं हमेशा ही कहता हूं कि हमें विदेश में टूर जाने से पहले अपने देश के टूरिज्म प्लेसों पर जाना चाहिए। ऐसे ही हमने स्वच्छ सियाचिन, सिंगल यूज प्लास्टिक और ई-वेस्ट पर भी बात की है। आज दुनिया जिस पर्यावरण को लेकर इतनी परेशान है, उसे लेकर मन की बात का प्रयास भी जारी है। भारत और यूनेस्को का इतिहास बहुत पुराना है। एजुकेशन पर यूनेस्को काम कर रहा है। 2030 तक हम हर जगह अच्छी शिक्षा पहुंचाना चाहते हैं। हम संस्कृति को भी बचाना चाहते हैं। आप भारत का इसमें रोल बताइए? 'मन की बात में हमने लोगों के प्रयासों को हाईलाइट किया। एक बार हमने ओडिशा में ठेले पर चाय बेचने वाले स्वर्गीय डी प्रकाश राव के बारे में बात की, जो गरीब बच्चों को पढ़ाते थे। झारखंड के संजय कश्यप, हेमलता जी का उदाहरण हमने दिया। कल्चरल प्रिजर्वेशन के प्रयासों को भी जगह दी। लक्षद्वीप का क्लब, कर्नाटक का कला चेतना मंच... देश के कोने-कोने से मुझे उदाहरण भेजे गए।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ तो सीएम योगी ने कर्नाटक में सुनी मोदी के मन की बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को उत्तर प्रदेश में गंभीरता से सुना गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत अन्य नेताओं और गणमान्य लोगों ने पीएम मोदी के विचारों को सुन कर उन्हे आत्मसात करने का संकल्प लिया। राज्यपाल ने राजभवन के में मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड को सुना। इस दौरान उन्होने अन्नपूर्णा हॉल में 'मन की बात' और 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया वहीं कर्नाटक में चुनाव प्रचार के सिलसिले में गये श्री योगी ने कोप्पल जिले की गंगावती विधानसभा में पीएम मोदी के मन की बात के प्रसारण को सुना। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाली होती है। देश और समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोने वाला यह मन की बात कार्यक्रम जिस विषय से जुड़ा, वह जन-आंदोलन बन गया। प्रधानमंत्री ने यूपी के गढ़मुक्तेश्वर के संतोष की चर्चा की, जो मैट बनाने का कार्य करते हैं। संतोष के प्रयासों को प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का प्रशंसनीय उदाहरण बताया।

# संवेदनशील केंद्रों पर पहुंच प्रेक्षक ने लिया सुरक्षा का जायजा

**जायजा**

**प्रेक्षक कृतिका शर्मा ने बारा तहसील मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखी**



संवेदनशील केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती प्रेक्षक कृतिका शर्मा

**बारा।** नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम फेज में शामिल प्रयागराज की प्रेक्षक कृतिका शर्मा ने रविवार को संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग सेंटर्स के कमरों में जाकर वहां की स्थिति का जायजा लेने के बाद बारा तहसील मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की हालत देखी। आब्जर्बर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

प्रयागराज की आब्जर्बर व अपर आयुक्त (कानपुर मंडल) कृतिका शर्मा ने रविवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के मतदान केंद्रों का दौरा किया। परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह, तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय, ईओ शंकरगढ़ संतोष कुमार वर्मा के साथ शंकरगढ़ पहुंची कृतिका शर्मा ने यहां बनाए गए सभी पोलिंग सेंटर का विजिट किया और सभी केंद्रों के प्रत्येक बूथ वाले कमरे में जाकर मौजूदा स्थिति व व्यवस्थाओं की हकीकत देखी। 12 वार्डों वाले नगर पंचायत शंकरगढ़ में चार मतदान केंद्र और 13 बूथ हैं, जिसमें अति संवेदनशील में राजा कमलाकर इंटर कालेज (तीन बूथ), संवेदनशील में राजकीय बालिका इंटर कालेज (पांच बूथ) और सामान्य में प्राइमरी स्कूल शंकरगढ़ (तीन बूथ) व पत्ती देवी इंटर कालेज (दो बूथ) का विजिट कर प्रेक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यहां के निरीक्षण के बाद प्रेक्षक का काफिला बारा तहसील मुख्यालय पहुंचा, जहां पर प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टियों की रवानी और मतदान के उपरांत मतदाता पेटी रखने केलिए बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर बंदूक से फायर, घायल

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हनुमानपुर मोरी धरवारा के पास रविवार शाम कृष्ण जी पांडेय उर्फ भोले(35) पुत्र हरी प्रसाद पांडेय निवासी भडेवरा थाना करछना, रविवार शाम अपने मोटरसाइकिल की चेन बनवाने अर्जुन पटेल की दुकान पर हनुमानपुर मोरी गए थे। तभी हनुमानपुर निवासी प्रमोद दुबे बंदूक लेकर आए, और उनके ऊपर गोली चला दी।कृष्ण जी पांडेय ने बचने के लिए बंदूक की नली को पकड़ लिया गोली उनके हाथ में लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। वही गोली मारकर प्रमोद दुबे फरार हो गया। मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों में पूर्व से जमीन के एक भूखंड को लेकर विवाद पहले से चला आ रहा है का कारण बताया जा रहा है, मामले में करछना थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह हमलावर की तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन हमलावर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका।

# चंद्रसेन पाल ने नरेश मौर्य की जीत के लिए मतदाताओं से मांगे वोट




मतदाताओं से वोट मांगते चन्द्रसेन पाल व समर्थक

**प्रयागराज।** प्रयागराज में वर्तमान समय में मेयर चुनाव का प्रचार प्रसार से बढ़ता जा रहा है। सभी पार्टियों के कार्यकर्ता अपने अपने पार्टी प्रत्याशियों को को जीत दिलाने हेतु कमर कस ली है 'इसी क्रम में रविवार को जन अधिकार पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन पाल ने नैनी, फाफामऊ, बेनीगंज समेत कई मोहल्लों में डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं को अपने प्रत्याशी नरेंद्र मौर्य उर्फ बिट्ठल को जीत दिलाने हेतु वोट मांगे' वही बबलू कुशवाहा मंडल अध्यक्ष एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पंकज मन विश्वकर्मा ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में मेयर प्रत्याशी के विजय हेतु जन अधिकार पार्टी के रीति और नीति को बताते हुए मतदाताओं से वोट मांगे वही प्रदेश महिला संगठन सचिव सुनीता कुशवाहा ने भी घरों में पहुंच पहुंच कर महिलाओं को जन अधिकार पार्टी के उद्देश्य को बताते हुए पार्षद प्रत्याशी रेणू कुशवाहा और मेयर प्रत्याशी नरेश मौर्य को जीत दिलाने की भरपूर जन समर्थन मिलने की बात कहीं। प्रत्याशी नरेश मौर्य ने बताया कि वर्तमान समय में मतदाताओं को नया विकल्प का जरूरत है। जन अधिकार पार्टी को मतदाता अपना समर्थन देते हुए कह रहे हैं कि हम सब के लिए जन अधिकार पार्टी नया विकल्प मिल गया है।


## संक्षेप

### बारह कहानीकारों को मिला कथा साहित्य विभूषण सम्मान 2023



**करछना।** उत्तर भारत की सुपरिचित साहित्यिक संस्था तारिका विचार मंच, प्रयाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले कथा साहित्य विभूषण सम्मान 2023 कुल बारह कहानीकारों को प्रदान किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए तारिका विचार मंच प्रयाग के संयोजक डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि इस सम्मान के लिए प्रविष्टियां सादर आमंत्रित की गईं थी जिसमें तुलसी देवी तिवारी (बिलासपुर छत्तीसगढ़) के कहानी संग्रह आखिर कब तक, सतीश बब्बा ( चित्रकूट उ प्र) के कहानी संग्रह सुदामा कलयुग का, कुशलेंद्र श्रीवास्तव (नरसिंहपुर मध्य प्रदेश) के कहानी संग्रह कोरोना निगेटिव नरसिंहपुर के ही राकेश माहेश्वरी काल्पनिक के कहानी संग्रह मुस्कान की करवटें, डॉक्टर शील कौशिक ( सिरसा हरियाणा) के कहानी संग्रह एक फैसला मेरे हाथ, सविता मिश्रा अक्षजा (आगरा उत्तर प्रदेश ) के कहानी संग्रह सुधियों के अनुबंध नीरजा हेमेन्द्र (लखनऊ उ प्र) के कहानी संग्रह मुट्ठी भर इच्छाएं, आभा सिंह (जयपुर राजस्थान) के कहानी संग्रह आर पार के सच, अंजना वर्मा (वेंगलुरु कर्नाटक) के कहानी संग्रह दबी हुई फाइल, रेणु चन्द्रा माथुर (जयपुर राजस्थान) के कहानी संग्रह शीशे की दीवार पर सहित कुल बारह कहानीकारों को सादर प्रदान किया गया। उपरोक्त सभी को सम्मान पत्र एक साहित्यिक पत्रिका के उपहार सहित रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा भेज दिया गया है। डॉ उपाध्याय ने बताया कि अगला सम्मान आगामी 31 जुलाई 2023 को मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर दिया जाएगा, जिसके लिए प्रविष्टियां 30 जून 2023 तक सादर आमंत्रित की गई हैं।

### भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 विश्वनाथ प्रताप सिंह की चेन्नई में लगेगी प्रतिमा



**कोरांव।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन ने विधानसभा तमिलनाडु में देश के आठवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की विशालकाय मूर्ति चेन्नई में लगाने का निर्णय लिया है। श्री एमके स्टालिन मुख्यमंत्री तमिलनाडु के इस निर्णय को विधानसभा के समस्त सदस्यों जिसमें सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने सही निर्णय बताया एवं खुशी जाहिर की है। एम के स्टालिन ने विधानसभा में बताया कि स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे और हमेशा देश के पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया, उन्हें सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए तमिलनाडु सरकार ने उनकी मूर्ति लगाने की घोषणा की है। विदित हो कि स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह ने गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव की स्थापना की थी। तमिलनाडु सरकार के इस निर्णय से गोपाल विद्यालय एवं पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।वही स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह के जन्म स्थान मांडा प्रयागराज में भी खुशी का माहौल है। स्व वी पी सिंह के पुत्र एवं विद्यालय के प्रबन्धक राजा अजेय सिंह, प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई, प्रधानाचार्य डा साबिर अली एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के प्रति आभार प्रकट किया है।

### शुआट्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के सेवानिवृत होने पर दी गई भव्य विदाई




**नैनी।** शुआट्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अनूप कुमार मसीह, विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों पर सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। श्री मसीह को उनकी सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई दी गई। मीडिया प्रभारी डॉ. रमाकांत दुबे ने बताया कि श्री अनूप ने 2004 में विश्वविद्यालय में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारी, सीवीसीओ, उप कुलसचिव आदि का दायित्व निभाया । विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले उन्होंने भारतीय नौसेना, बल्लारपुर इंडस्ट्रीज लिमिटेड और त्रिवेणी ग्लास लिमिटेड में सेवा की है। अपने कार्यकाल के दौरान, श्री मसीह ने शुआट्स की सुरक्षा और प्रशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके समर्पण और नेतृत्व को विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा बहुत याद किया जाएगा। उनके सुखद और संतोषजनक सेवानिवृत्ति की कामना की गई। विदाई समारोह के दौरान कार्यवाहक कुलसचिव, निदेशक प्रशासन, जनसंपर्क अधिकारी, ओएसडी, चीफ प्रॉक्टर, चीफ वार्डन (मेन्स हॉस्टल), अतिरिक्त मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### बीएसए के जवानों ने की चहलकदमी, भयमुक्त होकर मतदान की अपील



**बारा/शंकरगढ़।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए जनपद में बीएसएफ की तैनाती की गई है। बीएसएफ की एक टुकड़ी ने रविवार को स्थानीय पुलिस के साथ नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिन्न मोहल्लों में फ्लैग मार्च किया। साथ में मौजूद रहे एसओ मनोज कुमार सिंह व बीएसएफ के सूबेदार ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर भयमुक्त होकर मतदान की अपील की। निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए शंकरगढ़ पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। रविवार एसीपी बारा और थाना प्रभारी शंकरगढ़ ने संयुक्त रूप से बीएसएफ के साथ फ्लैग मार्च किया। शंकरगढ़, मध्य प्रदेश सीमा से लगा हुआ कस्बा है। इस नगर में मध्य प्रदेश में आने जाने के लिए दर्जनों रास्ते हैं। उस रास्ते से किसी प्रकार की कोई गतिविधि न होने पाए, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। उन रास्तों को चिन्हित कर वहां पर पुलिस की सघन चेकिंग कर रही है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने चारों तरफ से नगर को सुरक्षित कर लिया है और जगह-जगह पर चेकिंग की जा रही है। एसीपी बारा संतलाल सरोज ने सभी कस्बावासियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने और भयमुक्त वातावरण में मतदान की अपील की है।

# भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कोरांव में कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

**मन की बात**

**मोदी जी के मन की बात के विषय वस्तुओं ने देश के पुरुषार्थ को जगाया है और युवाओं को किया है प्रेरित**



कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते योगेश शुक्ल

**कोरांव।** रविवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री एवं हम करोड़ों कार्यकर्ताओं के नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के मन की बात 100वे एपिसोड को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सदस्य राष्ट्रीय युवा आयोग भारत सरकार योगेश शुक्ल ने कोराव नगर पंचायत में कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर सुनी बातइस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहाकि मोदी जी ने अपने मन की बात के माध्यम से शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रोजगार सृजन, तकनीकी - विकास, कला, परम्परा, स्वच्छता के क्षेत्र में सामान्यजन के अनूठे प्रयासों को बहुत ही रोचक तरीके से देश और दुनिया के सामने रखा है।

मोदी जी के मन की बात के विषय वस्तुओं ने देश के पुरुषार्थ को जगाया है और युवाओं को प्रेरित किया है।

श्री शुक्ल ने युवाओं से कहा कि यदि आपको लगता है कि आप अपने जीवन में कुछ विशेष करना चाहते हैं और किसी समाजोपयोगी अनूठे मार्ग पर चलना चाहते हैं तो मोदी जी के मन की बात के सौ एपीसोड का संदर्भ लें। इस अवसर पर विजय शंकर शुक्ल, मुकेश कोल, संजय पटेल, गोविंद मिश्रा, रामराज पटेल, राम नवल पटेल, राम अवध कुशवाहा, पारस प्रजापति, राजेश मिश्र, राजेंद्र सोहगौरा, बाबा पांडेय, हरि मोहन पांडेय, हरी कांत, भोले सिंह, शशि द्विवेदी, नरेंद्र पटेल, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बारिश की फुहार व शीतलहरी से मौसम हुआ खुशनुमा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बारिश की फुहार से शीतलहरी की बयार चल पड़ी है। जिससे शहर का मिजाज शाम को खुशनुमा दिखाई दिया। रविवार सुबह से ही आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल दिया था। दिन भर हल्की-हल्की हवाएं चलती रहीं। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं शाम होते-होते लगभग 5:00 बजे आसमान को काले बादलों ने घेर लिया। रिमझिम फुहार पड़ने लगी। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी बूंदें गिरने लगीं। जिससे मौसम बिल्कुल ठंडा हो गया। वहीं सिविल लाइंस के बाहर सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार दिखी। बारिश होने की वजह से लोगों के लिए रविवार का दिन खास बन गया। लोग अपने परिवार के साथ ठंडे मौसम का लुफ्त उठाते दिखे। वहीं बाइक सवार सड़कों पर धीमी रफ्तार से बारिश में भीगते हुए मौसम का आनंद उठाते नजर आए। मौसम विभाग की माने तो 1 से 2 दिन तक मौसम ऐसे ही बना रहेगा। पिछले 2, 3 दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही लगी थी। मौसम विभाग ने भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सहित कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई थी। वहीं रविवार शाम को मौसम विभाग की बात सच साबित होती दिखाई दी। 3 घंटे से लगातार प्रयागराज में रिमझिम बारिश हो रही है।

# मोदी की प्रेरणा दिनरात परिश्रम कर कमल खिलाने की शक्ति देती है : विभवनाथ भारती



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते भाजपाई

**यमुनापार के भाजपाईयो ने 418 जगहो पर सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात**

**नैनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को रविवार को यमुनापार के भाजपाईयो ने 418 नगरनिगम,नगर पंचायत के बार्डो सहित बूथो पर देखा और सुना।जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने लवायन कला के वार्ड 33 में मन की बात को देखा और कार्यकर्ताओ से कहा की मोदी की प्रेरणा हम सब को दिनरात अथक परिश्रम कर कमल खिलाने शक्ति देती है। मन की बात के जिला संयोजक जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यमुनापार मे 418 जगहो पर कार्यकर्ताओ ने आमजनो के साथ मन की बात को सुनी।

कार्यक्रम मे वरिष्ठ भाजपा नेता विभूति नारायण सिंह,ज्ञान सिंह पटेल,नागेश्वर निषाद, संदीप पांडेय, प्रवीण मिश्रा आदि रहे।

# मऊआइमा में एमएलसी निर्मला पासवान ने किया नुक्कड़ सभा



नुक्कड़ सभा में में उमड़ी भीड़

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला शाहगंज में एम एल सी निर्मला पासवान ने भाजपा से मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मो आलम के समर्थन में उपस्थित हो कर नुक्कड़ सभा का आयोजनकर मोहल्ला वासियो से नगर पंचायत मऊआइमा में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने का आवाहन किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला, निमिष खत्री, विजय सिंह आदेश पांडे, धर्मेंद्र पासी, अभिषेक यादव, बिलाल अहमद, आरिफ, सलमानी, अंसार अहमद, राहुल सिंह, बच्चू पासी, बालगोविंद पासी, मिठाई लाल आदि मौजूद रहे।

# फूलपुर का चहुंमुखी विकास करना मुख्य उद्देश्य : अमरनाथ यादव

**वार्ता**

**नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी अमरनाथ यादव ने स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों से की वार्ता**

**फूलपुर को नगर पालिका परिषद बनवाने की कही बात**



फूलपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अमरनाथ यादव अपने समर्थकों के साथ

**फूलपुर।** केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार समुचित विकास कर रही है। अब जरूरत है तो ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ फूलपुर का चहुंमुखी विकास करना। उक्त बातें रविवार को फूलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी व काशी क्षेत्र के वरिष्ठ नेता अमरनाथ यादव ने स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार मिला तो फूलपुर में लंबित विकास परियोजनाओं को अतिशीघ्र अमली जामा पहनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया की फूलपुर को नगर पालिका परिषद बनाने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा गया है। फूलपुर में विकास को गति देने की बात कहते कहा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद फूलपुर में 24 घंटे बिजली,बेहतर सड़को के साथ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और समुचित जलनिकासी के लिए नाले और नालियों ब्यापक रूप से निर्माण कराया जायेगा। केंद्र व प्रदेश के साथ नगर में सत्ता की सरकार बनेगी है तो चहुंमुखी विकास बिना किसी भेदभाव के किया जायेगा। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा की नगर में पिछले वर्ष विपक्ष की चेयरमैन बनने के कारण फूलपुर का बिल्कुल भी विकास नही हुआ जिसका खामियाजा फूलपुर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। फूलपुर में हुए महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सहयोग से फूलपुर में कन्या महाविद्यालय के साथ ही जाम से छुटकारे के लिए जो ओवर ब्रिज बना है उससे फूलपुर का जाम समाप्त सा हो गया है । अभी फूलपुर के विकास में जो कार्य अधूरा रह गया है उसे मौका मिलने के बाद जल्द से जल्द पूरा कराया जायेगा। इसके पूर्व सभी 15 वार्डों में प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को देखने के लिए लोगो ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह, चुनाव संयोजक सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, जिला मंत्री कमलेश मिश्र,दिलीप यादव, श्यामबाबू गुप्ता, रामबाबू केसरी, लक्ष्मीकांत मिश्र उर्फ काका, शिवम मिश्रा, राकेश पाठक, रोहित केसरी, अनिल मौर्य, निसार अहमद, सुरेंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्व जातीय कन्या सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**नैनी।** त्रिवेणी संगम सेवा समिति, महेवा, प्रयागराज एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं सहित विशिष्टजनों के सहयोग से द्वादश कन्याओं का सामूहिक विवाह अत्यंत ही भव्यता एवं दिव्यता के साथ महेवा स्थित अतिथि गृह में संपन्न कराया गया ! कार्यक्रम की शुभारंभ द्वारचार से हुई, जिसमें मंच संचालक प्रदेश सचिव दिनेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद दुबे ने सभी 12 जोड़ियों का जयमाल करवाकर तत्पश्चात मंत्रोच्चार के साथ फेरे दिलवाकर विवाह सम्पन्न करवाया।

वैवाहिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक पियूष रंजन निषाद ने बताया कि आज समाज में ऐसे सामूहिक आयोजनों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह उनके लिए वरदान सिद्ध होगा ! विशिष्ट अतिथि किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर कल्याणीनंद गिरि 'टीना माँ', वरिष्ठ समाज सेवी डा०बी०के० कश्यप, सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी संतोष कुमार तिवारी ने मंच संचालन करते हुए बताया कि, समाज में निर्धन व अक्षम परिवारों के बेटियों के सामूहिक विवाह के लिए हम सभी संकल्पित है और ऐसे आयोजन के माध्यम से अगले वर्षों में और अधिक बेटियों को सामूहिक विवाह के लिए आमंत्रित करेंगे, संस्था के सचिव एवं माँ गंगा की स्वच्छता हेतु संकल्पित कुंवर जी तिवारी ने बेटियों के विवाह के लिए और अधिक सहयोग करने का संकल्प लिया, मुख्य सहयोगी संस्था - सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा आए बरातियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध एवं जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक अवधेश निषाद, विजय रावत, बबिता जायसवाल, कामिनी गुप्ता, महेश प्रसाद केसरवानी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## अतीक के बेटे अली से जेल में मिलाई पर लगा प्रतिबंध, बढ़ाई गई निगरानी

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद से मिलाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही उसकी गतिविधियों पर निगरानी भी बढ़ा दी गई है। अली के नाम से इंटरनेट मीडिया पर पर्चा प्रसारित होने के बाद जेल प्रशासन ने इस पर कदम उठाया है। बीते वर्ष पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में अली ने सरेंडर किया था, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया। तब से वह जेल में निरुद्ध है। 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड के बाद से उसकी निगरानी बढ़ा दी गई थी। उसे हाई सिक्योरिटी सेल में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है। तीन दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर अली के नाम से एक पर्चा प्रसारित किया गया था, जिसमें निकाय चुनाव में सपा, भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की गई थी।। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी व पूर्व मुंख्यमंत्री अखिलेश यादव को अतीक, अशरफ, असद की हत्या का जिम्मेदार ठहराया गया था। इस पर्चे के बारे में पता चलने के बाद जेल प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

# अपना काला धन छिपाने के लिए अब फिर दूसरी बार भाजपा का दामन थामा कथित स्वार्थी धन्ना सेठ?

**सियासत**


**चर्चा बना हुआ है कि यह तो नाकाम सियासत का साथी बनकर धरती पकड़ का बाप निकला?**

**मऊआइमा।** बार-बार दल बदल कर निजि स्वार्थ सिद्ध करने के लिए एंव अपने काले धन को काले सफेद करने वाला एक धरती पकड़ भी फिर भाजपा का दामन थाम कर प्रचार में जुट जाने से मतदाताओं में नाकाम सियासत का धरती पकड़ का साथी कहते हुए चार्चाओं का विषय बना दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव में ऐसे ऐसे दल बदलू कथित धन्ना सेठ भी कूद गए हैं और अध्यक्षता भी कर रहे हैं जो प्रथम बार निकाय चुनाव में सपा के साथ फिर दूसरी बार बसपा के साथ,जब प्रत्याशी चुनाव हार गया तो भाजपा का दामन थाम लिए। फिर भाजपा छोड़ कर तीसरी बार स्वयं अपने भाई को बसपा का उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ाया चुनाव हारने के बाद अब फिर भाजपा के मंच पर असीन होकर नकली भाजपाई बन गया है। हम तो सनम डूबे तुम्हें भी ले डूबेंगे? नाकाम सियासत रहे हैं तुम्हारे भी नाकाम सियासत की धरती पकड की संज्ञा दे रहे हैं। जिसे देख कर मतदाताओं में नाना प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ तो धरती पकड़ कुछ काले धन को सफेद करने आदि की चर्चा करते हुए सुने जा सकते हैं। धरती पकड़ एंव नाकाम सियासत हर कोई कहने लगे हैं साथ-साथ हम तो डूबे हैं सनम तुम्हें भी ले डूबेंगें? भी चाय पान की दुकानों पर हो रही है?



# प्रयागराज



## भयाहू से जेठ करता था रेप, भाई का साथ दे रहा था पति, गिरफ्तार

**अपराध**

**दो महीने पहले हुई थी युवती की शादी, तीन दिन पहले दोनो पर दर्ज कराया था केस**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के शिवपुरी थाने की पुलिस ने रविवार को दो सगे भाइयों को दहेज उत्पीड़न, रेप, गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसी संगीन धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मुकदमा छोटे भाई की बीवी ने अपने पति और जेठ के खिलाफ दर्ज कराया था। दोनों पहले से ही शातिर अपराधी हैं और दोनों के खिलाफ शिवकुटी थाने में ही कई मुकदमे दर्ज हैं।

प्रयागराज नगर के शिवकुटी थाना अंतर्गत चिल्ला घाट गोविंदपुर निवासी शक्तिमान और उसके बड़े भाई लल्ला पुत्र लव कुश को थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ गोविंदपुर मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। दोनों पर शक्तिमान की पत्नी ने पिछले दिनों गाली गलौज मारपीट रेप और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया कि शक्तिमान के साथ उसकी शादी 2 महीने पहले फरवरी में हुई थी। शादी के बाद से ही शक्तिमान उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। उसने आरोप लगाया है कि उसके जेठ लल्ला ने उसके साथ दुराचार किया और जब उसने इसकी शिकायत अपने पति से की तो पति उसकी मदद करने के बजाय अपने भाई के पक्ष में खड़ा हो गया। दोनों भाई मिलकर उसके साथ दुष्कर्म करते है और मारपीट करते है।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते है।पीड़िता की शिकायत पर शिवकुटी पुलिस ने दोनों भाइयों शक्तिमान और लल्ला के खिलाफ धारा 498 ए, 323, 504, 506, 313, 376, 511 आईपीसी और 3/4 डीपी एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज की। तभी से उनकी



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

तलाश की जा रही थी 30 अप्रैल को पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक शक्तिमान के खिलाफ जनवरी महीने में भी एक रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। उस पर अब तक तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। जबकि उसके बड़े भाई लल्ला के खिलाफ दुराचार के दो मामले समेत कुल 8 मुकदमा पंजीकृत हैं।दोनों शातिर अपराधी है।उन्हें गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई चंद्रभानु, एसआई विवेक गुप्ता, महिला हेड कांस्टेबल वंदना सिंह और कांस्टेबल सूरज पाल शामिल थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत दो घायल

**सोरांव।** गाजी मियां की दरगाह के दर्शन करके बाइक पर सवार होकर वापस आ रहे थे। कि सोरांव के डीहा गांव के निकट ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक महिला की मौत हो गई। तथा दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बनकट गांव निवासी दीपक अपने मामा के घर सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ निवासी राजेंद्र कुमार के यहां आया था। रविवार को अपनी नानी संपत्ति देवी व पड़ोसी देवगलही को लेकर सिकंदरा स्थित गाजी मिया की दरगाह पर दर्शन करने गया था। दर्शन कर के वापस मामा के घर जा रहा था कि हंडिया कोखराज हाइवे पर सोरांव के डीहा गांव के सामने ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार देवगलही (60) की मौके पर मौत हो गई तथा दीपक व




उसकी नानी संपति देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही घटना मामले को लेकर मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक का पति संतलाल फेरी लगाकर जीवन यापन करता है।

## रंजिशन घर में घुस कर दुराचार की कोशिश करने वालों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला के रिश्तेदार लडका पडोसी लडकी को भगा कर शादी करने पर महिला के घर में घुस कर मारे पीटे कपड़ा फाड कर पीछे से दुराचार की कोशिश किया गया तथा सोने की चैन छीन कर हत्या की धमकी दी गई। कहीं सुनवाई न होने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसका पति गुजरात के बडोरा में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है।घर पर वह और ससुर रहते हैं। महिला का आरोप है कि 23 फरवरी 2023 को पडोस की बालिग लडकी उसके रिश्तेदार के लडके से गुजरात जाकर शादी कर लिए। लडकी के परिजन थाने में गुमशुदगी दर्ज काए हैं। महिला का आरोप है कि इसी से खुन्नस खाए पडोसी4मार्च को एक राय होकर उसके घर में घुस कर गालियां देते हुए उसको झचका कर बाल नोंच कर मारे पीटे और सोने की चैन छिन लिए। आरोप है कि पीछे से एक युवक उसका कपड़ा फाड कर स्तन दबाकर दुराचार की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कहीं सुनवाई न होने पर महिला न्यायालय में फरियाद लगाई। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने सरायजोधराय निवासी अशोक उर्फ पप्पू, गीता देवी, सन्नों देवी, अनीता देवी, निर्मला देवी, मानसी, बेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## डीआईजी होमगार्ड्स नें की निकाय चुनाव हेतु प्रयागराज मण्डल की समीक्षा बैठक

**प्रयागराज।** नगर निकाय निर्वाचन चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु होमगार्ड विभाग के प्रयागराज मण्डल के चारों जनपदों प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ के जिला कमांडेंट होमगार्डस समस्त वैतनिक कर्मचारी व समस्त अवैतनिक अधिकारियों की बैठक डीआईजी होमगार्डस संतोष कुमार सुचारी की अध्यक्षता में रविवार को सर्किट हाउस में संपन्न हुई बैठक में विस्तृत रूप से निर्वाचन के सम्बन्ध में कर्मचारियों को सम्बोधित किया वह निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी व होमगार्डस पूर्ण अनुशासन व निर्धारित वर्दी में रहें। निर्वाचन ड्यूटी में डंडा व परिचय-पत्र साथ में अवश्य रहे। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होमगार्डस के ठहरने हेतु उच्चकोटि की व्यवस्था की



जाए। जहां बिजली, पानी, शौचालय पंखे,चार्जिंग प्वाइंट आदि उपलब्ध हो, और बाहरी जनपदों का निर्वाचन कराने हेतु होमगार्डस परिवहन विभाग की बसों से कानवाय के रूप में जाए, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गाड़ियों को ना रोका जाए, सभी लोग गंतव्य पर उपस्थित रहकर अनुशासन के साथ ड्यूटी करें, ड्यूटी के दौरान बाद में या पहले शराब य मादक द्रव्यों का उपयोग कदापि न किया जाए, डीआईजी श्री सुचारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि कोई भी होमगार्ड्स किसी भी राजनीतिक दल के बारे में कौन हार रहा है कौन जीत रहा है कि बात बिल्कुल न करें, और किसी भी प्रत्याशी द्वारा दी गई खाने- पीने की चीजों का प्रयोग न करें, ऐसी किसी भी शिकायत पर जांचोपरान्त उस कर्मचारी पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। चुनाव सम्बन्धित बैठक में मण्डलीय कमांडेंट होमगार्डस प्रयागराज मण्डल डी0डी0मौर्य, जिला कमांडेंट प्रयागराज अमित कुमार पाण्डेय, जिला कमांडेंट कौशाम्बी विनोद कुमार द्विवेदी, जिला कमांडेंट फतेहपुर अर्जुन प्रसाद, जिला कमांडेंट प्रतापगढ़ धीरेंद्र पाण्डेय, एवं उपेंद्र नाथ ओझा,सुनील कुमार निरीक्षक, विश्वनाथ राम निरीक्षक, अखिलेश कुमार सिंह पीसी, अजय कुमार सोनकर पीसी, विनीता सिंह बीओ, नीतू राव बीओ,अनिता देवी बीओ, त्रियुगी नारायण शुक्ला कम्पनी कमांडर, संजीव कुमार सिंह कम्पनी कमांडर, राकेश कुमार कम्पनी कमांडर आदि उपस्थित रहे।

## अनुरागिनी सिंह बनीं उ0प्र0 महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष

**महिला शिक्षिकाओं के अधिकार के लिए हर वक्त खड़ी रहूंगी : अनुरागिनी सिंह**

**कार्यों को देखते ही प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपी जिम्मेदारी**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने अनुरागनी सिंह के कार्यों को देखते हुए उनको प्रयागराज का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। अनुरागिनी सिंह को यह जिम्मेदारी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान सौंपी हैं। दरअसल महिला शिक्षक संघ की ओर से एक बैठक आयोजित की गई उसमें साल भर के कार्यों का लेखा-जोखा लिया गया जिसमें अनुरागनी सिंह का कार्य अति सराहनीय रहा। चाहे वह शिक्षिकाओं का कोई भी कार्यक्रम हो तथा शासन की ओर से निर्धारित कार्यक्रमों में अनुराग अनीश सिंह ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । गांव-गांव घूम घूम कर संगठनों के साथ शिक्षा के अलख जगाते हुए बच्चों के अंदर पढ़ने की प्रेरणा दी। इन सभी कार्यों को देखते हुए सर्वसम्मति से पूर्व प्रदेश सचेतक एवं जिला महामंत्री को उनके संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यों के आधार पर प्रभारी जिला अध्यक्ष का पद ग्रहण कराया। अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण करते ही अनुरागनी सिंह को शिक्षिकाओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। तथा शुभकामनाएं देने लगी। इस अवसर परप्र प्रदेश कार्यकारिणी से डॉ. मिनी ओहरी प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश सचेतक अलका गौतम मंडल अध्यक्षा अपर्णा बाजपेई तथा जिला कार्यकारिणी से वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता सिंह, संगठन मंत्री कविता त्रिपाठी उपाध्यक्ष पूनम वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष प्रतापपुर साधना जैन, ब्लॉक बहादुरपुर महामंत्री अनुपमा, ब्लॉक अध्यक्ष धनुपुर वर्षा श्रीवास्तव उपस्थित रहे। हालांकि अनुरागिनी सिंह को देर रात बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



अनुरागिनी सिंह का माला पहनाकर स्वागत करतीं शिक्षिकाएं

### वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित

**प्रयागराज।** रविवार को ए०एम०ए० सभागार में एक वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ ।जिसकी अध्यक्षता ए०एम०ए० उपाध्यक्ष डॉक्ट मनोज माथुर ने की। डॉ. हर्षित बंसल, इंटरनॅशनल रेडियोलॉजिस्ट, जीवन ज्योति अस्पताल, प्रयागराज ने अपना व्याख्यान वर्तमान युग में इंटरनॅशनल रेडियोलॉजी के बारे में दिया। उन्होनें बताया कि इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तकनीक में हम शरीर के अंग या निर्दिष्ट स्थान तक पहुँचने के लिए कैथेटर के माध्यम से एक धमनी या नस में प्रवेश करते हैं। जिसके लाभ हैं कि न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया, कम दर्द और तेजी से रिकवरी। डॉ साक्षी राजोरिया बंसल, बाल रोग विशेषज्ञ जीवन ज्योति अस्पताल, प्रयागराज ने बताया कि क्लीनिकल प्रैक्टिस में जेनेटिक्स में विभिन्न आनुवंशिक दोषों के साथ पैदा हुए बच्चों का अब बहु–विषयक द्द ष्टिकोण के माध्यम से नैदानिक आनुवंशिकीविदों द्वारा निदान और उपचार किया जा सकता है। ए०एम०ए० उपाध्यक्ष डॉ० मनोज माथुर ने वक्ता को स्मृति चिन्ह एवं चेयरपर्सन डॉ० ललिता शुक्ला, डॉ० संजीव अग्रवाल, डॉ० सुरेन्द्र गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़



निर्दल सभासद प्रत्याशी सरिता देवी के जुलूस में उमड़ी समर्थकों की भारी भीड़

**नैनी।** वार्ड संख्या 47 अरैल की निर्दलीय सभासद प्रत्याशी सरिता देवी पत्नी प्रदीप महरा के समर्थन में रविवार को जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस निषाद बस्ती से निकलकर मुरादपुर, कर्बला, शिवनगर, नंदन तालाब, गंगापुरम होते हुए मुखिया नगर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान भारी बारिश के बावजूद जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। प्रत्याशी पति प्रदीप महरा ने जुलूस में शामिल लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान आयोजित सभा में उन्होंने सरिता देवी को जिताने की अपील करते हुए क्षेत्र का चौमुखी विकास करने का वादा किया।

## 100वें ऐतिहासिक एपिसोड 'मन की बात' का लाइव प्रसारण सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सुना

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' आज रविवार, 30 अप्रैल को अपने 100 एपिसोड पूरे किया है। इस ऐतिहासिक एपिसोड को यादगार बनाने के लिए देश में जगह-जगह इसकी लाइव स्क्रीनिंग भी की गयी। इसी मौके पर एनजीओ प्रकोष्ठ ने गंगा घाट किनारे स्थित देवनारायण पब्लिक स्कूल में मन की बात के 100 वे एपिसोड को सुना। जिसमे पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे मन की बात कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि आज हम सबके लिए बहुत ऐतिहासिक दिन है कि हम सब ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुन रहे हैं जिन्होंने देश ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में भारत का नाम वह यश कीर्ति बढ़ाई है आज के इस एपिसोड को यूनेस्को ने भी लाइव प्रसारण करके मन की बात को विश्व स्तरीय कार्यक्रम बनाने का काम किया है मैं ऐसे अपने प्रधानमंत्री को अपना साधुवाद और हृदय से धन्यवाद देता हूं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को पुनरुत्थान के दिशा में अभूतपूर्व प्रयास कर रहे हैं कार्यक्रम में उपस्थित रहे एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रांत सह संयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि मन की बात के इस ऐतिहासिक सौ वे एपिसोड को पूरे काशी प्रांत में 100 एनजीओ की सहायता से 100 स्थानों पर इसी प्रकार एलसीडी लगाकर उसका प्रसारण एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता करवा रहे हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नागेंद्र द्विवेदी वरुण गिरी पार्थ श्रीवास्तव आरती अग्रवाल प्रीति तिवारी अशोक सिंह संगीता श्रीवास्तव संजना कुमारी सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी योगेश मिश्रा आदि एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित मा0 मंत्री व अन्य

## खुदा से कुछ तलब करना हो तो पहले दो रकाअत नमाज अदा करो : मौलाना

**प्रयागराज।** रानीमंडी स्थित इमामबाड़ा मिर्जा नक ी बेग में सैय्यद अब्बास मेहदी रिजवी की मजलिस से तरहीम को खेताब करते हुए ईरान से प्रयागराज आए मौलाना जीशान हैदर ने कहा की जो अल्लाह और अहलेबैत का दरवाजा छोड़ देता है वह दर दर भटकता है।खुदा से अगर कुछ तलब करना हो तो दो रकाअत नमाज अदा करो।मजलिस से पहले रजा इस्माईल सफवी व साथियों ने गमगीन मर्सिया से मजलिस का आगाज किया।वहीं मजलिस ए चेहलुम की मजलिस को खिताब करते हुए अनवारुल उलूम के उप प्रधानाचार्य व शिया धर्म गुरु मौलाना सैय्यद रजी हैदर ने मजलिस में हजरत अब्बास और इमाम मेहदी से जुड़े मरहूम के नाम पर तकरीर करते हुए फौजे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास व आखरी इमाम मेहदी आखिरुज्जमा की फजीलत बयान की।कहा दुनिया व आखिरत को संवारने हो तो पैगम्बर मोहम्मद के वसीले और अल्लाह की रस्सी थाम लो जो सीधे खुदा तक लेकर जायगी।कहा अली के एक सजदे ने मुसलमानों के ईमान और इस्लाम को बचा लिया।मजलिस में बहलोले हिन्द आफ्ताबे निजामत शायरे अहलेबैत नजीब इलाहाबादी ने नियामत की तो जैगम अब्बास व अन्य ने मर्सियाख्वानी की। अन्जुमन मजलूमिया रानीमंडी के नौहाख्वान राजन अब्बास ने नौहा पढ़ा। अन्जुमन के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार औरतो की मजलिस बशारत मंज़िल में हुई जिसे मोहतरमा अतिया बाकर ने खिताब किया। मोहतरमा शकीला ने मर्सिया व नौहा पढ़ा।



कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना

## संक्षेप

### घर मे लगी आग, घर सहित गृहस्थी का सारा सामान लाखों का जलकर राख

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के एक गांव में उस समय अफरा तफरी मच गई जब घर से आग की लपटें दिखाई पड़ने लगी,बगल के लोग बाहर भाग कर जान बचाते हुए आग बुझाने का गुहार लगाए,गांव के लोग अचानक चीख पुकार आग की लपटे देखकर भयभीत हो गए,आग इतना भयंकर लगी थी उस पर ग्रामीणों को काबू करना मुश्किल हो गया था,घर सहित रसोई का सारा सामान जलकर राख हो गया लेकिन जान माल की छति नही होने पाई किसी तरह घण्टो मसक्कत करने पर आग बुझ पाई। घटना क्षेत्र के बेलामुण्डी गांव की है शनिवार की रात लगभग नौ बजे राजकुमार पाल के कच्चा मकान में अचानक आग लग गयी।आग चंद समय में भयंकर रूप ले लिया ग्रामीणों ने काफी मसक्कत के बाद आग बुझाने पर काबू पाया तब तक राजकुमार पाल की गृहस्थी मकान सहित राशन,बर्तन,कपड़ा,चारपाई सहित जलकर राख हो गई। गनीमत ए रही कि बिजली सप्लाई चालू थी ग्रामीणों ने किसी ने अपना बोर चलाया तो किसी ने घरेलू समरसेबुल जिससे बगल दशरथ पाल, नान बाबू पालके मकान पहुँच चुकी थी इनका भी हजारों का आग के जलने पर नुकसान पल भर में हो गया। आग लगी कैसे स्पस्ट नही हो सका ग्रामीणों में चर्चा रही मुस्कान पाल 16 वर्ष खाना बनाकर चूल्हे की राख तसला में भरकर रख दी थी कही ऐसा तो नही उसी से चिंगारी निकलकर खपरैल घर मे लग गयी हो। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को ग्रामीणों ने दी उनके निकलने से पहले आग को ग्रामीणों की मदद से काबू कर लिया था।आग गांव के बीच लगी थी अगर ग्रामीण युद्ध स्तर पर न मेहनत करते तो पूरा गांव जलकर राख जरूर हो जाता।



### सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा में सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

**बारा/शंकरगढ़ ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अमरनाथ मौर्य ने कहा, निकाय चुनाव में नगर पंचायत शंकरगढ़ में इतिहास बनने जा रहा है। यहां पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के आसपास कोई प्रत्याशी नहीं दिख रहा है। सभी लोग एक होकर पार्टी प्रत्याशी कंचन चौधरी को भारी बहुमत से जिताएं। अमरनाथ मौर्य ने कहा, सपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सभी का विकास करने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखती है। नगर पंचायत शंकरगढ़ की सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा में पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं में जोश भरते हुए अमरनाथ मौर्य ने कहा, सपा सुप्रीमो अखिलाश यादव की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भारतीय जनता पार्टी शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव नहीं, अब आन, बान और शान की लड़ाई है। अगले वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। थोड़े परिश्रम से ही साइकिल दौड़ पड़ेगी। सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी को कर्मठ और जुझारू प्रत्याशी करार देते हुए जिताने की अपील की। कंचन चौधरी के जीतने से नगर में चतुर्दिक विकास की गंगा बहेगी। जनसभा को जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, राष्ट्रीय सचिव वजीर खान ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व प्रधान राजकरन सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख गुलाब कली, कृपाशंकर बिंद, राजेश चौधरी, अजय सिंह,सभासद प्रत्याशी रानी पांडेय, अनीश खान, भागीरथी बिंद, बृजेश यादव, बलबीर पटेल, दिनेश सिंह, रामबहादुर, सुशील पांडेय,लाल बहादुर यादव, शैलेंद्र सिंह, अर्जुन तिवारी, संजय तोमर, राजू पाल, कमला देवी मौजूद रहीं। अंत में सपा प्रत्याशी प्रत्याशी कंचन चौधरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



### राजा परीक्षित की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

**बहरिया।** रविवार से विकास खंड बहरिया के लोकापुर गांव में कथा आयोजक मदन मोहन तिवारी एडवोकेट के आवास पर सात दिवसीय सांगीतामाया श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हो गई। पहले दिन कथा व्यास सत्यव्रत शुक्ल राम जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महात्म्य और परीक्षित की जन्म कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब राजा परीक्षित माता के गर्भ में थेए उसी समय अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग परीक्षित की मां उत्तरा के गर्भ पर किया। उन्होंने बताया कि उत्तरा ने भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा। भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ की स्वयं रक्षा की। जब परीक्षित पैदा हुआए उसी समय वह उठकर बैठ गया। जो भी नवजात परीक्षित को उठाकर अपनी गोद में बैठाने का प्रयास करताए वह उदास होकर बैठ जाता। लेकिन जैसे ही श्रीकृष्ण ने नवजात परीक्षित को अपनी गोद में उठायाए तो वह जोर जोर से हंसने लगा। विद्वानों ने नवजात शिशु का नाम परीक्षित रखा क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं ही इस बच्चे की मां के गर्भ में रक्षा की थी। राजा बनने पर परीक्षित ने कलयुग को दंड देने का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास सत्यव्रत शुक्ल राम जी महाराज ने कहा कि कलयुग राजा परीक्षित की शरणागति हो गया है इसलिए उसे क्षमा कर दीजिए। कलयुग ने अपने रहने के स्थान को मांगा तो राजा ने चार स्थान दिए। पहला स्थान जुआ क्रीड़ाए दूसरा शराब खानाए तीसरा वैश्य स्थल दिए। तीनों स्थानों के बारे में सुनकर कलयुग ने राजा परीक्षित से कोई अच्छा स्थान प्रदान करने को कहा। इस पर राजा द्वारा भूल से उनके मुख से चौथे स्थान का नाम सोना निकल गया। कुछ समय पश्चात राजा ने अपने पूर्वजों के मुकुटों को देखना चाहा तो एक मुकुट बहुत सुंदर था जिसको धर्मराज युधिष्ठिर ने छिपाकर रखा था। यह मुकुट जरासंध का था जिसको भीम छीनकर लाया था। राजा ने जैसे की उस सोने के मुकुट को पहनाए कलयुग उसकी बुद्धि पर सवार हो गया। राजा जंगल में शिकार को खेलते हुए जंगल में स्थित शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचा और अपना स्वागत करवाने को कहा। ऋषि शमीक ध्यान में थे। राजा की बुद्धि बिगड़ गई और उसने एक मरे सांप को ऋषि के गले में डाल दिया। ऋषि के पुत्र को जैसे ही इस बारे में पता चला उसने तुरंत राजा को श्राप दे दिया कि सर्पो का पूर्वज तक्षक सर्प तुम्हें सातवें दिन मार डालेगा। ध्यान भंग होने के बाद वह राजा को घर जाकर मुकुट उतारने के बाद पश्चात्ताप की अग्नि को महसूस करते हुए रोने लगा। उन्होंने कहा कि पाप एक व्यक्ति के जीवन को सही मार्ग से गलत मार्ग की ओर मोड़ देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे व पुण्य के कार्य करने चाहिए। इस मौके पर आचार्य हरिशंकर तिवारी, आचार्य विनोद पांडेय, कथा आयोजक मदन मोहन तिवारी एडवोकेट, राकेश मिश्रए पवन मिश्र, शशिकांत तिवारी, इंदुकांत तिवारी, विधुकांत तिवारीए,रजनीश कांत तिवारी, शिवदत्त नारायण त्रिपाठी, मैहर प्रसाद, राम अवध पटेल, राहुल पटेल, आदर्श मिश्र सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।



### समण संस्कृति के पुनरस्थापत्य पर क्रेन्दित रहा प्रबुद्ध रंग महोत्सव

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), बाबासाहब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में नागपुर महाराष्ट्र की प्रख्यात बहुजन महिला साहित्यकार डा. सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित नाटक जीवनं के रंग, जौनपुर निवासी अरुणांचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल प्रख्यात बहुजन साहित्यकार डा. माता प्रसाद द्वारा लिखित नाटक अछूत का बेटा और महादानी राजा बलि तथा मेरठ निवासी प्रख्यात बहुजन साहित्यकार सूरज पाल चौहान द्वारा लिखित कहानी का नाट्य रूपांतरण नाटक परिवर्तन की बात और रंग निर्देशक रंगकर्मी आईपी रामबृज द्वारा लिखित नाटक- बेटी जैसे कुल चार नाट्य प्रस्तुतियों व बुद्धं शरणं गच्छामि, तेरी आरती उतारू से जै जै अम्बेडकर बाबा जै जै, कबीरा कहे ये जग अंधा जैसी नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुतियों के साथ प्रबुद्ध रंग महोत्सव उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में सफल समापन हुआ। प्रख्यात बहुजन साहित्यकार पूर्व राज्यपाल माताप्रसाद द्वारा लिखित नाटक महादानी राजा बलि में दिखाने का प्रयास किया गया कि आज से हजारों साल पहले समण संस्कृति का वाहक महादानी राजा बलि ही वह राजा था जिसकी दानवीरता विश्व विख्यात थी, जिसको देवताओं ने छल, कपट से उसका राज्य छीनकर बध कर दिया यानी बलि कुल रीति सदा चलि आई प्राण जाए पर वचन न जाई को तथाकथित असमानता के पोषको ने बलि के स्थान पर रघु जोड़कर रघुकुल रीति सदा चलि आई कर दिया यानी समण संस्कृति पर लीपापोती कर कैसे आर्य संस्कृति को प्रतिस्थापित कर दिया गया यही दिखाने का प्रयास किया गया है। समस्त नाटको व नृत्य नाटिकाओं का परिकल्पना व निर्देशन प्रबुद्ध फाउंडेशन के सचिव आईपी रामबृज ने किया।

# निर्माणाधीन गौशाला में फायरिंग के साथ लूट

कौशाम्बी। कोतवाली कौशांबी अंतर्गत कोसम इनाम के मजरा नौहाई में निमार्णाधीन स्थाई गौशाला में शनिवार की रात कुछ बदमाशों ने धावा बोल कर लूटपाट किया। इतना ही नहीं दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी किया। कहा जा रहा है कि घटना में दो लोग चुटहिल भी हुए हैं, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

क्षेत्र के नौहाई गांव में स्थाई गौशाला का काम चल रहा है। गौशाला निर्माण का काम श्री इंटरप्राइजेज प्रयागराज को दिया गया है। फर्म के मालिक पंकज कुमार तिवारी के मुताबिक गौशाला निर्माण की देखरेख के लिए अमित शुक्ला व संतोष शुक्ला निवासी फुल का थाना मेजा जिला प्रयागराज व रोहित निवासी बिजगवां कला थाना पिटानी जिला हरदोई रखा गया है। शनिवार की रात 8:30 बजे तकरीबन बदमाशों ने गौशाला में धावा बोल दिया। गौशाला में मौजूद अमित शुक्ला व संतोष शुक्ला को बंधक बनाकर लोहे की रॉड से जमकर पिटाई की गई वहीं मजदूरों को देने के लिए कार्यालय में रखे नकद व स्मार्टफोन लूटकर तमंचे से फायरिंग करते हुए फरार हो गए। बदमाशों ने जाते समय धमकी भी दिया था कि कहीं शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं घटना की पड़ताल में जुट गई थी।

## संक्षेप

### सफाईकर्मी के न आने से गांव में फैली गंदगी

कौशाम्बी। सिराथू तहसील के विदनपुर गांव में तैनात सफाईकर्मी के नियमित गांव नहीं आने से गांव में नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में बह रहा है। ऐसे में लोग संक्रमण फैलने की आशंका से भयभीत है। सफाई कर्मी के नहीं आने से लोग कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी सफाई की व्यवस्था नहीं हो रही है।

### प्रेक्षक के साथ बैठक

कौशाम्बी। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 को निष्पक्ष,सकुशल तथा सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रेक्षक की अध्यक्षता में कल मई 2023 को पूर्वाहन 11 बजे उदयन सभागार में समस्त जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों तथा समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है।

यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट६ उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचंद्र पाण्डेय ने देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय से बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

### संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत

कौशाम्बी। पइंसा थाना क्षेत्र के अनेठा हकीमपुर गांव में शनिवार की रात विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। रविवार की सुबह विवाहिता की लाश घर के भीतर चुल्ले पर रस्सी के सहारे लटकती मिली। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल-बेहाल है। पइंसा थाना क्षेत्र के अनेठा हकीमपुर निवासी राकेश कुमार दूसरे प्रदेश में रहता है। घर पर पत्नी कृष्णा देवी (35) दस साल के बेटे के साथ सास-ससुर से अलग रहती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात वह खाना पीना करने के बाद बेटे साथ सो गई। रात विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। सुबह मां का शव फंदे से लटकता देख बेटा चीख पड़ा। मासूम की चीख सुन घर परिवार के साथ गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। विवाहिता ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसे लेकर गांव में तमाम चचाएँ हैं।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# पीएम मोदी की मन की बात का हुआ कार्यक्रम



पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते लोग

कौशाम्बी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मन की बात अब देश की नागरिकों के बीच जनसंवाद का एक बड़ा माध्यम बन गया है। इसके देश के पीएम द्वारा देश के सभी नागरिकों तक देश के सर्वांगीण विकास से जुड़ी विचारों को नागरिकों तक पहुंचाया जाता है। जिसमें राजनीति का कोई लेना देना नहीं होता है यह मन की बात देश के विकास को नई दिशा देने का काम कर रहा है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने नगर पालिका मंझनपुर के सावित्रीबाई फुले नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री का 100 वा मन की बात कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम आज पूरे देश में प्रधानमंत्री के आम लोगों से चुनाव का कार्यक्रम बना हुआ है, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री के द्वारा देश के विकास को सर्वांगीण दिशा देने के और की जा रही है। इस मन की बात का सबसे बड़ा गुण यह रहा है कि यह पूरी तरह से राजनीति से दूर रहा है। विभिन्न आयामों चाहे वह युवा शिक्षा परीक्षा के साथ पर्यावरण संबंधी मामलों में प्रधानमंत्री की सोच को जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि जिस तरीके से देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की सेवा के लिए अधिकतम प्रयास किए जा रहे हैं। उसी का यह परिणाम रहा है कि आज भारत देश विश्व का चैथा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है यही नहीं आज आम लोगों को बिजली पानी शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पहुंचाने में कामयाबी मिली है। देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले सड़कों का जाल बना है जो देश को विकसित देश की ओर ले जाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्दी कुछ सालों में भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा यही प्रधानमंत्री की इच्छा है और इसी के लिए वह अथक प्रयास भी कर रहे हैं।

# कोरोना काल को भूल गए लकड़ी माफिया, वृक्षों की हो रही कटान

कौशाम्बी। कोरोना महामारी में सभी पेड़ों से मिलने वाले कुदरती आक्सीजन के महत्व को बखूबी समझाया है कि आक्सीजन की कमी की वजह से लोग किस तरह आंखों के सामने दम तोड़ रहे थे। ऐसे में आक्सीजन की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कड़ी मेहनत की गई, और हरियाली के महत्व को समझते हुए ग्राम पंचाायत स्तर तक बड़ी संख्या में पौधा रोपड़ किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चंद पैसों के लालच में लकड़ी माफियों द्वारा आम के हरे फलदार पेंड़ों पर जमकर आरी चलाई जा रही है। वहीं लकड़ी माफिया आक्सीजन देने वाले हरे पेड़ों को काटने से बाज नही आ रहे है।

पइंसा कोतवाली क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं दल जारों पर सक्रिय है। लकड़ी माफिया हरे पेंड़ों पर आरी चलाने से बाज नही आ रहे है। जिससे हरे भरे जंगल वीरानों में तब्दील हों रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी माफियाओं का दल हरे पेंड़ों की कटान करने में जारों पर सक्रिय है। आम, महुआ, नीम, जामुन, सागौन आदि हरे भरे पेंड़ों को काट कर धराशाई कर रहे है। वन विभाग व पुलिस प्रशासन की मिली भगत के चलते लकड़ी माफियाओं पर कोई कारवाई नही हो रही है। जिसकी वजह से लकड़ी माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ है। कुछ लकड़ी माफिया वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर आश-दस पेंड़ कोटने की अनुमति ले लेते है और उसी की आड़ में बड़े-बड़े भाग काट देते है। क्षेत्र में लगातार हरे पेंड़ काटे जा रहे है। वहीं वन विभाग व पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई कारवाई नही कर रही है। जिसकी वजह से लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार वन विभाग व पुलिस प्रशासन से किया। इसके बावजूद वन विभाग व पुलिस प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है, कि जिस प्रकार से लकड़ी माफिया हरे पेड़ों की कटान कर रहे है, और खाकी के जिम्मेदार पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। लोगों का कहना है, कि अगर इसी प्रकार से लकडी माफिया हरे पेड़ो की कटान करते रहे तो आने वाले समय में दोआबा में हरियाली पूरी तरह से चढ हो जायेगी, और लोगों को संक्रामक बीमारियों का शिकार होना पडेगा। इस लिए लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कारवाई किए जाने की मांग किए।

## बारिश ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत

कौशाम्बी। दोआबा में रविवार की सुबह से शुरू हुई बारिश ने एक बार फिर गेहूं की मड़ाई में बाधा डाल दिया। गेंहू के बोझ भीगने से अंतिम दौर की मड़ाई ठप हो गई। उधर खेतों में पड़ा भूसा भी पानी की भेंट चढ़ गया। बारिश के बाद तेज धूप में भूसे के सड़ने की संभावना है। इससे मवेशियों पर संकट खड़ा हो सकता है। जिले में गेंहू की मड़ाई का अंतिम दौर चल रहा है। मुश्किल से 15 से 20 फीसदी गेहूं की मड़ाई का काम बचा है। चार दिन पहले लगातार आ रही आंधी और बूंदाबांदी के चलते मड़ाई ठप थी। दो दिन धूप हुई तो शनिवार को गेहूं की मड़ाई में तेजी दिखी। रात भर किसानों ने मड़ाई का काम किया। रविवार की सुबह से गरज के साथ हुई तेज बारिश ने बचे हुए गेहूं के बोझ को एक बार फिर से भिगो दिया। इससे मड़ाई फिर से ठप हो गई है। इतना ही नहीं जिन किसानों ने मड़ाई करा लिया था उनका भूसा खेतों में पड़ा है। बारिश के पानी में भीगे भूसे के सड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे किसानों के मवेशियों के लिए चारे का संकट खड़ा हो सकता है।

# सामान्य भूमि का टुकड़ा नहीं है कौशांबी : विनोद सोनकर

**मन की बात**

**अपराध को सामाजिक जिम्मेदारी से रोका जा सकता है**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित कैदी व सांसद विनोद सोनकर

कौशांबी । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद कौशांबी विनोद सोनकर रविवार को लोकसभा कौशांबी के अंतर्गत जिला कारागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 100 वे संस्करण के कार्यक्रम में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के साथ मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान सांसद विनोद सोनकर ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कौशांबी की धरती सामान्य जमीन का टुकड़ा नहीं है यह मां गंगा मां जमुना के गोदी में बसी धरती है मां शीतला की धरती है गौतम बुद्ध की धरती है जैन मुनियों की धरती है। सूफी संतों की धरती है भगवान राम के रज चरणों की धरती है उन्होंने कहा कि मैंने सदन में भी सजायाफ्ता कैदियों की रिहाई को व बंदियों के मत देने के अधिकार की मांग की है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस संबंध में पत्र लिखा हूं उन्होंने अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि कानून अपराध होने के बाद कार्य करता है लेकिन समाज अपराध न पैदा हो ऐसा कार्य करता है बंदियों के लिए सांसद ने अपने निधि से एक वाटर कूलर लगाने के लिए कहा और सांसद निधि द्वारा बना मुलाकाती सेट जो कि पीएसी द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था उसे तत्काल जेल प्रशासन से कहा गया है कि खाली कराया जाए और पीएसी के लिए अलग से एक प्रस्ताव बनाकर दिया जाए जेल बंदियों के द्वारा निर्मित काऊ कोट का निरीक्षण किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भूपेंद्र सिंह पटेल राजू पासवान उमेश मोदनवाल रिटायर्ड मेजर केसरी सिंह भास्कर मिश्रा सहित प्रभारी अधीक्षक जेल भूपेश कुमार सिंह डिप्टी जेलर राजेश मुन्ना लाल सुमन सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे सहित सैकड़ों कैदी मौजूद रहे

# बरसात का पानी खड़ी कर रहा समस्या



रास्ते में भरा बारिस का पानी

कौशाम्बी। विकास खण्ड सिराथू के दारानगर नगर पंचायत के वार्ड नंम्बर नौ में बरसात का पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत पहले भी नगर पंचायत के जिम्मेदारों से किया। इसके बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया।

रविवार सुबह बारिश होने की वजह से नगर पंचायत दारानगर के वार्ड नंबर नौ में जल भराव हो गया है। इसकी वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि विकास के नाम पर लाखों रुपया खर्च होने के बावजूद जल निकासी की व्यावस्था नही है। वहीं जल भराब होने की वजह से रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे है। बरसात का पानी व लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर ही भरा रहता है। रास्तों पर जल भराव होने की वजह से रास्ते जर्जर हो रहे है। रास्तों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। जिसमें पानी भरा रहता है। लोग राते से गुजरते वक्त अनियंत्रित होकर गिर जाते है। जिससे लोगों को काफी चोट आ जाती है। लोगों ने कई बार इस बात कीत शिकायत नगर पंचायत के जिम्मेदारों से किया। इसके बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने यह भी बताया कि काफी दिनो से नालियों की सफाई नही कराई गई है। जिससे नालियां पूरी तरह से चोक हो गई है। नालियां चोक होने की वजह से नालियों का गंदा पानी भी रास्तों पर ही बह रहा है। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल निकासी की समुचित व्यावस्था कराए जाने की मांग किए है।

## नाली पर किया कब्जा, सड़क पर फैला पानी

कौशाम्बी। कड़ा ब्लॉक के हिसामपुर गांव की गलियां गंदगी से पटी हुई है। नालियों पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है जिससे पानी निकासी बंद हो गई है। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गंदगी और नाली में कब्जे की शिकायत कई बार की गई पर कोई समाधान नहीं किया गया। जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## अवैध शराब कारोबारियों पर चल रहा सोटा

कौशाम्बी। निकाय चुनाव को सकुशल सम्पंन कराने को लेकर पुलिस लगातार कच्ची शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला कर काररवाई किया जा रहा है। पुलिस ने अभियान में ८३ लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर पांच लोगों को महुआ की शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 83 लीटर शराब बरामद की है। कोखराज पुलिस ने राजाराम निवासी बम्हरौली से नौ लीटरए शिवराम निवासी टेगाई से 14 लीटर शराब बरामद की है। सराय अकिल पुलिस ने बीरेन्द्र निवासी बुद्धपुरी से 20 लीटर सैनी पुलिस ने सुनील निवासी समदा के कब्जे से 22 लीटर व संदीपनघाट पुलिस ने कोरई निवासी राजू निषाद के कब्जे से 18 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

## टीकाकरण को लेकर निकाली गई रैली

कौशाम्बी। द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति के तत्वाधान में रविवार को जागरूकता रैली निकालकर विश्व टीकाकरण अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम पांच ब्लाकों के 60 गांवों में किया गया। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं किशोरियां व बच्चे शामिल हुए।

द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति की ओर से विश्व टीकाकरण अभियान २४ अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे एक सप्ताह तक चला। अभियान में पांच ब्लाकों के सैकड़ों गांवों में स्वास्थ्य सुरक्षा व कुपोषण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। रविवार को अभियान का समापन गांवों में जागरूकता रैली निकालकर किया गया। जिसमें संस्था कार्यक्षेत्र के ५ ब्लाक के ६० गांव मंझनपुर के 20 सिराथू के 10 मूरतगंज के 10 गांव सरसंवा 10 तथा कौशांबी ब्लाक के 10 गांव में विश्व में टीकाकरण के प्रति जागरूकता के लिए सरकार और विभिन्न संस्थाओं के द्वारा जागरूकता रैली निकालकर समापन किया गया। इस दौरान द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति की सचिव तैय्यबा तहसीन ने महिलाओं को बताया गया कि यदि हम अपने बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहते हैं। तो उन्हें सम्पूर्ण टीकाकरण की प्रक्रिया में बच्चे को शामिल कराना चाहिए। सभी टीका नियमित रूप से समय से लगवाना चाहिए। वर्ष भर में लगाए जाने वाले टीके से हम अपने बच्चों को टीबी टिटनेस काली खांसी निमोनिया डायरिया दिपथेरिया दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों से बहुत हद तक बचा सकते हैं। बैठक के बाद बच्चों और किशोरियोंए गर्भवती महिलाओं धात्री महिलाओं तथा समुदाय के अन्य लोगों के साथ जागरूकता संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कॉर्डिनेटर मुकेश राव कार्यकर्ता साथी राजेश कुमार वसी अहमद घनश्याम सिंह वीरेंद्र सिंह जयसिंह कई आशा बहु आदि मौजूद रहे।

## 83 लीटर शराब के साथ पांच लोग गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर पांच लोगों को महुआ की शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 83 लीटर शराब बरामद की है। कोखराज पुलिस ने राजाराम निवासी बम्हरौली से नौ लीटर, शिवराम निवासी टेगाई से 14 लीटर शराब बरामद की है। सरायअकिल पुलिस ने बीरेन्द्र निवासी बुद्धपुरी से 20 लीटर, सैनी पुलिस ने सुनील निवासी समदा के कब्जे से 22 लीटर व संदीपनघाट पुलिस ने कोरई निवासी राजू निषाद के कब्जे से 18 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

## सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ रही किसानों की भूमि

कौशाम्बी। ब्लॉक कौशाम्बी क्षेत्र के बौद्ध सर्किट तक सड़क चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इसमें किसानों की बेशकीमती भूमि जा रही है। इसके बदले किसानों को मुआवजा देने की पहल नहीं दिख रही। नाराज किसानों ने डीएम से मिलकर मुआवजा दिलाने की मांग की।

प्रयागराज के बम्हरौली एयरपोर्ट से कौशाम्बी ब्लॉक स्थित बौद्ध सर्किट तक फोरलेन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसमें कौशाम्बी ब्लॉक के बारा, बैगवां, मेड़रहा, मढ़ी, बेहनपुरवा, सलेमपुर, आम्बा कुआं, नरेंद्र बारा समेत दर्जनभर गांव के किसानों की भूमि सड़क चैड़ीकरण की भेंट चढ़ रही है। चैड़ीकरण में जा रही किसानों के भूमि का मुआवजा देने के लिए कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी की ओर से फिलहाल कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे नाराज संबंधित गांव के दर्जनभर ग्रामीण डीएम से मिले और मुआवजे की मांग की। किसानों का कहना था कि यदि उन्हें भूमि का मुआवजा नहीं मिला तो वह सामूहिक रूप से न्यायालय की शरण लेंगे। डीएम से शिकायत करने वाले किसानों में रमेश कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार गर्ग, आकाश कुमार अग्रहरी, बुधराम यादव, संतोष कुमार, अवधनारायन शुक्ल आदि दर्जनभर ग्रामीण शामिल रहे। डीएम ने ग्रामीणों के साथ न्याय किए जाने का भरोसा दिया है।

## ससुरालवालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

कौशाम्बी। फतेहपुर के कशोरुआ हथगांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। मंझनपुर कस्बे की पूनम देवी ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले फतेहपुर के कशोरुआ गांव में प्रशांत के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह ससुराल वालों के साथ महाराष्ट्र चली गई। शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नही थे। आरोप है कि इसके बाद उससे पांच लाख रुपये के साथ बाइक की डिमांड की जाने लगी। विवाहिता ने मायके वालों को जानकारी दी तो उन लोगों ने दहेज देने से मना कर दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी। मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मतदाताओं से भयमुक्त मतदान की अपील, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



पैदल मार्च करती पुलिस टीम

कौशाम्बी। निकाय चुनाव के मद्देनजर कड़ाधाम पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के विभिन्न वार्डों में शनिवार को फ्लैग मार्च किया। अपील किया कि भयमुक्त होकर मतदान करें तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही।

बता दें कि 4 मई को होने वाले निकाय चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए है। इस दौरान पुलिस पैट्रोलिंग बढ़ाई जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर चैकिंग अभियान में तेजी लाई जाए। उसी क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा की अगुवाई में नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू ने आम जनता से अपील किया कि चुनाव के मद्देनजर जनपद में लागू धारा 144 के नियमों की पूरी तरह से पालना करते हुए शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपना योगदान दें। अपने मत का प्रयोग करें। लाउडस्पीकर बजाने, पोस्टर आदि चिपकाने के संबंध में आवश्यक परमिशन प्राप्त करें अन्यथा अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने थानाध्यक्ष कड़ाधाम प्रिंस दीक्षित को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

संक्षेप

### भण्डारे मे उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज।** क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में शनिवार को जायसवाल समाज के द्वारा लोक कल्याण के निमित्त सामूहिक भण्डारे का परम्परागत आयोजन किया गया। बाजार के गल्ला मंडी में हुए भण्डारे मे देर रात तक लोगों को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। ब्यापार मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश ने जायसवाल समाज के सामाजिक सरोकार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अर्जुन जायसवाल, मनोज कुमार, संतोष कुमार, अशोक कुमार, शंकरलाल, शिव प्रताप, रामदीन साहू, आदित्य, अनिल मिश्र, पारस नाथ, ज्ञानप्रकाश, जीवनलाल, वासुदेव आदि रहे।

# आशा कार्यकत्री ने फांसी लगाकर दी जान


मृतका की फाइल फोटो

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में आशा कार्यकत्री का शव घर के अंदर कमरे में फांसी पर लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने फांसी लगा कर जान दी है। मृतका ने मरने से पहले परदेश में रहने वाले पति को आठ बार कॉल किया था।लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां निवासी सुरेश गौतम रोजी-रोटी के सिलसिले में पुणे में रहता है। उसकी पत्नी संतोष देवी गौतम (42) आशा कार्यकत्री थी और अपने पुत्र समेत ससुरालीजनों के साथ घर पर रहती थी। शनिवार की रात लगभग 10 बजे संतोष का शव घर के भीतर कमरे में छत के सहारे साड़ी से बने फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतका के बेटे और ससुरालीजनों से पूछताछ के बाद कोतवाली लौट आई। पुलिस की पूछताछ और चचाओं की मानें तो महिला ने पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या की है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतका ने पति से दिन में आठ बार मोबाइल फोन पर बात की। पुलिस का मानना है कि किसी बात को लेकर आशा कार्यकत्री तनाव में थी, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। पति से पूछताछ व पीएम रिपोर्ट आने पर ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत


मृतक गुदुन (फाइल फोटो

**प्रतापगढ़।** सुबह घर से शौच को निकले युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा कोतवाली के मकोइया रहवई गांव निवासी गुदुन पटेल (35) पुत्र शीतलदीन रविवार की सुबह घर से खेत की ओर शौच के लिए निकला था। भोर से ही हो रही बरसात के साथ आसमान में तेजी से गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से गुदुन पटेल की मौके पर ही सांसे थम गई। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रधान शिव प्रसाद यादव ने लेखपाल और पुलिस को घटना की खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा। युवक के मौत से उसकी पत्नी मिथलेश कुमारी, पुत्री पूनम, अंकिता, बेटे विकास का रो-रो कर हाल बेहाल है।

## दर्जनभर बागी प्रत्याशियों को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता

**प्रतापगढ़।** जिले में पार्टी के मजबूत स्तंभ कहे जाने वाले निर्दलीय चुनाव लड़ रहे दर्जन भर बागी प्रत्याशियों को भाजपा ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है। नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद का टिकट मॉग रहे पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता टिकट ने मिलने से पार्टी प्रत्याशी के विरोध में निर्दल नामांकन कर दिया। पार्टी के बडे नेताओं के समझाने पर बागी मानने को तैयार नहीं हुए। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने पत्र जारी कर दर्जन भर पार्टी नेताओं को भाजपा से निकाल दिया। जिसमें पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा वरूण प्रताप सिंह, जगदेव प्रजापति पूर्व मण्डल अध्यक्ष, संतोष तिवारी मण्डल प्रभारी, छाया श्रीवास्तव, कुसुम सिंह, माधुरी सिंह, अजय भारती, गिरीश पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन, अनिल सिंह, दिलीप सिंह, अभय प्रताप सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

## वन रैंक वन पे एवं पेंशन बहाली के लिए पूर्व सैनिकों ने दिया ज्ञापन


पीएम मोदी को संबोधित सांसद संगमलाल गुप्ता को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक

**प्रतापगढ़।** गौरवशाली पूर्व सैनिक संगठन द्वारा रविवार को पीएम मोदी को संबोधित सांसद संगमलाल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पूर्व सैनिकों ने वन रैंक वन पे एवं पेंशन बहाली की मांग की गई है। ज्ञापन में ओ आर ओपी टू में किए गये अन्यायपूर्ण कार्य का विरोध किया गया है। पूर्व सैनिकों से पीएम से न्याय की मांग करते हुए कहा कि हमारी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाए। हमें सम्मान पूर्वक देश सेवा का अवसर मिलता रहे। पूर्व सैनिकों से बताया कि मांगों के समर्थन में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने में बैठे साथियों का हमारा संगठन पूरा सपोर्ट करता है। इस मौके पर कैप्टन प्रमोद पाण्डेय, कैप्टन अवनीश त्रिपाठी, केपी सिंह, शिवराम पांडे, बीबी सिंह, सुनील कुमार शर्मा, आरडी मिर, विनोद मिश्र, रियाज अहमद, नियाज अहमद, कैप्टन हबीब मोहम्मद, इस्लाम मोहम्मद आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## तीन आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज के पुहिला का पुरवा खैरा पूरे छेमी निवासी तुलसीराम पटेल की पत्नी गेंदावती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि पचीस अप्रैल को रंजिशन गांव के शिवप्रताप व जसवंत तथा विजय कुमार की पत्नी राजकुमारी उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी घर के अंदर घुस आये और बेटी सहित उसके साथ मारपीट करते हुए चारपाई आदि गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। शोरशराबा सुनकर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी शिवप्रताप समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ब्रिगेडियर को दी गई सलामी कैडेटों को किया प्रोत्साहित


बटालियन के एनसीसी प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त करते ब्रिगेडियर

**प्रतापगढ़।** रविवार को जनपद मुख्यालय स्थित 18 यूपी बटालियन एनसीसी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर केपी कुमार सिंह ने किया। ग्रुप कमांडर के आगमन पर बटालियन के कैडेटों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के तहत सलामी दी। ब्रिगेडियर ने बटालियन के एनसीसी प्रशिक्षकों, कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। बटालियन के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला गया। ग्रुप कमांडर ने कार्यलय में बटालियन के अभिलेखों, स्टोर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट सूरज कुमार प्रजापति को पुरस्कृत किया। ब्रिगेडियर ने बताया कि कैडेटों को दी जाने वाली धनराशि डीवीडी के माध्यम से अब उनके खाते में दी जाएगी। जिससे वह खुद वर्दी बनवा सकें। उन्होंने कैडेटों को भविष्य में अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एल श्रीनिवासन, अखंड प्रताप सिंह, कृष्ण मणि त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्र, सूबेदार मेजर हुकुम सिंह, सूबेदार दल बहादुर थापा, प्रधान सहायक आर0 बी0 प्रजापति, सत्येंद्र विक्रम सिंह, राघव तिवारी, सलिल श्रीवास्तव आदि मौजूद मौजूद रहे।

# अर्थव्यवस्था की मजबूती में ही निहित है राष्ट्रीय विकास : मोना

समारोह

**घुइसरनाथ बाजार में व्यापारमण्डल का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न**


घुइसरनाथ धाम में शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी

**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में शनिवार की देर शाम उद्योग व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा बाबा घुइसरनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए व्यापारिक जगत को पूरी तरह से संरक्षित और सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि किसी भी देश के विकास की मजबूती को तभी तक धार मिलती है जब तक उसकी अर्थव्यवस्था का ढांचा मजबूत बना रहता है। उन्होने कहा कि रामपुरखास में व्यापारी हमेशा संरक्षित और सुरक्षित रहा है। उन्होनें बडी संख्या मे कार्यक्रम मे मौजूद व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि वह तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी सदैव व्यापारियों के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए हर जरूरत पर मजबूती से साथ खड़े दिखेगें। इसके पूर्व पट्टी डिग्री कालेज के सेवानिवृत्त संस्कृत विभागाध्यक्ष डा वाचस्पति शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा ने व्यापार मंडल घुइसरनाथ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा मोना ने वरिष्ठ व्यापारी शिवदास जायसवाल, रामपियारे केशरवानी, राजदेव विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता,रामलाल गुप्ता, उमेश पांडेय, रामबहादुर सोनी, महेंद्र श्रीवास्तव, अरुणेश मिश्र, नन्हेलाल बर्मा, रामलाल गुप्ता, माताप्रसाद तिवारी, रामसजीवन पाल, शारदा प्रसाद बर्मा समेत दो दर्जन व्यापारियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सारस्वत सम्मान से नवाजा। अध्यक्षता करते हुए व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की मजबूती का आधार है। जिलाध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, रुरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जिला महामंत्री अशोक सिंह, लालगंज के अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी, संदीप रावत आदि ने सम्बोधित करते हुए व्यापारियों के कारोबारी हितों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुप्रताप जायसवाल व संतोष वैश्य ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह परिहार, अशोक धर द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ददन सिंह, अभिताभ शुक्ल, आशुतोष मिश्र, रामबोध शुक्ल, राजू पयासी, संजय पांडेय, नागेश मिश्र, राजेंद्र गुप्ता, राकेश जयसवाल, देवेंद्र त्रिपाठी, राकेश वैश्य, विवेक सिंह, संतोष यादव, धीरेंद्र गुप्ता, डा. राहुल गुप्ता, मनीष मिश्र, सोहनलाल यादव, मूलचंद्र केशरवानी, अजीत यादव, प्रेमचन्द यादव, राजू सोनी आदि रहे। इधर व्यापार मंडल शपथ ग्रहण समारोह में बाजार के व्यापारियों की तीन पुत्रियों को हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा, व्यापार मंडल घुइसरनाथ के अध्यक्ष अखिलेश समेत पदाधिकारियों ने व्यापारी राजू सोनी की पुत्री काजल सोनी, रामराज वर्मा की पुत्री शिवानी बर्मा व स्व. पुत्तन की पुत्री प्रिया को सम्मानित कर हौंसला अफजाई की गयी।

## भय मुक्त होकर करें मतदान रहेगी पूरी सुरक्षा : एसपी


फ्लैग मार्च करती पुलिस व बीएसएफ के जवान

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि किसी के दबाव में न आएं। निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करें। पुलिस आपकी सुरक्षा में मुस्तैद है। एसपी के निर्देश पर सीओ नगर की अगुवाई में रविवार को नगर कोतवाली के विभिन्न नगर पंचायतों में पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लोगों से निर्भीक होकर आगामी 04 मई को मतदान के दिन मतदान करने का संदेश दिया। इस बार नगर निकाय चुनाव में हर बूथों पर पुलिस का सख्त पहरा लगाया जा रहा है। वोटों में हेरा फेरी करने वालों की मंशा पर पानी फिर सकता है।

# व्यापार मण्डल ने प्रेसवार्ता कर भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन


प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित व्यापार मण्डल

**प्रतापगढ़।** उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने रविवार को नगर के एक होटल में प्रेसवार्ता कर नगर पलिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह को समर्थन देने का एलान किया। जबकि व्यापारियों का दूसरा गुट उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रत्याशी के विरोध में वोट करने का निर्णय लिया। नगर पलिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिह ने कहा कि व्यापारियों के सम्मान एवं सुरक्षा में हमेशा कार्य किया। यही वजह है कि लगातार 25 वर्षों से व्यापारियों का आशिर्वाद प्राप्त कर अध्यक्ष बना हूॅं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सम्मान में कई कार्य किया हूॅं और आगे भी करता रहूॅंगा। भाजपा में विश्वास करने पर उन्होंने व्यापारियों को आभार व्यक्त किया। कहा कि मेरे ऊपर व्यापारियों ने विश्वास किया है तो मैं भी उनके विश्वास पर हमेशा खरा उतरूॅंगा। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मंजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि हम किसी भी राजनैतिक दल से नहीं है। केवल भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह ने हमसे हमर्थन मांगा इसलिए व्यापार मण्डल उनके कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव में उनका पूरा समर्थन करता है। संचालन करते हुए मण्डल के महामंत्री आशोक कुमार सिंह ने कहा कि हरि प्रताप सिंह ने नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। व्यापारियों के हर सुख दुःख में हरि प्रताप सिंह ने साथ दिया है। इसलिए पूरा व्यापारी समाज हरि प्रताप सिंह को जिताने का बीड़ा उठाया है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में व्यापारी नेता राम शंकर संदीप रावत, विजय सिंह, नन्दलाल उमरवैश्य, लखन बाबा, प्रमोद कुमार केसरवानी आदि ने समर्थन का एलान किया। इस मौके पर शरद केशरवानी, जसपाल सिंह, पंकज मिश्र, प्रदीप खण्डेलवाल, ईश्वर दत्त, आशीष, धर्मशील शुक्ल, ज्ञानेश मिश्र आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र का विधायक ने किया सम्मान


मेधावी छात्र को सम्मानित करते हुए

**जेठवारा।** हाईस्कूल की परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले वैशपुर मान्धाता के होनहार छात्र मोहम्मद जैद के घर पहुंच कर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद व विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने लैपटॉप भेट कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके के होनहार और मेधावी छात्रों का सम्मान होना चाहिए। इससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे प्रतिभाओं की कमीं नहीं है सिर्फ संसाधनों की कमी के चलते वह मंजिल तक नही पहुंच पाते है। इस मौके पर इबरार, सोहेल, फुजैल, फखरे आलम, सरवर, असरार प्रतापगढी, डा अखतर, हुजैफा, फिरोज अली ,मो उमैर, नावेद, रेहान, इमदाद अली, सूबेदार, इस्तियाक, सरीफ, आदि मौजूद रहे।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान सम्मान के लिए जीवन भर करते रहे संघर्ष : लव सिंह गहलोत


सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव मनाते लोग

**प्रतापगढ।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव रानीगंज के कसेरूवा स्थित केपी सिंह स्कूल में मनाया गया। समाजसेवी लव सिंह गहलोत ने कहा कि सम्राट चौहान शब्द भेदी बाण के ज्ञाता थे। अंतिम हिन्दू कुल भूषण क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चैहान अपने राष्ट्र, सनातन धर्म और देश की हर अवाम, वर्ग, मजहब, छोटे बड़े आदि सभी की सुरक्षा सम्मान के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। मोहम्मद गोरी जैसे विदेशी आततायों से लड़ते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे महान देश भक्त, प्रजा रक्षक और महान योद्धा को देश के प्रत्येक व्यक्ति, सरकार और सनातन धर्म के लोगों को सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की जयन्ती श्रद्धाभाव से मनाना चाहिए। सम्राट पृथ्वीराज चैहान की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। स्कूली बच्चों को पृथ्वीराज चैहान की डाक्यूमेंट्री फिल्म लैपटाप के जरिए दिखाया गया। इस अवसर पर रामआसरे मिश्र, कुश सिंह, सुमन सिंह, विशाल यादव, प्रवीण पटेल, दिवाकर यादव, नवाब सिंह, जालिम सिंह, बी पी सिंह, आजाद सिंह, शिवप्रसाद पटेल, नन्हें लाल श्रीवास्तव, दीपक सिंह आदि मौजूद रहकर सम्राट पृथ्वीराज चौहान को याद किया।


उर्स में जवाबी कव्वाली कहते कव्वाल

## हजरत गालिब शहीद शाह बाबा के 74वें उर्स में उमड़ी अकीदतमंदो की भीड़

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के दुगार्गंज मुआर आधारगंज में हजरत गालिब शहीद शाह रहमतुल्लाह बाबा का सालाना उर्स मनाया गया। शनिवार की रात उर्स में अकीदतमंदो की भारी भीड़ रही। साथ ही उर्स में कव्वाली का भी लोगों ने लुफ्त उठाया। वही लोगों ने मजार शरीफ पर चादर पोशी कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। हजरत गालिब शहीद शाह रहमतुल्लाह बाबा के उर्स में जवाबी कव्वाली का शानदार आयोजन हुआ। जिसमें शहजादा चंचल इलाहाबादी और साबिर वारसी के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। रात भर लोग कव्वाली का आनंद लेते रहे। इस दौरान कमेटी के प्रभारी अब्दुल हमीद, पप्पू (बाबा), मस्तान शाह, मंसूर अली, मासूक अली, तफज्जुल हुसैन, नौशाद अली, गुड्डू खान, अब्दुल कय्यूम, शानू, शाहबाज, सोनू, सबलू, आदिलसिद्दीकी, मो०रशीद, दिलवर हुसैन, मो0 आसिफ, समीम अहमद, महताब आलम, गुलशेर अली, तपसीर अली लोग मौजूद रहे।

# ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा चहुमुखी विकास : राजा अनिल प्रताप सिंह



**प्रतापगढ़।** सिटी स्थित पीबी इण्टर कालेज में रविवार को पीएम मोदी के मन की बात का 100वां लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में जीत के बाद भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर पूरे प्रदेश में चहुमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नीतियों से देश विश्व पटल पर नाम कर रहा है। पीएम के नीतियों से देश का दूरगामी विकास बड़ी मजबूती से होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और योगी की नीतियों पर एकजुट होकर विकास के लिए काम हो रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। पूरी उम्मीद है कि आग आने वाले समय में देश का पूरे विश्व में परचम लहराएगा। इस दौरान डा0 अनूप कुमार सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रूचि केसरवानी, अरविंद गुप्ता, वीरेन्द्र वर्मा, उमेश सिंह, राम निरंजन सिंह, महेन्द्र सिंह, जगदीश बहादुर सिंह, करूणेश सिंह, विनय कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# काम-धंधों पर लगा ग्रहण?

रमेश ठाकुर



श्रमिकों की स्थिति गुजरे जमाने के मुकाबले मौजूदा वक्त में बहुत बदहाल है। समय में तरह-तरह की आई मशीनों ने श्रमिकों का काम धंधा छीन लिया। इसके वास्तविक उदाहरण सामने हैं, जिस प्रकार स्टीम इंजन ने मेहनतकशों का रोजगार छीना था। उसी प्रकार फोटोकापी मशीन ने टाइपिस्टों का, उबर-ओला ने टैक्सी स्टैंडों का, कम्प्यूटर ने सांख्यिकी गणित करने का और ई-मेल ने डाकिए का रोजगार हड़प लिया है। वहीं, ट्यूबवेल और ट्रैक्टर ने खेत मजदूरों को पैदल किया। कॉल सेंटर, मोबाइल डाउनलोड आदि में नए-रोजगारों का सृजन जरूर हुआ, लेकिन इन्होंने भी श्रमिकों की कमर तोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। खेत-मजदूर की आय जुलाहे की आय की तरह हो गई है। मजदूरों के हाथों में भी मोबाइल है, जिसे हुकूमतें अपनी कमियां छुपाकर उसे विकास की तस्वीर बतलाती हैं। जबकि, सच्चाई ये है मजदूरों के पास मोबाइल को रिचार्ज करने भर का भी पैसा नहीं होता। कामगार जब तक खुशहाल नहीं होगा, तरक्की की सभी बातें धुंधली ही रहेंगी।

श्रमिकों की बदहाली पर जब गंभीरता से गौर करें, तो पता चलेगा कि ये वर्ग कितना असहाय है। मात्र सौ गज के मकान के लेंटर को डालने में कभी दर्जनों श्रमिक जुटा करते थे। कार्य पूर्ण होने में एकाध दिन लगते थे। पर, अब वही काम मशीन चंद घंटों में निपटा देती है जिसमें कामगारों की जरूरत ही नहीं, बल्कि एक या दो मैकेनिक ही प्रयाप्त होते हैं। इससे सहज अनुमान लगा सकते हैं कि कैसे मशीनरी तंत्र में कामगारों के काम धंधे देखते ही देखते सिमट गए। कामगार श्रमिक दिवस के मायने को कतई नहीं समझते। जबकि, ये दिवस कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को ही समर्पित होता है। लेकिन ये अंतिम इंसान बीते कुछ दशकों से हाशिए पर आ खड़ा हुआ है। इन्हें भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कागजी वायदे होते हैं। पर, धरातल पर सब शून्य, निल बटे सन्नाटा!

दरअसल, ये तस्वीरें देखकर लगता है कि हिंदुस्तान की तरक्की सिक्के के दो पहलू की तरह है। एक खुशहाल और दूसरी बदहाल? दोनों की ताजा तस्वीरें हमारे सामने हैं। एक वह जो ऊपरी तौर पर काफी चमकीली है। इस लिहाज से देखें तो पहले के मुकाबले देश की शक्ल-व-सूरत काफी बदली है। अर्थव्यवस्था अपने पूरे शबाब पर है और कहने को तो उच्च मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग सभी खुशहाल हैं लेकिन तरक्की की दूसरी तस्वीर भारतीय श्रमिकां और किसानों से वास्ता रखती है जिनकी बदहाली की कहानी शायद बताने की आवश्यकता नहीं? ये बड़ी बिड़बना है कि जीतोड़ मेहनत करने के बावजूद भी श्रमिकों को गुजर-बसर करने लायक पारिश्रमिक नहीं मिल पाता। मौसम चुनावी है। श्रमिक दिवस पर कई आयोजन होंगे जिसमें कामगारों की बदहाली को दूर करने को लंबे-लंबे भाषण दिए जाएंगे। नौकरशाहों द्वारा तमाम कागजी योजनाओं का श्रीगणेश भी होगा। पर, कल यानी मई की दूसरी तारीख को सब भुला दिए जाएंगे।

मजदूरों की हालत बहुत ही दयनीय है, सियासी लोगों के लिए वह सिर्फ और सिर्फ चुनाव के समय काम आने वाला एक मतदाता है। कोई भूखा ना सोए, सबको राजगार मिले, मजदूरों के बच्चे भी पढ़-लिख पाए, ऐसी योजना बनाए जाने की सख्त जरूरत है। काम धंधे को विस्तार गांव-देहातों तक करना होगा, ताकि ग्रामीण बिलावजह शहरों में ना भागे।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

# श्रमिक वर्ग की सुध लेने की जरुरत

अरविंद जयतिलक



तमाम वैश्विक प्रयासों के बावजूद भी श्रमिक वर्ग बदहाली के दलदल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। आर्थिक बदहाली का दंश झेलने के साथ ही अपने अधिकारों से भी वंचित है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक विकासशील देशों में 70 करोड़ से अधिक श्रमिक गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। यह वर्ग प्रतिदिन 3.50 डॉलर प्रति व्यक्ति की आय से खुद को उपर नहीं उठा पा रहा है। विकास और प्रगति की दर बेहद धीमी और निराशाजनक है। सच कहें तो विकासशील देश बढ़ते श्रम बल के साथ श्रमिकों को बेहतर जीवन देने में नाकाम हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 65 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से प्राप्त होता है। इनमें भी असंगठित क्षेत्र का लगभग 48.5 प्रतिशत महिला कामगारों का है। विचार करें तो महिलाओं पर उत्पादन कार्य और प्रजनन का दोहरा बोझ है। इन महिला श्रमिकों का जीवन बदतर और बदहाल है। अधिकांश कृषि-श्रमिक भूमिहीन तथा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों से हैं। इनके बिखरे हुए एवं असंगठित होने के कारण किसी भी राज्य में इनके सशक्त संगठन नहीं है जो इनके अधिकारों की रक्षा कर सके। नतीजा उनकी समस्याएं दिनों दिन सघन हो रही हैं। देश में कृषि मजदूरों की संख्या में हर वर्ष इजाफा हो रहा है।दुर्भाग्यपूर्ण यह कि कृषि करने वाले किसान ही कृषि-श्रमिक बन रहे हैं।


गौर करें तो महिला श्रमिकों की हालत पुरुष श्रमिकों से ज्यादा त्रासदी और चुनौतीपूर्ण है। एक आंकड़े के मुताबिक विश्व के कुल काम के घंटों में से महिलाएं दो तिहाई काम करती हैं। लेकिन इसके बदले में उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत ही आय प्राप्त होता है। भारतीय संदर्भ में महिला श्रमिकों की बात करें तो पिछले दो दशक के दौरान श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत में अधिकतर महिलाएं विशेष रुप से गामीण महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं। पर चिंता की बात यह है कि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि एक श्रमिक के रुप में महिला श्रमिकों की पुरुष श्रमिकों से अलग समस्याएं होती हैं। लेकिन इसका श्रम कानूनों में कोई उल्लेख नहीं हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। उचित होगा कि देश की सरकारें इस दिशा में सुधारवादी कदम उठाएं।

सच्चाई है कि सख्त कानून के बावजूद भी कल-कारखाने, कंपनियां और उद्योग समूह अपने कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। कोरोना महामारी के समय तो हालात और भी अधिक बदतर हो गए थे। ऐसे में आवश्यक कि सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ऐसी कंपनियों और उद्योगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ के मुताबिक विश्व में करीब दस करोड़ से अधिक 14 वर्ष से से कम उम्र की लड़कियां विभिन्न खतरनाक उद्योग-धंधों में काम कर रही हैं। इनमें भी सर्वाधिक संख्या भारतीय बच्चियों की है। यह स्थिति भारत राष्ट्र के माथे पर कलंक है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी समूह संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाएं।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## एक मई

दिखाई नहीं देती/ कारखानों की /ऊँची चिमनियां
शहर के पास कहीं/ उड़ता नहीं / धुआँ चिमनी का/ आसमान की तरफ
छिप गयी है चिमनी/ खण्डहर बनकर/ ऊँचे फ्लैट के पीछे
सुनाई नहीं देती/ मिल - कारखानों के/ सायरन की आवाज
सुनाई देता है/ शहर में / वाहनों का शोर
दिखाई नहीं देती/ सड़कों पर / भीड़ श्रमिक और मजदूरों की
जब छूटते थे/ वे एक साथ/ कारखाने के गेट से / साइकिल पर
अब साइकिल भी दिखाई नहीं पड़ती/ सड़कों की भीड़ में
श्रमिक-मजदूर/ मई दिवस के शहीद चौक पर
लगाते थे नारे/ और जलाते थे मशाल/ अपनी ताकत का
अब दिखाई नहीं पड़ती/ शहीद चौक पर/ भगत सिंह की प्रतिमा
दिखाई पड़ती है चौक पर/ खूबसूरत रंगीन लाईटों की फव्वारे
अब दिखाई देता है/श्रमिक और मजदूर/ सड़कों पर/चौक चौराहे पर/ दो वक्त की रोटी के लिए/ दो वक्त की रोटी के लिए



- देवांशु
संपर्क-9907126350

# मजदूर दिवस : आर्थिक समानता का संघर्ष

समय- संदर्भ

चित्रा माली



अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का भी अपना एक इतिहास है जो मजदूरों के सामूहिक प्रतिरोध को उनकी एकता को दर्ज कराता है और उसी सामूहिक प्रतिरोध की स्मृति में आज भी इस दिवस को मनाया जाता है । 1 मई 1886 अमेरिका में मजदूर यूनियन ने काम के घंटे आठ से अधिक न रखे जाने के लिए हड़ताल रखी थी । लेकिन इसी समय शिकागो के मार्केट में बम धमाका हुआ और कई लोग हताहत हुए,कुछ लोगों की मृत्यु भी हुई । मार्केट में बम किसके द्वारा फेंका गया इसकी जांच के बिना ही पुलिस ने हड़ताल कर रहे मजदूरों पर गोली चला दी जिसमें सात मजदूरों को अपनी जान गवानी पड़ी । मजदूरों की इस हड़ताल को तत्कालीन कोई सफलता नहीं मिली लेकिन कुछ समय बाद कार्य के घंटों को आठ घंटे किया जाने लगा । भारत में मजदूर दिवस की शुरूआत मद्रास वर्तमान के चेन्नई से 1 मई 1923 से होती है । इस दिन मजदूर नेता सिंगरावेल चेट्टियार ने ट्रिप्लीकेन बीच और मद्रास हाईकोर्ट के सामने लोगों की बड़ी संख्या के साथ दो मांगों के लिए प्रदर्शन किया था । पहली,इस दिन को भारत में भी मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए और दूसरी इस दिन अवकाश घोषित किया जाए । इसी दिन से यह दिवस मजदूरों की एकता,सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाने लगा । भारत सहित विश्व के 80 देशों में मजदूर दिवस 1 मई को ही मनाया जाता है । हम लोगों की सोशल कंडीशनिंग ही इस प्रकार से की गई है कि जब भी मजदूर शब्द का इस्तेमाल किया जाता है तो जहन में सिर्फ शारीरिक श्रम करने वाले श्रमिक ही हमें दिखाई देते हैं लेकिन शारीरिक श्रम के साथ बौद्धिक श्रम करने वाला भी एक तबका है जो हमें याद नहीं रहता । उनके कार्य की अवधि तथा अवकाश की व्यवस्था भी सामूहिक प्रतिरोध के फलस्वरूप ही हुई है । सोशल कंडीशनिंग के चलते ही हम शारीरिक श्रम करने वाले के काम को छोटा और बौद्धिक या कहे टेबल वर्क को बड़ा आंकते हैं । गांधी जी ने काम की इस श्रेणीबद्धता की अवधारणा का खंडन किया और बौद्धिक श्रम के साथ साथ शारीरिक श्रम के महत्व को प्रतिपादित किया और उसे सभी (आश्रमवासियों) के लिए अनिवार्य बनाया । गांधी कहते भी थे कि ₹वकील और नाई के काम की कीमत एक समान होनी चाहिए₹। जिससे कार्य की इस श्रेणीबद्धता को संरचना को तोड़ा जा सके । लेनिन और अमेरिकी पूंजीवादी प्रबंध विज्ञानी टेलर ने मजदूरों के बारे में कहा था कि ह्लमजदूरों की हैसियत एक बड़ी मशीन के एक छोटे पुर्जे 'कॉग इन द मशीन' की है उनका अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। कार्ल मार्क्स ने पूंजीवादी उत्पादन प्रणाली को मजदूर के अजनबीयत की एक वजह माना था । उत्पादन की प्रणाली भी मजदूर को एक पुर्जे की हैसियत में ला देती है । मार्क्स के अनुसार मजदूरों का शोषण पूंजीवाद का प्रमुख लक्षण है । मार्क्स पूंजीवाद के सारतत्व की व्याख्या इस प्रकार करते है । पूंजीवादी व्यवस्था में धन के जरिए मशीनों और श्रम को खरीदा जाता है ताकि वस्तु का उत्पादन किया जा सके तथा उत्पादित माल (वस्तु) को अधिक दामों में बेचकर अधिशेष मूल्य (सरप्लस वैल्यू) को प्राप्त किया जा सके । चूंकि मजदूर वर्ग के पास पूंजी नहीं होती इसलिए वे अपना श्रम बेचते हैं । अपने एक कार्यदिवस के शुरूआती हिस्से में ही मजदूर अपनी मजदूरी लायक माल का उत्पादन कर देते हैं और कार्य के बाकी हिस्सों में वह पूंजीपतियों के लाभ के लिए काम करता है । मजदूरों के शोषण के विचार के पीछे मार्क्स की मूल्य संबंधी अवधारणा थी जिसके आधार में रिकार्डो द्वारा प्रतिपादित 'मूल्य का श्रम सिद्धांत' था । रिकार्डो की तरह ही मार्क्स की भी धारणा यह थी कि ह्लकिसी भी वस्तु का मूल्य उसे उत्पादित करने वाले प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष श्रम के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिएह्व। मार्क्स के अनुसार ह्लमूल्य एक तकनीकी संबंध न होकर मनुष्यों के बीच का एक सामाजिक संबंध भी है जो पूंजीवाद के तहत एक खास तरह का भौतिक रूप अख्तियार कर जिंस या वस्तु के रूप में प्रकट होता है; अर्थात मूल्य महज एक दिमागी अवधारणा नहीं है, बल्कि पूंजीवादी सामाजिक संबंध उसे भौतिक रूप दे देते हैं । पूंजीवादी व्यवस्था में अधिक से अधिक उत्पादन और लाभ कमाने के लिए जटिल प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाता है, प्रौद्योगिकी जितनी जटिल होगी उतनी ही हिंसक भी होगी । मनोवैज्ञानिक एरिक फ्राम ने आधुनिक प्रौद्योगिकी पर निर्भर उत्पादन प्रणाली में मनुष्य के एक वस्तु में तब्दील हो जाने की बात कही है और इस व्यवस्था में वह अपने आप को अकेला व असहाय महसूस करता है । जबकि फ्रेडरिक बेनहम का स्पष्ट मत है कि ह्लमनुष्यता का आर्थिक भविष्य केवल तकनीकी में संभव हैह्व। किसी भी समाज का पिछड़ा या अग्रणी होने की पहचान मात्र यही हो सकती है कि वह किस मात्रा में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ तकनीकों को अपना चुका है । आर्थिक विकास को जिस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है उसी तरह क्या सामाजिक विकास की भी कोई परिभाषा या पैमाना है ? यह प्रश्न इसलिए उत्पन्न होता है कि प्रौद्योगिकी और तकनीकी का समाज पर प्रभाव पड़ता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है । अधिकांश लोगों का मानना यह है कि ह्ल प्रौद्योगिकी देशकाल निरपेक्ष है,मूल्य निरपेक्ष है, न पश्चिमी है, न पूर्वी है, न अच्छी है और न ही बुरी ह्व इसके साथ ही कुछ लोगों का मानना है कि आधुनिक प्रौद्योगिकी प्रगति की निशानी है । बहरहाल जब हम प्रौद्योगिकी के समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को या उसकी भूमिका का मूल्यांकन करना चाहते हैं तो यह जानना भी आवश्यक है कि उसका वर्ग चरित्र क्या है ? अर्थात प्रौद्योगिकी का विकास,प्रयोग,उपभोग कौन और किसके हितों के लिए कर रहा है और उसके क्या परिणाम निकल रहे हैं ? ऐतिहासिक रूप से प्रौद्योगिकी का विकास ज्यादातर पूंजीवाद के संरक्षण में हुआ है । इसलिए आधुनिक प्रौद्योगिकी व उससे जुड़ी तकनीक के साथ पूंजीवाद के स्वार्थ अनिवार्य रूप से जुड़े हुए हैं । परिणामस्वरूप आधुनिक प्रौद्योगिकी पहले से ही मजबूत वर्गों को और अधिक समृद्ध और शक्तिशाली बनाने का काम करती है । यह राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर देखा जा सकता है,इसमें विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार के देशों के पूंजीपति वर्ग, शक्तिसम्पन्न और प्रौद्योगिकी सम्पन्न सामाजिक समूह आपस में मिलकर अपने पारस्परिक हितों के लिए कार्य करते हैं । प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल इसके नियंत्रकों के द्वारा लोगों की एक जैसी सोच को विकसित करने में भी किया जा रहा है । जब भी आप किसी तकनीक का इस्तेमाल करते हैं तो यह भ्रम हमेशा बना रहता है कि उसका रिमोट कंट्रोल आपके पास है । यहां चुनने की सीमित स्वतंत्रता आपके पास अवश्य है लेकिन उसमें क्या,कब,और कैसे दिखाया जाएगा इसका नियंत्रण किसी और के हाथ में है । यह महज संयोग नहीं है इस पर अलग से विमर्श की दरकार है । 1930 में गांधी गोलमेज सम्मेलन के लिए लंदन गए थे और वे वहां के मिल मजदूरों से भी मिले थे जिनमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं की थी । गांधी मजदूरों से जानना चाहते थे कि भारत में लोगों के द्वारा विदेशी कपड़ों के बहिष्कार के बाद मजदूरों पर उनके काम पर इसका क्या असर पड़ा है । गांधी चार्ली चैपलिन से भी मिले और उनके विमर्श का केंद्र बिंदु आधुनिक प्रौद्योगिकी और मजदूर थे । इस पूरे विमर्श को केंद्र में रखकर चार्ली चेपलिन ने 1932 में एक फिल्म 'मॉडर्न टाइम्स' बनाई । जिसमें बहुत ही मार्मिक तरीके से मजदूरों के संघर्षों को और उनके अपने परिवार और समाज के साथ ऐलिएनेशन को प्रदर्शित किया गया है । भारतीय सिनेमा में भी जब मार्क्सवाद का प्रभाव था और इप्टा के साथियों ने जब सिनेमा की तरफ रुख किया था तब मजदूरों की व्यथा और संघर्षों का फिल्मांकन भी भारतीय फिल्मों में किया गया है । खासकर जब मिलों को बंद किया जा रहा था तब मजदूरों के संघर्षों उनके सामाजिक व पारिवारिक जीवन का भी सजीव चित्रण फिल्मों में किया गया है । फिल्म 'दो बीघा जमीन' में गांव से पलायन कर आने वाला व्यक्ति शहर में किस प्रकार से जीवनयापन करने की जद्दोजहद से गुजरता है और अंततः वह जिस मकसद से शहर आता है वह पूरा नहीं हो पाता है । आज भी कोलकाता में फिल्म ₹दो बीघा जमीन₹ के नायक की तरह कई मजदूरों को नंगे पैर रिक्शा चलते हुए देखा जा सकता है । ऐसी ही व्यथा का चित्रण प्रेमचंद ने अपने उपन्यास गोदान में किया था । गांवों से पलायन कर एक सपने के साथ न जाने कितने लोग शहरों की तरफ रुख करते हैं । इन मजदूरों का शहरों में भी एक अलग तरह का क्षेत्र विकसित हो जाता है जो शहर के बाहर और थोड़ा शहर के भीतर होता है । जिसके के अपने संघर्ष और अपना शहर से अलगावपन है। कोरोना काल में इन मजदूरों के शहर से वापस गांव के पलायन को और उनकी तकलीफों को विनोद कापरी ने अपनी फिल्म '1232 डटर' जो 2021 में प्रदर्शित हुई है, बखूबी प्रस्तुत किया है और अभी हाल ही में प्रदर्शित फिल्म ₹भीड़₹ में अनुभव सिन्हा ने मजदूरों की व्यथा को दिखाया है । संगठित क्षेत्र के मजदूरों और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की यथास्थिति से ऐसा नहीं है कि हम सभी वाकिफ नहीं हैं । हमनें उन्हें पैदल मीलों तक का सफर करते हुए उनके साथ हो रही हिंसा को होते हुए भी देखा है । वर्तमान समय में हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां दो ही वर्ग धीरे धीरे बनने लगे हैं ,पहला पूंजीपतियों का (शोषक) का और दूसरा मजदूरों (शोषितों) का चाहे वह कोई भी कार्य कर रहे हो,इसे वैश्विक परिदृश्य में भी देखा जा सकता है । अस्थायी या कॉन्ट्रैक्ट बेस पर कार्य करने वाले समूहों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है साथ ही वे किस मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं यह जानना भी आवश्यक है । इस व्यवस्था में हर व्यक्ति एक पुर्जे के समान हैं और उसके घिस जाने पर उसकी जगह लेने वाले कई और पुर्जे तैयार है । भारतीय संदर्भों में सामाजिक राजनीतिक या अन्य समीकरणों के बावजूद भी हमें आर्थिक संदर्भों में देखने समझने की आवश्यकता है । खासकर कोरोना काल के बाद जिस तरह से स्थितियां बदली है वहां बड़ी संख्या में लोग अपने मौजूदा आर्थिक पायदान से नीचे की ओर सरके है । इस स्थिति का जिक्र तमाम तरह की रिपोर्ट्स में मौजूद है । मजदूरों को संगठित और उनमें अपने अधिकारों के प्रति चेतना का संचार मार्क्स से लेकर गांधी तक सभी ने किया है । सभी ने अलग अलग तरीके से मजदूरों के साथ हो रहे शोषण को उजागर किया तथा शोषण को रोकने के लिए प्रयास किए है । कार्ल मार्क्स का मानना था कि पूंजीपति वर्ग अपने निजी स्वार्थ में ऐसी किसी भी नीति को बनने नहीं देंगे जो मजदूरों के जीवन स्तर को बेहतरी की ओर ले जा सकती हो । इसलिए मार्क्स को पूरा यकीन था कि वर्ग संघर्ष लाजमी तौर पर हिंसक और क्रांतिकारी ही होगा । गांधी अपनी आर्थिक अहिंसक पद्धति में पूंजीपतियों को नष्ट करने की बात नहीं करते बल्कि पूंजीवाद की समाप्ति की बात करते हैं । गांधी पूंजीपतियों से आग्रह करते हैं कि ₹वे स्वयं को उन लोगों का न्यासी समझे जिनके ऊपर वह अपनी पूंजी के निर्माण, उसकी रक्षा और उसके संवर्धन के लिए निर्भर है₹। गांधी मजदूर वर्ग से कहते हैं कि ₹ मजदूरों को भी पूंजीपतियों के ह्रदय परिवर्तन की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है₹। यदि पूंजी में शक्ति है तो श्रम में भी शक्ति है । मजदूरों को शोषणकारी,दमनकारी व्यवस्था से असहयोग करना चाहिए । गांधी अहिंसक प्रतिरोध और अहिंसक क्रांति में यकीन करते थे । मार्क्स और गांधी के साध्य पाने के लिए साधन में अवश्य अंतर हो सकता है लेकिन साध्य एक ही था शोषण से मुक्ति । शोषण की यह अवधारणा पूंजीवादी व्यवस्था से लेकर समाजवादी व्यवस्था तक में निहित है । क्योंकि उत्पादन प्रणाली में उत्पादन को बढ़ाने के लिए जिस आधुनिक प्रौद्योगिकी व तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है वह जटिल होने के साथ साथ हिंसक भी है । जो एक शोषण विहीन,वर्ग विहीन समाज की संकल्पना के लिए खतरनाक साबित हो रही है । भारत में 1960 के बाद से ही मजदूरों की एकता को तोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं । सरकारी संरक्षण में ऐसे गिरोहों को आगे बढ़ाया गया जो ट्रेड यूनियन आंदोलन में कामगारों की एकता को तोड़ने के लिए साम्प्रदायिकता और क्षेत्रवाद का सहारा भी लेता है । इसके साथ ही ट्रेड यूनियन के नेताओं को लालच,भय से भ्रष्ट करने का काम भी किया गया । हिंसा और हत्याओं का दौर भी चला जिसमें कृष्ण देसाई और शंकर गुहा नियोगी जैसे मजदूर नेताओं की हत्या भी की गई । नई अर्थव्यवस्था लागू होने के बाद से ट्रेड यूनियनों के पास मजदूर अधिकारों और हितों के संरक्षण की ताकत नहीं बची । जिसका फायदा केंद्र सरकार,राज्य सरकार और पूंजीपतियों ने मजदूर विरोधी नियम कायदे और कानून बनाकर उठाया । मजदूरों द्वारा प्रदर्शन,हड़ताल,काम को रोका जाना अपराध माना जाने लगा है । कमोबेश यही स्थिति हर क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों,मजदूरों की है चाहे वे शारिरिक श्रम करने वाले हो अथवा बौद्धिक या टेबल वर्क करने वाले की है । वर्तमान समय की यह मांग है कि सभी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मी एकजुट हो और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करें । जो संरचनागत ढांचें और पदानुक्रम की व्यवस्था को तोड़ कर एक साथ एक प्लेटफार्म पर अपने अधिकारों और दूसरों के अधिकारों और निजी हितों के प्रति सचेत और जागरूक हो अपने दायित्वों का निर्वहन करें ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# दुनिया में मजदूर आंदोलन का इतिहास

प्रसंगवश

शैलेन्द्र चौहान



मई दिवस आठ घंटे काम के दिन के लिए हुए संघर्ष से जन्मा था और यह संघर्ष मजदूर वर्ग के जीवन का एक हिस्सा बन गया। मेहनतकश करीब दस हजार साल पहले, खेती के विकास के समय से ही मौजूद रहे हैं। दास, अर्द्धदास, दस्तकार और दूसरे मेहनतकशों को अपने मेहनत के फल शोषकों को सौंपने के लिए मजबूर होना पड़ता है। लेकिन आधुनिक मेहनतकश वर्ग मुक्त श्रमिकों का वर्ग, कुछ सौ साल पहले ही पैदा हुआ। इस वर्ग का शोषण मजदूरी की व्यवस्था की आड़ में ढंका होता है, लेकिन यह कम क्रूर नहीं होता। आदमियों, औरतों और बच्चों को दो जून की रोटी के लिए बेहद खराब परिस्थितियों में दस-दस, बारह-बारह घंटे तक खटना पड़ता है।

जहां शोषण है वहां उसका प्रतिरोध भी होता है। पूंजीवाद के विकास के समय मजदूरों को बारह से चौदह घंटे काम करना पड़ता था। कहीं-कहीं तो काम के घंटे तय ही नहीं थे। मजदूर तब तक खटते रहते थे जब तक वे बेदम होकर गिर नहीं जाते थे। इन हालात में यह मांग उठने लगी कि काम के घंटे तय होने चाहिए।

इंग्लैंड के काल्पनिक समाजवादी राबर्ट ओवेन ने 1810 में ही दस घंटे काम के दिन की मांग उठाई थी। उन्होंने अमेरिका के न्यू लेनार्क नाम की जगह पर समाजवादी ढंग से चलने वाला कारखाना और मजदूरों की बस्ती बसाई थी। वहां उन्होंने दस घंटे काम का दिन लागू किया था। लेकिन इंग्लैंड के बाकी मजदूरों को इसके लिए काफी इंतजार करना पड़ा।

1836 में, फिलाडेल्फिया में दस घंटे के दिन की मांग मनवाने में कामयाबी हासिल करने के बाद मजदूरों की यूनियन नेशनल लेबर ने घोषणा की, दस घंटे का दिन जारी रखने की हमारी बिलकुल इच्छा नहीं है क्योंकि हम मानते हैं कि रोजाना आठ घंटे मेहनत करना किसी भी इंसान के लिए काफी है। जिस समय यह आंदोलन चल रहा था उसी समय अमेरिका में गृहयुद्ध भी छिड़ा हुआ था। अमेरिका के दक्षिणी राज्यों में अफ्रीका लाये गये काले लोगों से गुलामी कराई जाती थी। इस प्रथा को खत्म करने को लेकर उत्तरी और दक्षिणी राज्यों के बीच घमासान लड़ाई छिड़ गई। अब्राहम लिंकन की अगुआई में अमेरिकी संघ की जीत हुई और दक्षिणी राज्यों की गुलाम प्रथा खत्म हो गई। मार्क्स ने इसके बारे में लिखा है, गुलामी के अंत से एक नये जीवन की शुरूआत हुई। गृहयुद्ध का पहला असली फल आठ घंटे काम का आंदोलन था जो कि रेल के फैलाव के साथ ही अंटलांटिक सागर से प्रशांत महासागर तक, न्यू इंग्लैंड से लेकर केलिफोर्निया तक फैल गया। इस बात का सबूत बाल्टीमोर शहर में 1866 में हुई मजदूरों की आम सभा की इस घोषणा से भी मिलता है, इस देश को पूंजीवादी गुलामी से आजाद करने के लिए आज पहली और सबसे बड़ी जरूरत ऐसा कानून पास करना है जो पूरे अमेरिका में आठ घंटे काम का दिन लागू करे।

इसके छह साल बाद, 1872 में, न्यूयार्क शहर के एक लाख मजदूरों ने हड़ताल की और आठ घंटे के दिन का अधिकार हासिल किया। लेकिन यह ज्यादातर भवन निर्माण मजदूरों के लिए था। आठ घंटे के इसी उफनते ज्वार के बीच मई दिवस का जन्म हुआ।

1884 में अमेरिका और कनाडा के मजदूर यूनियनों के महासंघ (फेडरेशन) के सम्मेलन में आठ घंटे काम के काम के दिन का एक मई की तारीख से जोड़ा गया। तीन साल पहले बना यही फेडरेशन आगे चलकर अमेरिकन फेडरेशन ऑफ लेबर बन गया। उस समय अमेरिका के मजदूर आंदोलन की तीन मुख्य धाराएं मौजूद थीं।एक मई, 1886 के लिए चल रहे अभियान में इन तीनों धाराओं के सभी हिस्से शामिल थे। नाइट्स ऑफ लेबर के नेताओं ने फेडरेशन द्वारा आंदोलन में शामिल होने की बार बार अपीलों को ठुकरा दिया और घोषणा की कि वे किसी भी तरह की हड़ताल के खिलाफ हैं। लेकिन नाइट्स की स्थानीय कमेटियों ने एक मई आंदोलन में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय नेताओं पर दबाव डालना शुरू कर दिया। बढ़ते दबाव के कारण और मजदूरों के जुझारू मूड से डरकर नाइट्स ने पहली मई के लिए गोलबंदी शुरू कर दी। शिकागो में नाइट्स के नेता जॉर्ज शिलिंग उस दिन की तैयारी में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन के साथ शामिल हो गए। नाइट्स ने सिनसिनाटी और मिलवाकी में भी संगठन करने में अहम भूमिका निभाई। अप्रैल 1886 तक तीस हजार से ज्यादा मजदूरों को आठ घंटे के दिन का अधिकार मिल गया। मालिक लोग बार-बार डरा रहे थे कि पहली मई को हिंसा होगी लेकिन दुनिया का पहला मई दिवस एक शानदार सफलता थी। उस दिन लाखों मजदूर शांतिपूर्ण हड़तालों और प्रदर्शनों में शामिल हुए। सबसे बड़ा प्रदर्शन शिकागो में हुआ, जहां 90 हजार मजदूरों ने जुलूस निकाला।

तीन मई, 1886 तक शिकागो में हड़ताली मजदूरों की संख्या बढ़कर 65 हजार पहुंच गई थी। पूंजीपतियों ने घबराकर यह तय किया कि अब मजदूरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी हो गई है। तीन मई की दोपहर को उन्होंने हमला किया। स्पाइस हड़ताली लकड़ी मजदूरों के सामने भाषण दे रहे थे जो कि आठ घंटे काम के दिन के लिए मालिकों से बातचीत की तैयारी में थे।

रैली के दौरान सैकड़ों लकड़ी मजदूर वहां से करीब चौथाई मील दूर मैकार्मिक हार्वेस्टर कारखाने के मजदूरों का साथ देने चले गए, जो तालाबंदी के कारण बाहर थे। मैकॉर्मिक के मजदूरों को तालाबंदी कर-के तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था। कारखाना गद्दारों के दम पर चलाया जा रहा था और लकड़ी मजदूर तालाबंदी के शिकार मजदूरों का साथ देने गए थे, ताकि पाली बदलने के समय गद्दारों को मुंह तोड़ जबाव दिया जा सके।

15 मिनट के अंदर सैकड़ों पुलिसवाले वहां पहुंच गए। स्पाइस और बाकी लकड़ी मजदूर भी गोलियों की आवाज सुनकर अपने साथियों का साथ देने के लिए मैकॉर्मिक की ओर बढ़े। लेकिन उन्हें पुलिस की एक टुकड़ी ने रोक लिया और उन पर लाठियों से हमला किया तथा भीड़ में गोलियां चलाईं। कम से कम चार मजदूर मौके पर ही मारे गए और बहुत से घायल हो गए। स्पाइस ने तुरंत अंग्रेजी और जर्मन भाषा में दो पर्चे जारी किए। एक का शीर्षक था, मजदूरों! बदला लो, हथियार उठाओ, और इस अत्याचार का जिम्मेदार मालिकों को ठहराया। दूसरे पर्चे में पुलिस द्वारा की गई हत्याओं की निंदा करने के लिए हेमार्केट चौक में एक रैली (जनसभा) बुलाई गई थी।

रैली वाले दिन, चार मई को, पुलिस ने हड़ताली मजदूरों पर जगह-जगह हमले किए। इन हमलों के बावजूद, शाम को होने वाली रैली में 3 हजार मजदूर इकट्ठा हुए। शहर का मेयर भी वहां था जो चाहता था कि रैली शांतिपूर्ण रहे। मेयर के चले जाने के कुछ ही मिनट बाद, जब फील्डेन बोल रहे थे, तो एक सौ अस्सी पुलिस वालों ने मंच को घेर लिया और मांग की कि रैली भंग कर दी जाए। फील्डेन ने विरोध किया और कहा कि रैली तो शांतिपूर्ण है। पुलिस कप्तान अभी पुलिसवालों को आदेश दे ही रहा था कि तब तक भीड़ से पुलिसवालों की तरफ एक बम फेंका गया। 65 पुलिसवाले घायल हुए जिनमें से 7 की बाद में मौत हो गई। पुलिस ने मजदूरों पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे दो सौ मजदूर घायल हुए और अनेक मारे गए। कुछ ही दिनों में सात नेता - स्पाइस, फील्डेन, माइकल श्वाब, एडॉल्फ फिशर, जॉर्ज एंजेल, लुईस लिंग और आस्कर नीबे को गिरफ्तार कर लिया गया। नीबे के अलावा बाकी सबको मौत की सजा सुनाई गई। फील्डेन और श्वाब ने मौत की सजा माफ करने की याचिका दायर करके अपनी सजा को आजीवन कारावास में बदलवा लिया। 21 साल के लिंग ने अपने मुंह में डायनामाइट का विस्फोट करके जल्लाद को यह मौका ही नहीं दिया कि उसे फांसी पर चढ़ा सके। शेष चार, अल्बर्ट पार्सन्स, स्पाइस, एंजेल और फिशर को 11 नवंबर 1887 को फांसी दे दी गई।

छह वर्ष बाद, इलिनॉय राज्य के गवर्नर जॉन एल्टजेल्ड ने नीबे, और फील्डेन को आजाद कर दिया और मौत की सजा पाने वाले पांचों लोगों को बरी करते हुए यह बताया कि उनके खिलाफ पेश किए गए ज्यादातर सबूत फर्जी थे और मुकदमा एक नाटक था। लेकिन नुक्सान तो हो चुका था। सिर्फ हेमार्केट के बाद गिरफ्तार आठ लोगों का नहीं, बल्कि पूरे मजदूर आंदोलन को भारी नुकसान हुआ। अगले साल, 1889 में, फ्रांसीसी क्रांति की सौवीं वर्षगांठ पर अंतर्राष्ट्रीय मार्क्सवादी-समाजवादी कांग्रेस में चार सौ प्रतिनिधि पेरिस में इकट्ठा हुए। इसी कांग्रेस में दूसरे कम्युनिस्ट इंटरनेशनल का गठन किया गया। गोम्पर्स ने पहली मई, 1890 को होने वाली कारवाई के बारे में बताने के लिए अपना एक प्रतिनिधि भेजा। कांग्रेस ने फ्रांस के प्रतिनिधि लाविंए द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव पास किया। इसमें कहा गया कि पहली मई, 1890 को आठ घंटे के दिन की मांग पर एक विशाल अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन, आयोजित किया जाएगा, क्योकि अमेरिकन फेडरेशन ऑफ लेबर ने ऐसे प्रदर्शन के लिए पहले ही संकल्प ले लिया है। हालांकि 1889 के प्रस्ताव में एक मई को एक बार प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था, लेकिन जल्दी ही यह एक हर साल होने वाला कार्यक्रम बन गया। पूरी दुनिया में ज्यादा से ज्यादा देशों में मजदूर मई दिवस को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने लगे।

**संपर्क : 34/242, प्रतापनगर, सेक्टर-3, जयपुर- 303033**
**मो. 7838897877**

# सदियों में होते हैं मधु लिमये जैसे जन नेता पैदा

स्मरण

आर.के. सिन्हा




मधु लिमये उन नेताओं में से थे जिनसे कुछ बिन्दुओं पर मतभेद होने पर भी आप उनका सम्मान करना नहीं छोड़ पाते। उनके ज्ञान और सादगी से आप बिन प्रभावित हुए नहीं रह सकते थे । वे एक उद्भट् विद्वान, चिंतक, देश विदेश के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, ज्वलंत समस्याओं और उसके निदान पर विपुल साहित्य के रचनाकार थे। उनकी बुद्धिमत्ता, प्रखरता, ध्येयनिष्ठा और समर्पण के कारण 25 वर्ष के मधु लिमये को जयप्रकाश नारायण, डॉक्टर लोहिया ने एशियन सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस का सचिव बनाकर रंगून भेजा। 1947 में एंटवर्प मे सोशलिस्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में के रूप में इन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

मधु लिमये मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। लिमये समाजवादी विचारधारा से आते थे और गोवा लिबरेशन जैसे अनेक आंदोलनों का भी हिस्सा बने थे। लेकिन जब राष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना। पहली बार वो 1964 में मुंगेर से उप चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। इस जीत के बाद, वह यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी बने। मधु लिमये के दिल में बसता था बिहार जहाँ से लोकसभा में पहुंचे थे। उन्हें बिहार के समाज और संस्कृति की गहरी समझ थी। मधु लिमये ने एक बार बताया था कि गर्मियों में बिहारियों को लगातार मीठे आम मिल जाएं तो वह तृप्त हो जाते है। इसी क्रम में वे जदालु आम के स्वाद पर बोले। उन्होंने बताया था कि जदालु आम का स्वाद और खुशबू अद्वितीय होती है।

स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा, तीन विदेशी साम्राज्यों ब्रिटिश, पुर्तगाली, नेपाली हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ लड़कपन से ही जूझने वाले मधु लिमये सच्चे गांधीवादी थे। उन्हें 1940 में विश्व युद्ध के समय 18 वर्ष की उम्र में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ भाषण देने के कारण एक साल के सश्रम कारावास की सजा मिली। भारत छोड़ो आंदोलन मे 1943 में गिरफ्तार होने पर 1945 में जेल से छूटे। 1955 में गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने के कारण 12 वर्ष की सजा सुनाई गई। 1958 में सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने। उन्होंने नागरिक आजादी के हक में, गैर बराबरी, जुल्म, अन्याय, जातिवाद, सांप्रदायिकता के खिलाफ तथा समाजवादी व्यवस्था की स्थापना में अपनी जिंदगी खपा दी। जन सवालों के लिए संघर्ष करने के कारण 1959 में हिसार (पंजाब) पहुंचे और 1968 में लखीसराय (बिहार) तथा 1970 में मुंगेर, बिहार ।

भारतीय संसद के इतिहास में मधु जी ने एक और ऐतिहासिक कार्य 1975 में आपातकाल लागू होने के बाद संसद की अवधि 5 साल के स्थान पर 6 साल करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए, संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

वे सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, त्याग, सादगी मितव्ययिता के उच्च मानदंड, के प्रतीक भी हैं। उन्होंने समाजवादी दर्शन, सिद्धांत, विचारों, नीतियों को न केवल गढ़ा उसको अमलीजामा देने, हजारों कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने और उस मार्ग पर चलने के लिए तमाम उम्र अलख भी जगाई। मधु जी की जीवन संगिनी आदरणीय चंपा लिमये के योगदान और त्याग को भी हम कभी भुला नहीं सकते। मधु लिमये के राजधानी के नार्थ एवेन्यू, वेस्टर्न कोर्ट और पंडारा रोड के घरों में शाम को अवश्य ही बैठकी जमती। उसमें दिल्ली यूनिवर्सिटी तथा जेएनएयू के अध्यापक,विद्?ार्थी, संपादक और उनके अन्य मित्र हुआ करते थे। उनके घर में आने वाले अतिथियों को चाय चंपा जी ही बनाकर पिलाया करती थीं। गर्मियों में सुराही का पानी पीकर लोग अपनी प्यास बुझाते थे। सन 1995 में मधु जी की मृत्यु के बाद पंडारा रोड का घर खाली कर दिया गया। चंपा जी मुंबई चली गईं अपने बेटे के पास। इस बीच, पंडारा रोड में रहने वाले लिमये जी के नाम पर एक सड़क का नामकरण चाणक्यपुरी इलाके में हुआ। यह बात समझ से परे है। मधु जी के नाम पर जनपथ, पंडारा रोड या लोधी रोड के आसपास ही किसी सड़क का नाम रखा जा सकता था। मधु लिमये चार बार लोकसभा सांसद रहे पर स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व सांसद की पेंशन कभी नहीं ली। लेखन कार्य के मेहनताने से ही ज़िंदगी चलाते थे। सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया। दो बार विदेश मंत्री बनने का प्रस्ताव ठुकराया। लोकसभा चुनाव हारने पर राज्यसभा में जाने से इंकार किया। मधु जी को सत्ता का मोह विचलित नहीं कर सका। वे महात्मा गांधी, आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ राम मनोहर लोहिया, अच्युत पटवर्धन, युसूफ मेहर अली की परंपरा के वारिस की भूमिका को भी आपने बखूबी निभाया। उन्होंने अपने जीवन में ₹न्यूनतम लिया अधिकतम दिया और श्रेष्ठतम जिया₹। मधु जी के सरकारी निवास में भारत के तीन-तीन प्रधानमंत्री बने नेता चौधरी चरण सिंह, वीपी सिंह और चंद्रशेखर अक्सर सलाह मशवरा करने के लिए आते थे। मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, संसद सदस्यों, एमएलओ की तो कोई गिनती ही नहीं थी। मधु जी को कला और संगीत की भी गहरी समझ थी। उनके पास भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व, मलिकार्जुन मंसूर,डागर बंधु, जितेंद्र अभिषेकी, गंगूबाई हंगल, यामिनी कृष्णमूर्ति , सोनल मानसिंह, उमा शर्मा जैसे अनेकों कलाकार संगीत की बारीकियों पर चर्चा करने के लिए आया करते थे।



मधु जी के घर में सरकारी बैंत का फर्नीचर बिछा रहता था। उनके पास एक पुराने किस्म का एक टेप रिकॉर्डर था। आनंद के हिलोरे लेने के लिए वे अपने मनपसंद कैसेट को लगाकर शास्त्रीय संगीत सुनते थे।

कई बार उनके मित्र, अनुयायी उनसे शिकायत करते कि मधु जी बड़ी गर्मी है, हम आपके लिए एयर कंडीशन ला देते हैं, फ्रिज भिजवा देते हैं। परंतु मधु लिमये की प्यास और चाहत कुछ अलग ही थी। उन्होंने लिखा है ₹शेक्सपियर की सभी रचनाओं, महाभारत और ग्रीक दुखांत रचनाओं के साथ मुझे एकांत आजीवन कारावास भुगतने में खुशी होगी। और अगर जीवन के अंत तक मुझे यह अवसर नहीं मिला तो संत ज्ञानेश्वर की रचनाओं को पढ़ने की मेरी प्यास अतृप्त रहेगी। बहरहाल, मधु जी के संघ की सोच से कुछ बिन्दुओं पर मतभेद थे। संघ की भी उनसे कुछ विषयों पर असहमति थी। लोकतंत्र में यह सब सामान्य है और इसका स्वागत होना चाहिए। पर मधु लिमये भारत की राजनीति को अपनी ईमानदारी, ज्ञान और सादगी से प्रभावित करते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## बैठक में फर्जी जॉब कार्ड भरने की खुली पोल

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत धौरहां ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की खुली बैठक बुलाई गई जिसमें विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान धौरहां गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया और मनरेगा के कार्यों में मजदूरों का फर्जी मस्टर रोल भरकर पैसा निकालने तथा मजदूरों का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया।

इस दौरान गांव की महिलाओं ने पंचायत मित्र पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया। ज्ञात हो कि धौरहां ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन सड़क में घटिया मैटेरियल इस्तेमाल किए जाने की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की गई है जिसमें ब्लाक अधिकारियों की टीम जांच में घटिया मैटेरियल पाए जाने की रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी रमाकांत को दी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर मामले को ठंढे बस्ते में डाल दिया गया है। ऐसे में भाजपा सरकार के नीतियों को दरकिनार करते हुए ब्लाक अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# शहर में है 27 बड़े नाले, 10 नालों के पानी का हो रहा है शोधन

**यह है हाल**

**करोड़ों खर्च करने के बाद भी नाले से गंगा को नहीं मिली मुक्ति**

**विभागीय अधिकारी काट रहे हैं मलाई, कब होगी कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले में नगर पालिका परिषद के मुताबिक कुल 27 बड़े नाले हैं। ऐसे में 17 बड़े नालों का पानी बिना सीवेज बगैर शोधन के सीधे गंगा नदी में गिराया जा रहा है, इससे गंगा में प्रदूषण बढ़ रहा है। कार्यदायी संस्था का दावा है कि जनवरी 2024 तक सभी नालों को टेप्ड करके शिविर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जोड़कर दिया जाएगा।

जिसके बाद पानी को गंगा में शोधन करने के बाद गिराया जाएगा, इसको लेकर काम भी जारी है। जिले में अबतक 10 बड़े नालों के पानी को शिविर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़कर शोधन के बाद गंगा नदी में गिराया जा रहा है। नगर में हर दिन 31 एमएलडी सीवेज का निस्तारण होता है। इनमें से तीन प्लांटों से 16.50 एमएलडी पानी का शोधन किया जा रहा है, लेकिन 14 एमएलडी पानी को बिना सोधित किये गंगा नदी में गिराया जा रहा है।



गंगा में बहता नाले का पानी

**नमामि गंगे परियोजना के तहत हो रहा है काम**

जिले में नमामि गंगे परियोजना के तहत 129 करोड़ की लागत से गंगा नदी को स्वच्छ रखने को लेकर काम किया जा रहा है, इसके तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराके नालों को टेप्ड करके पानी को एक जगह लाया जा रहा है। पानी का शोधन करने के बाद गंगा नदी में गिराया जा रहा है। अभी तक जिले में नमामि गंगे परियोजना के तहत लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 50 प्रतिशत काम का पूरा होना बाकी है। 17 बड़े नालों का पानी गंगा को सीधे प्रदूषित कर रहा है। सवाल यह है कि आखिर इतने दावों के बावजूद भी अब तक काम क्यों नहीं पूरा हो सका।

**एडीएम नमामि गंगे बोले जल्द पूरा होगा काम**

एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा ने बताया कि घोड़े शहीद व विसुन्दरपुर में एसटीपी का निर्माण कराया जा रहा है। विंध्याचल में भी निर्माण कार्य पूरा कराके शुरू करा दिया गया है। टारगेट है कि जून महीने तक घोड़े सहित व भी सुंदरपुर में बन रहे एसटीपी को शुरू करा दिया जाए, जिससे कि नाले के पानी का शोधन हो सके। इन नालों को टेप्ड करने का भी काम चल रहा है। गंगा प्रदूषण बोर्ड की देखरेख में काम चल रहा है। कार्य तेजी के साथ चल रहा है।

## अनियंत्रित होकर पलटी सफारी, चालक घायल

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के कलवारी स्थित बरदहवां नाले में रविवार को सफारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी। प्रयागराज जनपद से धीरज मिश्रा 35 ड्राईवर तोयज मिश्रा 30 व दो वर्षीय बेटी अंशिका के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने राबर्ट्सगंज जा रहे थे कि तेज रफ्तार सफारी अनियंत्रित होकर नाले में पलट गयी, संयोग अच्छा था कि बड़ी घटना नहीं घटी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीणों की मदद से पलटी सफारी गाड़ी में फंसे सवारों को बाहर निकालकर निजी चिकित्सालय ईलाज के लिए ले जाया गया। बरदहवां नाले पर अंधा मोड़ होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। इस दुर्घटना में सफारी गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। लेकिन मासूम बच्ची को हल्की फुल्की खरोच ही लगी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नया पुल बनाया गया है जो सड़क को सीधा कर देगा लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते आज तक इसको चालू नही किया गया और आये दिन दुर्घटनाएं घटित होती रहती है।

## संक्षेप

### डबल इंजन सरकार को जवाब देने को तैयार है जनता : नरेश उत्तम



**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के 744 नगर पालिकाओं के चुनाव में समाजवादी पार्टी परचम लहराने जा रही है और जनता भी जान चुकी है कि प्रदेश में बीजेपी की डबल इंजन सरकार झूठा वादा कर जनता को गुमराह कर रही है। पार्टी में बगावत के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हम नाराज पदाधिकारियों को मनाने का काम करेंगे। जनता डबल इंजन सरकार के 6 साल और केंद्र सरकार के 10 वर्षों के कार्यों का आकलन कर रही है। जिस तरह अखिलेश यादव ने 5 साल में प्रदेश का जो विकास किया उसको जनता अब काउंटर करने लगी है। पार्टी में मतभेदों पर बोलते हुए कहा कि हम उन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मनाने का काम करेंगे जिनको हम टिकट नहीं दे पाए। उन्होंने अन्य पार्टी से आए पदाधिकारियों को टिकट देने के सवाल पर मौन रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव, पार्टी प्रवक्ता अशोक सिंह समेत काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत, सड़क पर शव रखकर भागे ससुराली



**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के चड़िया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। गांव में घंटों चली पंचायत के बाद ससुराल वाले रात शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे तभी मृतका के भाई ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के आने की भनक लगते ही ससुराल वाले शव को सड़क पर छोड़ कर भाग निकले। पुलिस कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। कछवां के चड़िया गांव निवासी सरिता पत्नी चंद्रभूषण सिंह 30 की संदिग्ध हाल में मौत हो गयी थी। रात्रि में ससुराल पक्ष के लोग शव का अंतिम संस्कार के लिए जाने लगे। तभी मृतका के भाई विनय ने फोन कर कछवां थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा को सूचना दी कि मेरी बहन सरिता की हत्या कर दी गयी है। पुलिस के आने की भनक लगते ही ससुराल वाले चड़िया से दो किलोमीटर दूर मझवार गांव में शव छोड़कर भाग गए। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

### दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** वादी श्रीराम पुत्र रामस्वरूप निवासी पिपराडाड़ थाना कोतवाली कटरा द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी । जिसके आधार पर थाना चील्ह पर संम्बधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक चील्ह को निर्देश दिये गए थे। जिसके क्रम में रविवार को उ0नि0 मोहम्मद शकील खां मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद आरोपी पंडित निषाद पुत्र लउधर निवासी दलापट्टी थाना चील्ह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरेंव गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आकर रविवार को एक मासूम की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरेंव निवासी रामधनी विश्वकर्मा के यहां उनके बेटे अजय विश्वकर्मा की आगामी 7 मई को शादी होना निश्चित है। शादी की तैयारी के लिए विगत 17 अप्रैल से रामधनी की पुत्री नीलम विश्वकर्मा मायके आई हुई थी। साथ में साढ़े 3 वर्षीय पुत्र अर्पित भी था जो रविवार को लगभग 8:00 बजे गली में खेल रहा था। ईट भट्ठे से ईंट लादकर जा रही ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से अर्पित साढ़े 3 वर्षीय पुत्र महेंद्र विश्वकर्मा निवासी परशुरामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मासूम की लाश कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। बच्चे की मृत्यु देख घर में कोहराम मच गया। मां का रो रो कर बुरा हाल था।

### बालक के पैर पर चढ़ाया ट्रैक्टर

**मीरजापुर।** विंध्याचल के लाला के डेरा के पास बाबू हीरालाल इंटर कालेज के महज चंद दूरी पर अवैध माटी की खनन की ओवर लोड ट्रैक्टर ने सड़क के पास खेल रहा बालक के पैर पर चढ़ा दिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे बालक को आनन फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसके पैर की हड्डी टूटने की बात कहीं गई। बालक के पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया। स्थानीय लोग आक्रोश में आकर इसका विरोध किया तो एक व्यक्ति ने कहा कि साहब यहां दो लोगों का जे सी बी और ट्रैक्टर मिट्टी खोदने का काम कर रहा है। मिट्टी लादकर ट्रैक्टर इतना तेजी से निकालते है। फिलहाल इस घटना से स्थानीय लोग काफी क्षुब्ध और अक्रोशित दिखाई दें रहे है। बताया गया है कि बालक चार वर्ष का है पिता का नाम प्रदीप मौर्य है।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली कटरा पर बीते 31 मार्च को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा को निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा प्रेम शंकर तिवारी मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से आरोपी कृश गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता उर्फ मुन्ना गुप्ता निवासी मकरी खोह थाना कोतवाली कटरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरेवां गांव के पास रविार को हवेली ढाबा के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने पर आरपीएफ ने चुनार पुलिस को सूचना दिया। जेब से आधार कार्ड मिलने पर नीतेश कुमार पुत्र राम अवतार 26 वर्ष निवासी पुरुषोत्तमपुर छपरा, बिहार के रूप में पहचान हुई। जिसकी सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई। परिजन के अनुसार मृतक मुंबई में हेल्पर का काम करता था। वह पुणे दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में ट्रेन से गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। नीतेश के साथ आ रहा भांजा आनंद कुमार ने बताया कि रात में हम लोग साथ में थे उसके बाद नींद आ गई। कब कैसे गिरे यह मुझे पता नहीं चला। नींद खुलने पर उसे तलाश किया गया तो नहीं मिला जिसके बारे में लिखित तहरीर आरपीएफ को दिया गया था। मृतक अपने मां-बाप का इकलौता संतान एवं अविवाहित था।

# रेलवे स्टेशन परिसर में मिला युवक का शव

## दो दिन से तलाश कर रहे परिजन बिलख पड़े, हत्या की आशंका

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के माल गोदाम की ओर रविवार 18 वर्षीय वासु पुत्र रविंद्र कुमार उमर का संदिग्ध हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसके गले में अंगोछा बंधा हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर पहुंचे जीआरपी, आरपीएफ एवं कटरा कोतवाली पुलिस छानबीन कर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। मृतक भटवा की पोखरी का निवासी बताया गया है।



शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस

मृतक वासु कोरियर कंपनी में दुबारा काम शुरू किया था। कटरा कोतवाली क्षेत्र के भटवा की पोखरी निवासी वासु शास्त्री सेतु के पास स्थित एक कोरियर कंपनी में काम करता था। परसों वह अपने घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने फोन किया तो उसका मोबाइल कोरियर कंपनी में ही मिला।

करीब 5 दिन पूर्व वासु ने दोबारा कंपनी को ज्वाइन किया था। परिजन उसके लापता होने पर उसकी तलाश कर रहे थे। आज उसका शव रेलवे स्टेशन के माल गोदाम की ओर मिला स्टेशन परिसर में संदिग्ध हालत में मिला। रेलवे स्टेशन के दक्षिणी गेट की तरफ शव मिलने की जानकारी लगते ही आरपीएफ प्रभारी दिनेश कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार एवं जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। जानकारी होते ही कटरा कोतवाली पुलिस फॉरेंसिक टीम एवं डाग स्क्वायड के साथ पहुंची। छानबीन कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के गले में अंगोछा बंधा हुआ था। उसकी स्कूटी करीब 50 कदम दूर मिली है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटीं हैं। उसके पैंट पर मोबाइल नंबर के साथ ही घर पर सूचित करने की बात लिखा हुआ था। शव देखते ही परिजन बिलख पड़े। उन्होंने हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं से जांच करने मे जुटीं हैं।

# अज्ञात कारणों से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

## घटना के बाद मचा हड़कम्प, जांच में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में घर से पांच सौ मीटर दूर शनिवार की रात एक किराना की दुकान के सामने रखे तख्त पर युवक अचेतावस्था में पड़ा था। जिसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया ले गए।

जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मटिहरा गांव निवासी 36 वर्षीय पुन्नवासी कोल शनिवार की रात आठ बजे के करीब गांव के ही हीरालाल यादव के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वहां से वापस आकर घर से करीब पांच सौ मीटर दूर मेवालाल की किराना की दुकान के सामने रखे तख्त पर लेटा हुआ मिला। मृत युवक की पत्नी उर्मिला पति के घर वापस नही आन पर खोजबीन करने लगी। जहां ग्रामीणों ने बताया कि पुन्नवासी किराना की दुकान के सामने तख्त पर लेटा हुआ है। पत्नी तथा परिवार के लोग किराना की दुकान पर पहुंचे तो अचेतावस्था में देखकर आनन-फानन में देर रात एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक विवेक खरे ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक को दो बेटी और दो बेटे हैं जिसमें एक बेटी की शादी हो गई है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश ने घटना की जांच पड़ताल कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। घटना की जांच की जा रही है।

## महिला पहलवानों को प्रताड़ित करना बंद करो : जिलाध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**जमालपुर।** जंतर-मंतर धरने पर बैठे महिला पहलवानों को प्रताड़ित करना बंद करो आदि सवालों को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष सतीश यादव के नेतृत्व में रविवार को मानिकपुर गांव में राज्यव्यापी आह्वान के तहत प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, का नारा देने वाली सरकार में यौन उत्पीडन से दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने के साथ ही साथ, जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन के जरिए उठाना पड़ रहा है। आरोपी सांसद पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश भाजपा सरकार कर रही है जो बेहद शर्मनाक है जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने यथाशीघ्र शीघ्र आरोपी नामजद सांसद से सभी पदों से इस्तीफा देने के साथ ही गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों को न्याय देने की मांग को लेकर लखनऊ में शान्तिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आइसा के छात्र नेताओं के गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए इंसाफ के पक्ष में उठ रही हर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने की पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महिला पहलवानो को न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस दौरान रामबिलास बिंद, राम मूरत, अजय पाल, ज्योति यादव, मंशा यादव, अर्चन यादव, आरती यादव, साक्षी यादव, राम स्तन बिंद, गिरजा पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते लोग

### बाइक सवार युवकों ने आटो पर बैठी महिला का छीना पर्स

**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र में इन दिनों अपराध की बाढ़ सी आ गई है। आए दिन राहगीरों के साथ मारपीट और छिनैती लूट की घटना हो जाती है, तो वही विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत सीताकुंड मोड़ के पास रविवार को बाइक सवार दो युवकों ने आटो पर बैठी महिला का पर्स छीनने की कोशिश की इसके बाद महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, साथ महिला का मंगलसूत्र गायब हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनी सोनकर उम्र 23 वर्ष अपने मायका मुहकुचवां से सास गेंदा देवी, जेठानी मालती देवी के साथ अपने घर मांडा प्रयागराज के महेवां गाँव जा रही थी। मोनी आटो के दाहिनी तरफ बैठी थी और पर्स को हाथ मे लिया था जैसे ही विन्ध्याचल के अष्टभुजा सीता कुंड के पास पहुंची तो पीछे से बाइक पर सवार दो युवक मोनी का पर्स छीनने लगे, जिसके बाद मोनी सड़क पर गिर गयी और बगल में बैठी जेठानी मालती मोनी को बचाने के चक्कर मे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विन्ध्याचल भेजा जहां घायल दोंनो महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर विंध्याचल थाना प्रभारी ने पीड़ित का हाल जान मामले की जांच में जुट गए।

# भाजपा ने 14 लोगों को दिखाया बाहर का रास्ता

## टिकट न मिलने से नाराज मनोज श्रीवास्तव ने अध्यक्ष पर किया निर्दल नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**भाजपा की कार्रवाई पर भाजपाई ही खुद दाग रहे हैं सवाल**

**मीरजापुर।** जिले के बागी प्रत्याशियों को भारतीय जनता पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने अपने लेटर पैड पर इन पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए मीडिया को भी इसकी जानकारी दिया। जिसमें 14 पदाधिकारी शामिल है। जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है वे बीजेपी के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया उसके बाद भी भाजपा ने उन्हें कही स्थापित नहीं किया।

बताते चलें कि निकाय चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जिन प्रत्याशियों को टिकट नहीं दिया। उन्होंने बगावत करते हुए अपना नामांकन निर्दल के रूप में कर चुनावी बयार में अपनी ताल ठोक दी। सबसे पहले प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोज श्रीवास्तव को बाहर का रास्ता दिखाया गया। उसके बाद जिला कार्यकारिणी सदस्य आनंद श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पन्नालाल मौर्या, जिला कार्यकारिणी सदस्य रवि शंकर साहू, मनोज दमकल, चंदन जायसवाल, डॉ सुरेश कसेरा, शिव कुमार पटेल, सुरेश मौर्य, गुंजन गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव, आशीष अग्रहरी, राजेश जयसवाल, विजय गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाते हुए 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया। यह जानकारी देते हुए भाजपाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के निर्देश एवं जिला कमेटी की संस्तुति पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण 14 लोगों को पार्टी से 6 साल के लिए निश्चित कर दिया। हालांकि भाजपा के इस कार्रवाई पर इन लोगों में हड़कंप तो नहीं है लेकिन जिले में भारतीय जनता पार्टी को लेकर जनता व भाजपाई सवाल अवश्य दाग रहे हैं।




# भाजपा में आकर पवित्र हुए निवर्तमान चेयरमैन गुलाब मौर्य

जनसंदेश न्यूज

**निकाय चुनाव**

**गुलाब मौर्य ने समर्थकों के साथ बीजेपी उम्मीदवार को दिया समर्थन**

**दल तो मिला, लेकिन नहीं मिल सका दिल**

**मीरजापुर।** जिले में निकाय चुनाव से पहले लगातार नेता एक दल से दूसरे दल में शिफ्ट हो रहे हैं। अहरौरा नगर पालिका से प्रबल चेयरमैन गुलाब दास मौर्य ने अंत समय में मन बदलने के बाद खुद को चुनावी जंग से खुद को दूर रखा। शुक्रवार की देर शाम उन्होंने अचानक से अपने समर्थकों के साथ बीजेपी के प्रत्याशी को समर्थन देकर चौका दिया।

बसपा के नेता रहे गुलाब दास मौर्य ने मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल व अन्य नेताओं के कहने पर भले ही बीजेपी के उम्मीदवार को समर्थन दे दिया, लेकिन समर्थन के बाद कि चुप्पी से बीजेपी के खेमे की टेंशन और बढ़ गई है। जिले के अहरौरा के बड़े खनन व्यवसायी गुलाब दास मौर्य ने 2017 के चुनाव में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर चेयरमैन बने थे। इस बार भी उनकी दावेदारी बड़ी प्रबल दिखाई दे रही थी, लेकिन बीजेपी ने ओमप्रकाश केसरी को उम्मीदवार बना दिया। बीजेपी से ओम प्रकाश केसरी के उम्मीदवार बनने के बाद गुलाब दास मौर्य ने इस चुनाव से खुद को अलग रखे हुए थे, लेकिन विधायक रमाशंकर सिंह पटेल से बातचीत होने के बाद गुलाब दास मौर्य ने बीजेपी के उम्मीदवार ओमप्रकाश को समर्थन दे दिया।

अपने समर्थकों के साथ पहुंचे गुलाब दास मौर्य ने अपनी ताकत का एहसास कराया। भले ही गुलाब दास मोदी ने ओमप्रकाश केसरी को समर्थन दे दिया हो, लेकिन उनके समर्थन में कुछ भी बोलने से गुलाब दास मौर्य बचते दिखे। समर्थन देने के बावजूद विधायक रमाशंकर पटेल व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने अपनी बात कही, लेकिन गुलाब दास मौर्य कुछ भी कहने से बचते हुए दिखाई दिए। गुलाबदास मौर्य अहरौरा के बड़े व्यवसाई के साथ पिछड़ों के बड़े नेता हैं। ऐसे में भले ही उन्होंने दल को समर्थन दे दिया हो, लेकिन दिल की दूरियां अभी दूर नहीं हुई है। इस बार अहरौरा नगर पालिका में लड़ाई बेहद दिलचस्प है। अहरौरा नगर पालिका में जहां बीजेपी के लिए टेंशन बनकर अपना दल एस से बागी हुए सिद्धार्थ सिंह मिक्की उभरेंगे तो ऐसे में गुलाब के समर्थन के बाद की चुप्पी पहले से कही ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी।

गुलाब की चुप्पी के बाद जनता के जेहन में सवाल है कि क्या गुलाब ने दबाव में समर्थन दे दिया है। गुलाब दास मौर्य से बातचीत करने को लेकर प्रयास किया गया तो कई बार संपर्क करने के बाद भी उनका फोन नही उठ सका।

## चूहा और छछूंदर से होने वाले रोगों पर किया जागरूक

**जमालपुर।** रविवार को भदावल गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर कृषि विभाग द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण के बारे में किसानों को सहायक विकास अधिकारी कृषि (रक्षा) श्याम बिहारी वर्मा ने खेतों में चूहा और छछूंदर से होने वाले रोग और उनसे निजात पाने के लिए उपाय बताते हुए लोगों को जागरूक किया। बताया कि चूहों से स्क्रब टायफस रोग, लेप्टोस्पैरोसिस रोग, प्लेग, रैबिज बोर्ना डिजीज (मस्तिष्क ज्वर) आदि बीमारियां बहुत तेजी से फैलती है इसलिए चूहा और छछूंदर को खेतों में बढ़ने ना दें। डब्ल्यूएचओ कोऑर्डिनेटर ने संचारी रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा गांव के लोगों को कूड़ा करकट और साफ रखने को लेकर जागरूक किया। इस दौरान पूर्व प्रधान तेज बहादुर सिंह, पवन कुमार सिंह, सचिन सिंह, कुश सिंह, सुभाष सिंह, रमेश सिंह, गोविन्द सिंह, शिवप्रसाद उपाध्याय, आशा कार्यकर्त्री चंदा देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# एडीएम एनजी ने जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने निर्माणधीन जल जीवन मिशन कार्य प्रगति का मौके पर भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा डब्ल्यू0टी0पी0, एन0डी0 वाटर सप्लाई टेस्टिंग लेडुकी, जी0वी0पी0 आर0 आदि कार्यो का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि गर्मी के दृष्टिगत हाउस कनेक्शन कार्य में तेजी लाये। उन्होने यह भी कहा कि पाइप डालने के लिये खोदी गयी सड़कों का मरम्मत भी समयान्तर्गत सुनिश्चित कराते हुये ताकि लोगों को आवागमन में कोई असुविधा न हो।



नल से गिर पानी को चेक करते एडीएम एनजी

गंगा में सीधे गिर रहा है 17 बड़े नालों का पानी, कैसे निर्मल और स्वच्छ होगा गंगा का पानी मिजार्पुर जिले में 129 करोड़ रुपये की लागत से नमामि गंगे परियोजना के तहत काम हो रहा है। गंगा में गिरने वाले नालों के पानी को शोधन के बाद गंगा में गिराना है, लेकिन अभी भी 17 बड़े नालों का पानी सीधे गंगा के जल को प्रदूषित कर रहा है। एडीएम नमामि गंगे के मुताबिक कार्य प्रगति पर है, जल्द पूरा करा लिया जाएगा। **मुकेश पाण्डेय, मिजार्पुर :** गंगा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपए भले ही खर्च किए जा रहे हो, लेकिन अभी भी मिजार्पुर जिले में 17 बड़े नालों का गंदा पानी सीधे गंगा नदी में गिराया जा रहा है। बिना शोधन के पानी गिराए जाने से गंगा प्रदूषित हो रही है। सवाल यह उठता है कि सरकार के एक्शन प्लान के बावजूद भी गंगा नदी के जल को प्रदूषित करने का सिलसिला क्यों जारी है। कुछ बड़े नालों के पानी को शोधन करने के बाद गंगा में गिराया जा रहा है तो कुछ नालों का पानी को सीधे गंगा नदी में गिराया जा रहा है। जिससे गंगा प्रदूषित हो रही है।

### यज्ञ के लिए किया गया भूमि पूजन

**अदलहाट।** क्षेत्र के ग्राम गोठौरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को आगामी होने वाले संकल्पित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भूमि पूजन तथा ध्वज पूजन कर संकल्प लिया गया। इसी उपलक्ष में उसी दिन गाजे बाजे के साथ बाबा हरीसेवक दास जी अयोध्या उर्फ फलाहारी बाबा की सानिध्यता में एक जुलूस हनुमान मंदिर प्रस्तावित यज्ञ स्थल से निकलकर गोठौरा, रस्तोगी तालाब, हाजीपुर होते हुए अदलहाट कस्बा भ्रमण करते हुए थाने तक पहुंचा तथा वहां से वापस पुनः मंदिर तक पहुंच कर समाप्त हुआ। इस बीच डीजे की ध्वनि जय श्री राम तथा हनुमान जी के जयकारे से आसमान गूंजता रहा। हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए नारे लगाने वालों की भीड़ सैकड़ों में देखी गई। फलाहारी बाबा ने यज्ञ से लाभ के प्रश्न पर बताया कि यज्ञ से देव प्रसन्न होते हैं तथा देवों की प्रसन्नता से इंद्र प्रसन्न होते हैं। इंद्र के प्रसन्न होने से वृष्टि होती है तथा अन्न पैदा होता है। सभी जन सुखी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अश्वनी शुक्ल 15 अक्टूबर 2027 तक पूरे विश्व में घोर विपत्ति का योग है। आधी आबादी रह जाएगी। इसलिए लोक मानव कल्याण के लिए यज्ञ किया जा रहा है जो आगामी 6 जून से उपरोक्त स्थल पर प्रारंभ होगा। जुलूस में डॉक्टर मृत्युंजय पांडेय, उमाशंकर दुबे, मधुसूदन सिंह, दिनेश दुबे, वासुदेव पाठक, पूर्व प्रधान महेंद्र यादव, प्रधान राजेश कुमार गौतम सहित तमाम भक्तगण शामिल रहे।

## पाकिस्तान की न्यूजीलैंड पर आसान जीत, फखर जमां ने ठोके 180 रन


**रावलपिंडी।** फखर जमां के लगातार दूसरे शतक की मदद से पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। पहले एकदिवसीय में 117 रन की पारी खेलने वाले फखर ने दूसरे एकदिवसीय में 144 गेंद में 180 रन बनाए जिससे पाकिस्तान की टीम इस प्रारूप में अपने दूसरे सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल (119 गेंद में 129 रन, आठ चौके, तीन छक्के) के लगातार दूसरे शतक और करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से पांच विकेट पर 336 रन बनाए थे। पाकिस्तान ने इसके जवाब में फखर की शानदार पारी की बदौलत 48.2 ओवर में ही तीन विकेट पर 337 रन बनाकर आसान जीत हासिल की और पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली।



# विश्व चैंपियनशिप पर भारतीय मुक्केबाजों की नजरें

## इस प्रतियोगिता से ओलंपिक का कोई कोटा नहीं मिलेगा लेकिन मुक्केबाज सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती का सामना करेंगे, शिव थापा दिखाएंगे दम-खम

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप के लिए जब रिंग में उतरेंगे तो उनकी कोशिश पिछले सत्र में हासिल किये गये एक कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस प्रतियोगिता से ओलंपिक का कोई कोटा नहीं मिलेगा लेकिन मुक्केबाज सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती का सामना करेंगे। इससे एशियाई खेलों की उनकी तैयारी बेहतर होगी जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है। ओलंपिक में पुरुषों के लिए संशोधित भार वर्ग 13 से घटाकर सात कर दिये गये हैं। इसमें 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80



किग्रा, 92 किग्रा, 92 से अधिक किग्रा का भार वर्ग शामिल है। अमित पंघल की गैरमौजूदगी में भारत की उम्मीदें छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) पर टिकी होंगी। पंघल ने 2019 में देश के लिए पहला रजत जीता था जबकि पिछले सत्र में आकाश कुमार ने देश के लिए इकलौता पदक (कांस्य) जीता था। शिव 2015 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने का स्वाद चख चुके है और वह इस बार अपने पदक का रंग बदलने के लिए बेताब होंगे।

शिव के साथ मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और आशीष चौधरी (80 किग्रा) टीम के अन्य अनुभवी खिलाड़ी है। हुसामुद्दीन दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता हैं जबकि आशीष एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। आशीष ने तोक्यो ओलंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह दूसरी बार इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने नाम एक और बड़ा पदक जोड़ना चाहेंगे। भारतीय दल में 2021 विश्व युवा चैम्पियन सचिन सिवाच (54 किग्रा) और हर्ष चौधरी (86 किग्रा) जैसे युवा मुक्केबाज भी हैं जो पहली बार इस वैश्विक स्पर्धा में भाग लेंगे।

स्ट्रैंड्जा मेमोरियल रजत पदक विजेता गोविंद साहनी (48 किग्रा) भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। युवा मुक्केबाज वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और सुमित कुंडू (75 किग्रा) की चौकड़ी अपनी दूसरी विश्व चैंपियनशिप में पिछले अनुभव का फायदा उठाकर बेहतर करना चाहेगी। मुक्केबाजों के साथ सीए कुट्टपा की मुख्य कोच के रूप में वापसी हुई है। मार्च में हुई महिला विश्व चैंपियनशिप की तरह इस स्पर्धा में कई देश के मुक्केबाज भाग नहीं लेंगे।

रूस के उमर क्रेमलेव की अध्यक्षता वाले अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सिफारिश के उलट इस स्पर्धा में रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के तहत खेलने की अनुमति दी है। इसके विरोध में ब्रिटेन, यूक्रेन, चेक गणराज्य, कनाडा, आयरलैंड, स्वीडन, पोलैंड और न्यूजीलैंड सहित कुछ अन्य देशों ने इसका बहिष्कार किया है।

इन देशों के बहिष्कार के बावजूद 104 देशों के 640 से अधिक मुक्केबाज टूनामेंट में मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। इसके स्वर्ण पदक विजेताओं को दो लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। रजत पदक विजेताओं को एक लाख और कांस्य पदक जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों को समान रूप से 50,000 डॉलर का इनाम मिलेगा।

***भारतीय टीम***

गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक)।

## 'पहले ही दर्ज करानी थी शिकायत, अब…', पहलवानों के धरने पर बोले योगेश्वर दत्त

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर प्रतिक्रिया दी है। दत्त ने कहा कि अब पुलिस में एफआईआर दर्ज हो गई है और कानून अपने हिसाब से काम करेगा। उन्होंने बताया कि पहलवानों को उन्होंने पहले ही पुलिस के पास जाने की



सलाह दी थी। आपको बता दें कि रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना 8वें दिन भी जारी है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे पहलवान इस धरने की अगुवाई कर रहे हैं। इस बीच अब योगेश्वर दत्त ने कहा है कि पहलवानों को यह कदम तीन महीने पहले उठाना चाहिए था। वहीं अब एफआईआर दर्ज हो चुकी है और सब खिलाड़ियों को अपनी प्रैक्टिस पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सजा देने का अधिकार तो प्रधानमंत्री के पास पर भी नहीं है। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि पहलवान उनके मंच का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करने देंगे। बजरंग ने कहा, कुछ लोग हमारे आंदोलन को एक अलग दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं और हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। यह भारत की बेटियों के लिए न्याय की लड़ाई है। बजरंग ने कहा,राजनीति और अन्य चीजें गौण हैं, महिलाओं की गरिमा और सम्मान पहले है, इसलिए कृपा करके इसमें राजनीति को शामिल ना करें।

# एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

## आरसीबी के क्षेत्ररक्षण में भी सुधार की गुंजाइश है

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। विराट कोहली, फाफ डू प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल की मौजूदगी में आरसीबी के शीर्ष क्रम ने अब तक आठ मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम टीम का कमजोर पक्ष साबित हुआ है। कोहली, डुप्लेसिस और मैक्सवेल से प्रत्येक मैच में टीम को जिताने की उम्मीद नहीं की जा सकती और समय आ गया है कि महिपाल लोमरोर, शाहबाज अहमद और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज भी प्रभावी प्रदर्शन करें।



आरसीबी के क्षेत्ररक्षण में भी सुधार की गुंजाइश है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद कोहली भी इस ओर इशारा कर चुके हैं। डुप्लेसिस के पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं करने तक पूर्व भारतीय कप्तान कोहली टीम की अगुआई करते रहेंगे। आरसीबी की टीम डुप्लेसिस का इस्तेमाल ह्यइंपैक्ट प्लेयरह्ल के रूप में कर रही है। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की है और उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों से समर्थन की जरूरत है। हर्षल पटेल को मुश्किल समय के दौरान गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी जा रही है लेकिन उन्हें 9.94 के अपने इकोनॉमी रेट में सुधार करना होगा। दूसरी तरफ लखनऊ की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी प्रदर्शन दशार्ता है कि जब काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज लय में हों तो कोई भी स्कोर हासिल किया जा सकता है। कप्तान लोकेश राहुल हालांकि दबाव में हैं और लखनऊ के घरेलू मैदान पर छाप छोड़ना चाहेंगे। लखनऊ की पिच ने हालांकि निराश किया है और यह घरेलू टीम के मजबूत पक्षों के अनुसार नहीं है। मोहाली में बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों ने ढेरों रन बटोरे लेकिन यहां धीमी पिच पर उन्हें जूझना पड़ रहा है। राहुल और उनकी टीम को हालांकि पिछले घरेलू मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जब टीम अच्छी स्थिति में होने के बावजूद 136 रन के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही थी। स्पिनरों ने लखनऊ की पिच पर गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है और रवि बिश्नाई ने अनुभवी अमित मिश्रा के साथ मिलकर टीम के लिए जिम्मेदारी उठाई है।

## 'गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात', हार्दिक पांड्या ने अपने राज्य को दी शुभकामनाएं



*गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, इस महान अवसर पर हम सभी को गुजरात दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं*


अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स ने गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर अपने राज्य को बधाई दी। गत चैंपियन टाइटन्स के कोच आशीष नेहरा ने कहा, टाइटन्स को दुनिया के अग्रणी टी20 टूनामेंट में गुजरात के लोगों का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है।

गुजरात के लोगों ने पूरे दिल से हमारा समर्थन किया है और हमें मिल रहे प्यार के लिये हम हमेशा आभारी रहे हैं। हम इस खूबसूरत राज्य की स्थापना का जश्न मनाने के लिये एक साथ आते हुए अपने सभी प्रशंसकों को गुजरात दिवस की शुभकामनाएं देते हैं। टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा, टाटा आईपीएल में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करना मेरे लिये बहुत सम्मान की बात है। जब भी मैं मैदान पर जाता हूं, मैं गुजरात के लोगों की भावना का प्रतिनिधित्व करने का प्रयास करता हूं और उन्हें अपने प्रदर्शन के माध्यम से जश्न मनाने का कारण देता हूं। गुजरात के लोगों ने हमें अपना प्यार और समर्थन देना जारी रखा है जिसे पाकर हम धन्य हैं। हमारे सभी प्रशंसकों और समर्थकों को गुजरात दिवस की शुभकामनाएं। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, इस महान अवसर पर हम सभी को गुजरात दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं। अहमदाबाद में अपने प्रशंसकों के सामने खेलना कुछ ऐसा है जिसे हम दिल से संजोते हैं। राज्य के लोगों ने हमेशा हमारा खुले हाथों से स्वागत किया है और हम पर अपना प्यार बरसाया है। हम हमेशा उन्हें गौरवान्वित करने का लक्ष्य रखते हैं। गुजरात राज्य की स्थापना एक मई 1960 को हुई थी और तब से यह दिन गुजरात स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। टाइटन्स पिछले साल से आईपीएल में इस राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में खिताब भी जीता था। हार्दिक की टीम फिलहाल आठ मैचों में 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर कायम है और उनका अगला मुकाबला मंगलवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ है।

# वैंकी मैसूर ने कहा- कोई मलाल नहीं, खिलाड़ियों को रिटेन नहीं करने को लेकर सही फैसला किया

***इस सत्र में भी युवा बल्लेबाज शुभमन गिल आठ पारियों में 41.62 के औसत से 333 रन बना चुका है और सर्वाधिक रन बबनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में फाफ डुप्लेसी के बाद दूसरे स्थान पर है***

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक वैंकी मैसूर ने रविवार को कहा कि उनकी टीम को उन खिलाड़ियों को गंवाने का मलाल नहीं है जो अब अन्य फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने 'उपलब्ध सूचना' के आधार पर फैसला किया। केकेआर ने शुभमन गिल को रिटेन नहीं किया था जिसके बाद गुजरात टाइटंस ने इस भारतीय सलामी बल्लेबाज को अपने साथ जोड़ा और उन्होंने पिछले सत्र में टीम को पदार्पण



करते हुए खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मैसूर ने यहां नाइट गोल्फ प्रतियोगिता के इतर संवाददाताओं से कहा, असल में हमें खुशी होती है जब हम देखते हैं कि हमने जिन खिलाड़ियों को निखारा वे अन्य फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं- शुभमन गिल इसका उदाहरण है। गिल पिछले सत्र में 483 रन के साथ शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल रहे। इस सत्र में भी यह युवा बल्लेबाज आठ पारियों में 41.62 के औसत से 333 रन बना चुका है और सर्वाधिक रन बबनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में फाफ डुप्लेसी के बाद दूसरे स्थान पर है। गिल के अलावा कुलदीप यादव (दिल्ली कैपिटल्स), पीयूष चावला (मुंबई इंडियन्स) और अजिंक्य रहाणे (चेन्नई सुपरकिंग्स) भी अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा कर रहे हैं। पिछले सत्र में केकेआर ने रहाणे को सीमित मौके मिले लेकिन महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में उन्होंने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और 15 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी की। मैसूर ने कहा, इस तरह के खिलाड़ियों को गंवाना हमेशा मुश्किल होता है। कल मैं गिल (49 रन) से कह रहा था कि मैंने तुम्हारी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा था लेकिन मैं उम्मीद कर रहा था कि तुम मैच को हमारी पकड़ से दूर मत करो। कुछ रन बनाओ लेकिन हमें जीतने दो। गुजरात टाइटंस ने शनिवार को गिल की 49 रन की पारी से सात विकेट से जीत दर्ज की जिससे गत चैंपियन टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। उन्होंने खिलाड़ियों को गंवाने के लिए आईपीएल के नियमों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, आप सभी को पता है कि सीमाएं हैं, आईपीएल और बीसीसीआई जो नियम बनाते हैं। 2022 की नीलामी में हमें सिर्फ चार खिलाड़ियों को रखने की स्वीकृति थी। इसे लेकर हमेशा बहस होती है। हम हमेशा आठ से नौ खिलाड़ियों को रखना चाहते हैं, इनमें से हमें चार को चुनना होता है।

केकेआर ने 2022 की नीलामी से पहले आंद्रे रसेल, वरूण चक्रवर्ती, वेंकटेश अय्यर और सुनील नारायण को रिटेन किया था। मैंसूर ने कहा, अय्यर, वरूण ने 2021 में हमें फाइनल में पहुंचाया। रसेल संभवतः टी20 का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर है। नारायण के बारे में मुझे अधिक कुछ बोलने की जरूरत नहीं है। ये फैसले मुश्किल होते हैं और इस प्रक्रिया के दौरान आप कुछ खिलाड़ियों को जाने देते हैं। उन्होंने कहा, राहुल त्रिपाठी (साढ़े आठ करोड़ में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा), लॉकी फर्ग्युसन (10 करोड़ में गुजरात टाइटंस ने खरीदा), प्रसिद्ध कृष्णा (राजस्थान रॉयल्स ने 10 करोड़ में खरीदा) कुछ नाम हैं जिन्हें नीलामी में बड़ी राशि मिली। नौ मैच में छह हार के बाद केकेआर की टीम को प्ले ऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए अपने बाकी बचे पांचवें मुकाबले जीतने होंगे। टीम के सहायक कोच जेम्स फॉस्टर ने कहा कि वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं और सफलता हासिल करने से अधिक दूर नहीं हैं। चोट के बाद वापसी करते हुए शारदुल ठाकुर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ गेंदबाजी नहीं की। फॉस्टर ने उनकी फिटनेस पर कहा, उन्होंने पैर की मांसपेशियों की हल्की चोट के बाद वापसी की। फिटनेस के नजरिये से वह काफी करीब है (गेंदबाजी करने के लिये)।

# एसआरएच टीम की बल्लेबाजी से संतुष्ट, हर मैच में सभी खिलाड़ी नहीं चल सकते, कोच हेमंग बदानी ने की प्लेयर्स की तारीफ

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी और हैरी ब्रूक जैसे बल्लेबाजों के योगदान के बिना भी सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में यहां बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स को नौ रन से शिकस्त दी। टीम के मुख्य बल्लेबाजों के विफल रहने के बावजूद सनराइजर्स के बल्लेबाजी कोच हेमंग बदानी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे। सलामी बल्लेबाज अभिषेक की 36 गेंद में 67 रन और क्लासेन की 27 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 197 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को छह विकेट पर 188 रन पर रोक दिया। मयंक, राहुल और ब्रूक के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के बारे में पूछे जाने पर बदानी ने शनिवार को कहा, यह लय हासिल करने और गेंद और बल्ले का सही संपर्क होने के बारे में है। मेरा मानना है कि एक मैच में बेहतर पारी से इसे हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हैरी विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में से एक होगा। मयंक कई वर्षों से आईपीएल में है। उन्होंने पंजाब किंग्स का नेतृत्व किया है। इस टूनामेंट में उनका कद बड़ा है। यह समय की बात है और वह बड़ी पारी के करीब है। बदानी टीम की समग्र बल्लेबाजी से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, आप किसी भी कोच से पूछेंगे तो वह इस स्कोर (197 रन) से काफी खुश होगा। अगर आप अन्य टीमों को भी देखें तो बड़े स्कोर में उसके सभी पांच या छह बल्लेबाज रन नहीं बनाते हैं। हमेशा दो या तीन बल्लेबाज ही बड़ी पारियां खेलते हैं। इस पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा, हमने मैच में जो जज्बा दिखाया वह मुझे अच्छा लगा। मुझे लगता है कि पूरे सत्र में शायद दूसरी बार ही हमने पावरप्ले में लगभग 60 रन बनाए हैं। मिशेल मार्श (63) और फिल साल्ट (59) की दूसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी के दौरान दिल्ली



कैपिटल्स की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। बदानी ने कहा कि स्ट्रेजिक टाइम आउट के दौरान उनकी टीम ने गेंदबाजी योजना में बदलाव किया जो कारगर साबित हुआ। बदानी ने कहा, अगर मैं कहूं कि इस साझेदारी को देख कर हम चिंतित नहीं थे तो यह झूठ होगा। टाइम आउट के दौरान हमने गेंदबाजों को संदेश दिया कि गेंद थोड़ी आगे की ओर टप्पा कराये और उसकी गति को कम करें। हमने स्पिनरों को गेंद को अधिक स्पिन करने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, बड़े स्कोर वाले मैचों में जब आप साझेदारी तोड़ते हो तो एक साथ कई विकेट गिर जाते है और आज यही हुआ।

## मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और कोचिंग सदस्यों ने की रोहित शर्मा की कप्तानी की तारीफ

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर 10 साल पूरे करने पर पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने रविवार को रोहित शर्मा की सराहना की रोहित को 24 अप्रैल 2013 को कप्तानी की बागडोर सौंपी गयी थी। उनके नेतृत्व में टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में चैम्पियन बनी। राजस्थान रॉयल्स के साथ मैच की पूर्व संध्या पर, टीम और कोचिंग सदस्यों ने कप्तान के तौर पर 10 साल के रोहित के योगदान के बारे में बात की। टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा, उसने कप्तान के तौर पर काफी सुधार किया है।



उसका नेतृत्व कौशल अच्छा हुआ है। कोच से पहले लंबे समय तक खिलाड़ी के तौर पर मुंबई की टीम से जुड़े रहे पोलार्ड ने कहा, उन्हें 2013 सत्र के बीच में कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी थी। वह उस समय काफी युवा थे। रोहित को कप्तानी सौंपे जाते समय पोलार्ड टीम का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि रोहित की सबसे बड़ी खासियत जल्दी सीखने की है। टीम के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने उनके करियर को 'शानदार' करार देते हुए कहा, वह मैदान के अंदर और बाहर हमारी टीम में किसी बड़ी शख्सियत की तरह हैं। टीम का नेतृत्व करने के मामले में उनका काम शानदार रहा है। मुंबई की टीम के मुख्य बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार यादव ने कहा कि रोहित की यात्रा एक अविश्वसनीय कहानी रही है। उन्होंने कहा, कप्तान के रूप में यह उनका 10वां साल है और वह भी मुंबई इंडियंस जैसी फ्रेंचाइजी के लिए। मुझे लगता है कि यह एक बहुत, बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह अपने आप में एक कहानी है। फ्रेंचाइजी ने उनकी कप्तानी में पांच ट्रॉफी जीतीं। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला कैमरून ग्रीन ने कहा, मुंबई को जो सफलता मिली है, उसमें रोहित का योगदान काफी अधिक रहा है।

# गोरखपुर में देखा गोरख धंधा

## पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेंद्र यादव की श्रद्धांजलि सभा से अखिलेश का भाजपा पर तंजः बोले- 5000 करोड़ में बन रही 90 किलोमीटर सड़क, जो कि न सिक्स लेन की भी नहीं, समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की योजना का नाम बदलकर लिंक एक्सप्रेस वे कर दिया

**संत कबीर नगर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में गोरख धंधा देखा। सपा की सरकार में समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की जो योजना थी, आज उसी का नाम बदल कर लिंक एक्सप्रेस वे कर दिया गया है, जो आजमगढ़, संतकबीरनगर होकर गोरखपुर को जोड़ेगी। यह 90 किलोमीटर की सड़क है और 5000 करोड़ में बन रही है।



सड़क न आठ लेन की और न ही सिक्स लेन की है। अब अंदाजा लगाइए कि एक किलोमीटर की सड़क कितनी लागत में बन रही है। यह बाते पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद में पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेंद्र यादव की द्वितीय पुण्य तिथि में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ सदन में 46 और 56 की बात करते हैं, पर आज तक उसका रिकॅार्ड नहीं दे पाए। पिछला चुनाव सपा ने अच्छा लड़ा। पूरा देश देख रहा था कि समाजवादी की सरकार बनने जा रही है, लेकिन कुछ सीटे हम लोग कम वोटों से हार गए। आखिरी वक्त में जो इंतजाम होता है, वह हम लोग नहीं कर पाए और सपा की सरकार बनते-बनते रह गई।

भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जो बजट पढ़ा होगा, उसे पता होगा कि उसमें भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इतने रोजगार दे दिया कि अब कोई बेरोजगार नहीं बचा है। उन्होंने जो आंकड़ा दिया कि उसमें कहा कि 100 में केवल चार लोग बेरोजगार रह गए हैं। बताओ कौन मानेगा, इस बात को। इतना ही नहीं, कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डालर बना देंगे। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा कि प्रदेश का गरीब वन ट्रिलियन डॉलर समझ नहीं पाएगा। यह अर्थव्यवस्था को कहां ले जाना चाहते हैं, यह पता नहीं है। अपने झूठ को सच करने के लिए अमेरिका से कंपनी बुलाई है। उसे 200 करोड़ रुपये दे रहे हैं। जो घरों में टीवी पहुंच गया, उसके चैनल के लोगों को 2000 करोड़ दे रहे हैं। जिससे जनता वन ट्रिलियन डॉलर की रणनीति समझ में न पाए। वन ट्रिलियन डॉलर की व्यवस्था यही है कि आप की सड़कों पर सांड घूमेंगे। नगर निकाय चुनाव चल रहा है, क्या भाजपा ने नाली ठीक कराई, कूड़े हटवाया। नालियां तो दूर भाजपा के लोगों ने कहा कि वे गंगा मईया की सफाई कर देंगे। गंगा मईया की सफाई तो नहीं हुई, पर अरबों रुपये के बजट की सफाई हो गई। गंगा मईया तब तक साफ नहीं हो सकती है, जब तक शहरों की नालियां न साफ हो जाए। पूर्व सीएम ने कहा कि एक उद्योग पति के वहां छापा पड़ा है। पिछले तीन दिन से इनकम टैक्स के लोग वहां पर हिसाब-किताब लगा रहे हैं। सुनने में यह भी आ रहा है कि जो मोबाइल के व्हाट्सएप है, उसमें बड़े-बड़े नेताओं के व्हाट्सएप है। वह सब नंबर भारतीय जनता पार्टी के हैं। दिल्ली की एजेंसी उत्तर प्रदेश में छापा मार रही है और उत्तर प्रदेश की एजेंसी दिल्ली में छापा मार रही है।

एक उद्योग पति पर आरोप है कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय का वाईफाई इस्तेमाल कर रहा है। इसकी धोखाधड़ी करके न जाने कितने लोगों से पैसा वसूला। उत्तर प्रदेश की एसटीएफ व्यापारी को पकड़ने जा रही है। तंज कसते हुए कहा कि ऐसा तो नहीं कि डबल इंजन की सरकार आपस में टकरा रही हो। यूपी में महंगाई चरम सीमा पर है। *एजेंसी*

### सीएम योगी का अफसरों को निर्देश, आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराएं सभी सुविधाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों को बिजली, पेयजल, शौचालय और रसोई घर में सिंक के साथ नल से जलापूर्ति जैसी व्यवस्था करने में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों समेत अन्य लाभार्थियों को कोई दिक्कत न होने पाए।

गौरतलब है कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों की अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर बनाने और उसे मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में विभाग ने प्रथम चरण में आठ आकांक्षात्मक जिलों में स्थित 2,349 आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन करने की कार्ययोजना तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी गई थी। इसके लिए धनराशि मंजूर कर दी गई है।

## कोरियग्राफर वैभवी मर्चेंट निर्देशित फिल्म में काम करेंगी रानी मुखर्जी!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी मशहूर कोरियग्राफर वैभवी मर्चेंट निर्देशित फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी हाल ही में फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में नजर आई थीं। फिल्म में रानी ने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई थी, जिनसे उनका बच्चा छिन जाता है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी का अभिनय लोगों ने खूब पसंद किया था। बताया जा रहा है कि रानी मुखर्जी ने अपनी अगली फिल्म साइन कर ली है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले होगा। चर्चा है कि इस फिल्म का निर्देशन मशहूर कोरियग्राफर और रानी मुखर्जी की पुरानी दोस्त वैभवी मर्चेंट करने जा रही हैं।

## खास खबर

### मायावती ने मुसलमानों को मेयर का टिकट देने पर किया ट्वीट, जनता से की अपील

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी निकाय चुनाव के अन्तर्गत 17 नगर निगमों में मेयर पद के लिए हो रहे चुनाव में बसपा द्वारा मुस्लिम समाज को भी उचित भागीदारी देने को लेकर यहां राजनीति काफी गरमाई हुई है क्योंकि उससे खासकर जातिवादी एवं साम्प्रदायिक पार्टियों की नींद उड़ी हुई है। बसपा सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति व सिद्धान्त पर चलने वाली अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा उसी आधार पर यूपी में चार बार अपनी सरकार चलाई। उन्होंने कहा कि बसपा में मुस्लिम व अन्य समाज को भी हमेशा उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। अतः लोगों से अपने हित पर ज्यादा व विरोधियों के षडयंत्र पर ध्यान न देने अपील है।

### दिल्ली में नौ वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न, नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में नौ साल की एक बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना शनिवार को हुई और कल्याणपुरी थाने में उत्पीड़न की शिकायत देर रात दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि बच्ची शनिवार को गली में खेल रही थी, तभी आरोपी उसे अपने घर के पास एक उद्यान के निकट बने खाली मकान में ले गया और उसका कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने अपने घर लौटने के बाद अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया, जो उसे अस्पताल ले गए। उन्होंने बताया कि उसकी चिकित्सकीय जांच लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में की गई, जहां चिकित्सकों ने यौन उत्पीड़न की पुष्टि की। उसकी काउंसलिंग भी कराई गई। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पीएम मोदी ने कश्मीर के मंजूर अहमद से की बात, पूछा पेंसिल-स्लेट का काम कैसा चल रहा

### मन की बात के सौवें एपिसोड बना ऐतिहासिक



**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में जम्मू कश्मीर की पेंसिल स्लेट्स के बारे में बताते हुए मंजूर अहमद से बात की। इस सौवें एपिसोड में पीएम ने मंजूर से कहा कि आपसे बात करके मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। ये पेंसिल स्लेट्स का काम कैसा चल रहा है?" मंजूर अहमद ने कहा, "बहुत अच्छे से चल रहा है। जब से आपने हमारी बात मन की बात में कही, तब से बहुत काम बढ़ गया है। दूसरों को रोजगार मिल रहा है। मेरे पास दो सौ से ज्यादा लोग हैं। एक-दो महीने में और दो सौ लोगों को रोजगार बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे बराबर याद है। उस दिन आपने मुझे कहा था कि यह ऐसा काम है, जिसकी कोई पहचान नहीं है। आपको इसकी पीड़ा भी थी। आपको इस पर मुश्किल भी होती थी। अब पहचान भी बन गई। दो सौ से ज्यादा लोगों को रोजगार दे रहे हैं। विस्तार करके और दो सौ लोगों को रोजगार दे रहे हैं। खुशी की खबर है। मंजूर अहमद ने इस पर कहा, किसानों को भी फायदा मिला। दो हजार का पेड़ अब पांच हजार का हो गया है। इतनी मांग बढ़ गई है। पहचान भी मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, देखिए, वोकल फॉर लोकल की ताकत कितनी जबर्दस्त है। यह आपने धरती पर उतारकर दिखा दी। मेरी तरफ से आपको और गांव के सभी किसानों को, आपके साथ काम कर रहे सभी साथियों को भी मेरी तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### पुलिस ने कांग्रेस नेता को किया गिरफ्तार, पीएम मोदी पर की थी अपमानजनक टिप्पणी

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले कांग्रेस के एक नेता के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार फेसबुक पर प्रधानमंत्री के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विप्लव जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्टेशन रोड थाने पहुंचे, जहां युवा मोर्चा कार्यकताओं ने कांग्रेस के आईटी सेल प्रभारी तरुण जैन के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। स्टेशन रोड पुलिस ने शिकायत पर आरोपी तरुण जैन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात के सौंवे एपिसोड को लेकर भाजपा द्वारा बडे पैमाने पर तैयारियां की गई थी। तमाम भाजपा नेता एक स्थान पर एकत्रित होकर मन की बात सुन रहे थे। मन की बात का प्रसारण समाप्त होने के बाद अचानक से कांग्रेस के आईटी सेल प्रभारी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री को लेकर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियां किए जाने की जानकारी सामने आई।

## सूडान से हजारों भारतीयों की घर वापसी

### सूडान से निकाले गए 229 भारतीय बेगलुरु पहुंचे:अब तक 2700 से ज्यादा इंडियंस का रेस्क्यू, आइएनएस तेग से 288 भारतीय जेद्दाह के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** सूडान में लड़ाई के बीच से 229 भारतीयों को बचाकर कर्नाटक के बेंगलुरु लाया गया है। इन्हें पहले पोर्ट सूडान सऊदी से अरब के जेद्दाह ले जाया गया था। ये सूडान से बचाए गए भारतीयों का सातवां बैच है। बेंगलुरु पहुंचने के बाद नंदिश राजू नाम के व्यक्ति ने कहा कि सूडान में इन लोगों के पास पीने का पानी तक नहीं था। ये शौचालय में इस्तेमाल होने वाला पानी पीने को मजबूर थे। अब तक 2700 लोगों को सूडान से निकाला जा चुका है। इससे पहले रविवार सुबह 365 भारतीय दिल्ली लौट आए थे। इये सूडान से बचाए गए भारतीयों का छठा बैच था। ये सूडान से बचाए गए भारतीयों का छठा बैच है। इसके अलावा शनिवार सुबह 231 भारतीयों के साथ एक और विमान नई दिल्ली पहुंचा था। साथ ही आइएनएस तेग से 288 भारतीयों के 14वें बैच को जेद्दाह के लिए रवाना किया गया है।



***अमेरिका ने भी किया अपने लोगों का रेस्क्यू***

पहली बार अमेरिका ने भी सूडान में फंसे अपने नागरिकों को रेस्क्यू किया। अमेरिकी बस ने शनिवार को 300 लोगों को सूडान से बाहर निकाला। दरअसल, वहां लड़ाई के बीच फंसे अमेरिकियों के परिजन लगातार सरकार की आलोचना कर रहे थे और अपने लोगों की घर वापसी की मांग कर रहे थे।

***नाइट विजन गॉगल्स की मदद से भारतीयों को रेस्क्यू किया गया***

इससे पहले शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना ने युद्ध में धधक रहे सूडान की जमीन पर उतरकर अपनी तरह का पहला ऑपरेशन चलाया।

गरुड़ कमांडो की सुरक्षा में सी-130जे सुपर हर्क्यूलिस विमान रात में सूडान की एक जर्जर हवाई पट्टी पर उतारा गया। वहां से 121 भारतीयों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जेद्दाह पहुंचाया गया। घना अंधेरा होने की वजह से पायलट्स ने नाइट विजन गॉगल्स की मदद से यहां विमान को लैंड कराया।

वायुसेना के अफसर ने बताया कि यह साहसिक ऑपरेशन 27-28 अप्रैल की रात को चलाया गया था। जानकारी मिली थी कि खार्तूम से सिर्फ 40 किमी दूर वादी सयीदिना हवाई पटटी के पास भारतीय नागरिक जमा हैं। इनमें एक गर्भवती और कुछ बीमार लोग हैं। लैंडिंग और टेक ऑफ में ढाई घंटे का समय लगा, इस दौरान 8 गरुड कमांडो लोगों के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाकर खड़े रहे।

***बेहद खराब हालत में था वादी सयीदिना रनवे***

दरअसल, खार्तूम से इन भारतीयों को भारत के रक्षा सैन्य सलाहकार लेकर आ रहे थे। उन्होंने विमान के कमांडर से लगातार संपर्क बनाए रखा। उनके पहुंचते ही सभी को एयरलिफ्ट कर लिया गया। सूडान के वादी सयीदिना में बना रनवे बेहद खराब हालत में था। यहां न तो नेविगेशन में मदद करने के लिए कोई मौजूद था, न फ्यूल का प्रबंध था और न ही लाइट लगी थीं, जिनकी मदद से रात में विमान को लैंड कराया जा सके।

## कोरोना ले रहा जान

### भारत में कोरोना संक्रमण से 16 और मरीजों की मौत, 5874 नये केस आए

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 5874 मामले सामने आए और इसी अवधि में 16 मरीजों की मौत हुई। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 3,167 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,66,261 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 3,137 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए और इसके बाद सक्रिय मामले घटकर 49,015 रह गयी है। देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,533 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 8148 बढ़कर 4,43,64,841 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान ओडिशा में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 108 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में 116, हिमाचल प्रदेश में 49, छत्तीसगढ़ में 46, जम्मू-कश्मीर में 11, मेघालय में एक, मिजोरम में छह और अरुणाचल प्रदेश में छह मामले बढ़े हैं। इसके अलावा हरियाणा में दो, कर्नाटका में दो, नागालैंड में दो, पुड्डुचेरी में सात, और त्रिपुरा में सात मामले बढ़े हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में केरल में सबसे ज्यादा 688 कोरोना मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। इसी अवधि में महाराष्ट्र में 638, दिल्ली में 413, उत्तर प्रदेश में 258, पंजाब में 67, तमिलनाडु में 198, राजस्थान में 193 सहित अन्य राज?ों अंडमान और निकोबार द्वीप, आन्ध्र प्रदेश, चंडीगढ़, गोवा, झारखंड, लद्दाख, मध्यप्रदेश, नागालैंड, पुड्डुचेरी और तेलंगाना में कोरोना के मामलों में कमी आयी है।



## 'आज बदला हुआ भारत है...'

### जयशंकर ने भारतवंशियों के साथ सुना मन की बात का 100वां एपिसोड

**सोमरसेट (न्यूजर्सी, अमेरिका)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात बदलते भारत... नये भारत की कहानी है और यह भारत और दुनिया के बीच संपर्क का माध्यम है। जयशंकर ने रविवार को प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 100वें संस्करण का प्रसारण भारतवंशियों के साथ बैठकर सुना।

गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डॉमिनिक गणराज्य की अपनी आधिकारिक यात्रा की समाप्ति के बाद यहां आए जयशंकर ने रविवार की सुबह आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बात कही। जयशंकर ने कहा, तमाम पहलुओं से मन की बात की कहानी, पिछले नौ साल की कहानी है, यह बदलते भारत की कहानी है। यह नये भारत के उभरने की कहानी है, यह भारत और दुनिया के बीच का संपर्क है... आज बदला हुआ भारत है, ज्यादा समझदार भारत है, तमाम मायनों में मैं कहूंगा कि ज्यादा प्रेरक भारत है जो दुनिया से जुड़ रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल, भारतीय-अमेरिकी सीनेटर केविन थॉमस, भारतीय अमेरिकी एसेम्बली सदस्य जेनिफर राजकुमार और एडिसन के मेयर सैम जोशी सहित भारतीय समुदाय के विभिन्न लोगों ने विशेष प्रसारण को सुना। जयशंकर ने इस दौरान बताया कि कैसे मन की बात के दौरान हुई बातचीत और विचारों ने भारत के लोगों को प्रभावित और प्रेरित किया। विदेश मंत्री ने कहा, कोविड के दौरान मेरे लिए मन की बात बहुत खास था क्योंकि उस वक्त देश की जनता को साहस की जरूरत थी, जो उन्हें मन की बात से मिला।



## अखिलेश को सब पता है

### बृजभूषण सिंह बोले- कांग्रेस के लोकल नेता भी मेरे साथ, अखिलेश को कहा- धन्यवाद



**लखनऊ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए डब्लूएफआई के प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किन्तु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर बड़ा बयान दिया है। अखिलेश को लेकर भाजपा सांसद ने कहा, यूपी की जो अन्य पार्टियां है, जिसमें विशेषकर आपका इशारा सपा है। सपा के नेता अखिलेश यादव हैं वो मुझे बच्चपन से जानते हैं और ज्यादातर पहलवान यूपी के अंदर वो ऐसे समाज से आते हैं जो समाजवादी विचारधारा से आते हैं। अगर यूपी में दस हजार बच्चे पहलवानी करते हैं तो उसमें आठ हजार ऐसे हैं जो समाजवादी परिवार से हैं और उन सबको पता है कि हमारे नेताजी कैसे हैं। इसके अलावा बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, यूपी के हर नेता को पता है, कांग्रेस के भी नेता को पता है कि नेताजी कैसे हैं। सबको पता है और सब एक-दूसरे को जानते हैं। देवरिया से लेकर लखीमपुर तक सब एक-दूसरे को जानते हैं कि कौन क्या है। मैं अखिलेश यादव का धन्यवाद करूंगा। जब प्रियंका गांधी बैठकर बिना सोचे समझे आरोप लगा रही हैं और कांग्रेस के लोकल नेता भी मेरे साथ हैं।

## लखनऊ नगर निगम ने 25 बीघा भूमि पर ध्वस्त की प्लाटिंग, 15 करोड़ रूपए आंकी जा रही कीमत

### विभाग की इस जमीन के प्रॉपर्टी डीलरों ने टुकड़े पर प्लाटिंग कर डाली थी, कई लोगों ने किया था निवेश, पैसा डूबा

**लखनऊ।** नगर निगम ने अमौसी क्षेत्र में 25 बीघा जमीन पर किया गया निर्माण ध्वस्त कर दिया। विभाग की इस जमीन के प्रॉपर्टी डीलरों ने टुकड़े पर प्लाटिंग कर डाली थी। कब्जामुक्त कराई गई जमीन की कीमत 15 करोड़ रुपये के आसपास है।



ग्राम अमौसी में नगर निगम की काफी जमीन पड़ी है। जो प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा प्लाटिंग कर गलत तरह से बिक्री की जा रही है। जिसका संज्ञान लेकर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस क्रम में रविवार को संपत्ति प्रभारी अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर अलंकार अग्निहोत्री के नेतृत्व में जोनल अधिकारी जोन-5 संगीता कुमारी, नगर अभियंता एससी सिंह, नायब तहसीलदार अंकिता सिंह, कर अधीक्षक संजय भारती व राजस्व निरीक्षक सुदेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने नगर निगम के अभिलेखों के आधार पर क्षेत्र का सर्वे किया। इस दौरान करीब 25 बीघा नगर निगम की जमीन पर जगह-जगह कब्जा कर प्लाटिंग होना पाया और चिह्नित कर बुलडोजर से नींव, दीवार, नाली, सड़क, साइट आफिस आदि ध्वस्त किया। कई घंटे चली कार्रवाई के दौरान नगर निगम में जमीन कब्जामुक्त कराई। अधिकारियों के मुताबिक जमीन की कीमत 15 करोड़ रुपये के आसपास है। दोबारा कब्जा करने पर एफआईआर की चेतावनी दी गई है। *एजेंसी*

### राजनाथ सिंह मालदीव को सौपेंगे गश्ती पोत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक मई से तीन मई तक मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान द्वीप देश को भारत की ओर से उपहार के तौर पर एक तेज गश्ती नौका और एक ह्यलैंडिंग क्राफ्ट सौंपेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक रूप से भारत के लिए अहम देश मालदीव में राजनाथ के दौरे से एक दिन पहले रविवार को यह जानकारी दी।

लैंडिंग क्राफ्ट छोटे और मध्यम समुद्री जहाज होते हैं। उसने कहा कि सिंह की यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता मजबूत करने में बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। सिंह द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के मकसद से सोमवार को मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान सिंह मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और रक्षा मंत्री मारिया दीदी सहित अन्य से मुलाकात करेंगे।



**उत्तराखंड में दोपहर बाद पहाड़ से मैदान तक मौसम ने करवट बदली। शाम को राजधानी देहरादून समेत अन्य मैदानी जिलों में भी बारिश हुई। उधर, बदरीनाथ, केदारनाथ व यमुना घाटी में बर्फबारी हुई। वहीं, बड़कोट तहसील क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ बारिश हुई।**

# चुनावी सरगर्मी में मौसम हुआ सुहावना

**निकाय चुनाव**

### भीषण गर्मी में दिन-रात दौड़ रहे प्रत्याशियों के सूखे पसीने

**जौनपुर।** जहां एक ओर नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी ने पारा चढ़ा दिया है तो वहीं दूसरी तरफ रविवार को बेमौसम बारिश ने मौसम का पारा गिरा दिया है। वैसे इस गुलाबी मौसम में लोगों को चिलचिलाती धूप से जहां राहत मिली वहीं चुनावी मैदान में दिनों रात दौड़ रहे प्रत्याशियों को इस बारिश ने पसीने से नजात दिया है। सुबह से ही मौसम का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कहीं-कहीं हल्की बूंदा बांदी तो कहीं तेज बारिश में लोग छाता लेकर निकलने को मजबूर दिखे।

इस बारिश ने प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की थोड़ी परेशानियों को बढ़ा दिया है लेकिन चुनाव को देखते हुए वे इसकी भी परवाह न कर किसी तरीके से मतदाताओं से सम्पर्क कर रहे हैं। बेमौसम बारिश से आम जनमानस परेशान हाल दिखा। जगह-जगह सड़क पर पानी भर जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाजारों में सड़क पर दुकान लगाये लोगों का बुरा हाल था। पानी गिरने से उनके सामान भीग न जायं इसके लिए वे प्लास्टिक की पन्नी बार-बार ओढ़ाते रहे। सड़कें कीचड़युक्त होने से कई लोग गिरकर चुटहिल भी हो गये।



बारिश में छाता लगाकर जाते राहगीर

# मेडिकल सर्टिफिकेट में मृत्यु के कारणों को भरने की दी गयी जानकारी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** मृत्यु के कारणों पर मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए मेडिकल छात्रों,

**कार्यशाला**

### उमानाथ सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जुटी कैंसर हास्पिटल वाराणसी के डॉक्टरों की टीम

संकाय सदस्यों, सीनियर और जूनियर रेसीडेंट्स के लिए उमानाथ सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रविवार को कार्यशाला हुई। होमी भाभा एवं मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी के संकाय सदस्य एवं नोडल ऑफिसर डॉ. विपिन थंपी ने टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई एवं होमी भाभा एवं मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया की मृत्यु के कारणों के सर्टिफिकेशन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के सीआरएस पोर्टल पर मृत्यु का रजिस्ट्रेशन होता है जिसके एपिडेमियोलॉजिकल डाटा का सर्वे करने के बाद केंद्र से विभिन्न प्रकार की योजनाएं क्रियान्वित की जाती हैं। अतः मृत्यु के कारणों पर शत-प्रतिशत बिना त्रुटि के मेडिकल सर्टिफिकेशन की आवश्यकता होती है। अगली कड़ी में जूम लिंक के माध्यम से डॉ. बुरहानुद्दीन, डॉ. एचआर चौधरी एवं डॉ. रुचि पाठक को क्रमशः मुजफ्फरपुर बिहार, मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया एवं मुंबई से जोड़ना था, किंतु टेक्निकल दिक्कतों के चलते इनका प्रस्तुतीकरण नहीं हो पाया। इसके बाद होमी भाभा कैंसर इंस्टीट्यूट एवं मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी के चिकित्सा अधीक्षक एवं संकाय सदस्य डॉ. आकाश आनंद ने मेडिकल सर्टिफिकेट में मृत्यु के कारणों का वर्णन करने के बारे में जानकारी दी। मृत्यु के कारणों को बताए जाने का क्या महत्व बताया। उन्होंने बताया कि एपीडिमियोलॉजिकल डाटा के आधार पर केंद्र और राज्य की सरकारें बुनियादी व्यवस्थाएं और योजनाएं बनाती हैं। इंटरएक्टिव सेशन के दौरान विभिन्न वास्तविक केसों पर आधारित मृत्यु की दशाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. आकाश आनंद ने डेलीगेट्स के साथ अंतरसंवाद किया। चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार के निर्देशन में हुई इस कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य, सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट तथा एमबीबीएस के छात्रों ने भाग लिया।

उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एए जाफरी ने किया। डॉ. जाफरी ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कई बार ऐसी स्थिति आ जाती है जब समझ में नहीं आता की मेडिकल सर्टिफिकेट में किस प्रकार कॉज आफ डेथ भरा जाए। कार्यशाला से इन समस्याओं का निस्तारण हुआ।

उन्होंने डॉ. आकाश आनंद और उनकी टीम का धन्यवाद दिया। अंत में कार्यशाला संयोजक डॉ. एकांश राठौरिया ने टाटा मेमोरियल सेंटर वाराणसी, डॉ. आकाश आनंद और उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन डेलीगेटस को डॉ. आकाश आनंद एवं डॉ. एए जाफरी ने सर्टिफिकेट देकर किया। इसके लिए उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने तीन क्रेडिट प्वाइंट प्रदान करने का निर्णय लिया है।

# पुष्पा की सूनी हुई गोद तो वंदना का उजड़ा सुहाग

जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** सड़क हादसे की एक घटना ने आलीशाहपुर (प्रतापगंज) गांव में एक परिवार के सपने को चकनाचूर कर घर की खुशियां छीन ली। दुर्घटना में घर का इकलौता चिराग बुझ गया तो दो माह पहले ही घर मे आई नई बहू का सुहाग उजड़ गया। हादसे से पूरा परिवार बिखर गया। इकलौते जवान बेटे की मौत से परिवार में चीत्कार मचा हुआ है। सगे-संबंधियों से लेकर आस पड़ोस के लोग ढांढस बंधाने में लगे हुए थे।

सुजानगंज थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में गया का भोज के निमंत्रण से वापस घर आते समय मछलीशहर थाना क्षेत्र के परहती बाजार के पास निवासी सुक्खूराम के मोबाइल पर रात में पुत्र आकाश सोनी (22) की सड़क हादसे में मृत्यु व मोटरसाइकिल पर बैठे दादा रामबली सेठ के घायल होने की सूचना हुई तो मानों उन पर बज्रपात हो गया। सूचना मिलते ही वे घर के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को लेकर घर पहुंचे तो घर पर कोहराम मच गया। दो माह पहले ही 28 फरवरी को बेटे की शादी की खुशियों पर मानो ग्रहण लग गया। पति का शव देखकर पत्नी वंदना गश खाकर गिर पड़ी। उसे देखकर लोगो के मुंह से यही बोल निकल रहे थे कि वंदना अब कैसे काटेगी अकेले पहाड़ सी जिंदगी, कौन होगा उसका व मां बाप का सहारा। मां-बाप ने कभी सोचा भी नहीं था कि पुत्र के कंधे पर अपना जनाजा उठने से पहले उन्हें यह दिन देखना पड़ेगा। बूढ़ी दादी बुटना देवी की दर्द भरी चीत्कार बेटा रे बेटा अब केकरा सहारे जीयब रे बेटा..। सुनकर लोगों की आंखे बरबस ही छलक पड़ी। माता पुष्पा देवी जवान बेटे की मौत से बेसुध पड़ी हुई थी। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। रविवार को बातचीत के दौरान पिता सुक्खूराम ने बताया कि मछलीशहर थाना पुलिस घर पर आई तो हमने बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। कहा पुलिस को मैंने लिखकर दे दिया कि मुझे मुकदमा दर्ज नहीं कराना है।

### न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया कि मेरे गांव के सुरेशचन्द्र तिवारी व उनके परिवार के लोग रंजिश रखते हैं। बीते 17 मार्च की रात्रि करीब आठ बजे गांव के ही सुरेशचन्द्र तिवारी मेरे घर में घुस आये और उस समय मैं घर में खाना बना रही थी तभी मेरे साथ छेड़खानी करने लगे और मेरे कपड़े फाड़ दिये। मैंने शोर मचाया तो मेरे परिवार के लोग व मेरे पति आ गये और सुरेश तिवारी को कमरे में बन्द करके 112 व 1076 पर व थानाध्यक्ष को मोबाइल के माध्यम से सूचना दी। पुलिस आयी और सुरेशचन्द्र तिवारी व मेरे पति को थाने ले गयी। दूसरे दिन सुरेशचन्द्र तिवारी के भाई नन्हेलाल उर्फ नन्हकू तिवारी व उनका भतीजा अनिल तिवारी मेरे घर पर आकर मेरे परिवार वालों को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मैंने थाने पर प्रार्थना-पत्र दिया लेकिन वहां से मुझे डांटकर भगा दिया गया और मेरा मेडिकल भी नहीं कराया। पुलिस न्यायालय के आदेश पर उपरोक्तगण के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की हुई मौत



मृत युवक के शव पर विलाप करते परिजन

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव में रविवार को गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।.

बताया जाता है कि रविवार को थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव निवासी 30 वर्षीय युवक चन्द्रशेखर पुत्र मनीराम गौतम अपने घर से कूड़े को लेकर फेंकने के लिए जा रहा था कि आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम सा मच गया।

मृतक की दो साल पहले ही शादी हुई थी। मृतक लगभग एक वर्षीय पुत्री का पिता भी था। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## संक्षेप



### स्टार मोटर्स महिन्द्रा ने लांच की नई पिकअप मैक्स

**जौनपुर।** सीहीपुर में स्थित स्टार मोटर्स महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम में शनिवार को बहुप्रतीक्षित पिकअप मैक्स कम्पनी के अधिकृत डीलर शो रूम पर बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे जिला परिवहन विभाग के अधिकारी अशोक श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया। डीलर्स द्वारा बताया गया कि इस वाहन के कई मॉडल कम्पनी द्वारा लांच किया जा चुका है। इस दौरान सेल्स जीएम विजय सिंह, सर्विस जीएम विनय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, जितेन्द्र मिश्र, कुलदीप सिंह, महिन्द्रा फाइनेंस अशोक मौर्या सहित दर्जनों स्टॉफ मौजूद रहे।

### सूडान से घर वापसी पर परिवार में छाई खुशी



सूडान से सकुशल वापसी के बाद बीच में बैठा राकेश

**सुइथाकला।** क्षेत्र के गैरवाह गांव निवासी एक युवक के सूडान से घर वापसी पर परिवार में खुशी छा गई। परिवार के लोग सरकार की पहल पर कृतज्ञता जाहिर की। उक्त गांव निवासी युवक राकेश कुमार पुत्र मनीराम आठ माह पूर्व रोजी रोटी के सिलसिले में सूडान गया हुआ था, जहां वह पलम्बरिंग का काम करता था। वहां युद्ध होने के कारण अन्य भारतीयों के साथ वह भी घर वापसी की राह देख रहा था। इधर परिवार वालों को उसकी चिन्ता अलग ही सता रही थी, पर सरकार की पहल पर वह सकुशल रविवार को अपने परिवार के बीच पहुंच गया। सकुशल वापसी पर परिवार में खुशी का ठिकाना न रहा। पत्नी प्रमिला अपने सुहाग के सकुशल अपने बीच वापसी पाकर भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।

### पशु चिकित्साधिकारी को किया गया सम्मानित



**सुइथाकला।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी को सम्मानित किया गया। इसके लिए पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अध्यक्ष के प्रति आभार जताया गया। पशु चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट सेवा देने के मामले में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष व ग्राम प्रधान भगासा रामप्रकाश दूबे द्वारा क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक सिंह पालीवाल को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसके लिए डाक्टर पालीवाल ने अध्यक्ष के प्रति आभार जताया। इस दौरान पशु मित्र श्री पाल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने किया कजगांव और जफराबाद के बूथों का निरीक्षण



बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे प्रेक्षक

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण की मतगणना को लेकर रविवार को चुनाव आयोग के प्रेक्षक ने रविवार को नगर पंचायत कजगांव तथा जफराबाद का निरीक्षण किया।

चुनाव प्रेक्षक पहले जफराबाद के केपी पांडेय इंटर कालेज तथा उसके बाद प्राथमिक विद्यालय पर बनाये गए बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय पर कस्बे के सम्भ्रांत लोगों से चुनाव को लेकर चर्चा किया। उन्होंने लोगों से कहाकि वे बिना किसी डर या प्रलोभन के मतदान में हिस्सा लें। किसी भी तरह की गड़बड़ी या कोई दिक्कत मतदान में हो तो उसकी सूचना मुझे या पुलिस को निडर होकर दें। इसके बाद प्रेक्षक नगर पंचायत कजगांव के श्री रामनिरंजन इंटर कालेज बूथ पर गए वहां पर उन्होंने मतदान को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। उनके साथ थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी, चौकी प्रभारी आशीष पांडेय आदि मय फोर्स रहे।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में 21 लोग 6 वर्ष के लिए भाजपा से निष्कासित

**जौनपुर।** जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव 2023 में पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण इन लोगों को आगामी 6 वर्षों के लिए भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित किया गया है। नगर पंचायत खेतासराय से संजीव गुप्ता पुत्र किशोरी, लालमनी गुप्ता (बुआ जी) पुत्री फेंकू निवासी कोहरौटी, नगर पंचायत बदलापुर से सत्यम सिंह पुत्र शशिकान्त सिंह और स्मिता सिंह पत्नी सत्यम सिंह निवासी सरोखनपुर, जितेन्द्र सिंह पुत्र तीरथ, संगीता सिंह पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी भलुवाही। इसी तरह मछलीशहर सांगठनिक जिला में नगर पंचायत जफराबाद से संदीप सेठ, केराकत से मीनू वर्मा, प्रभाकर वर्मा (राजू), निर्मला देवी, मनोज कमलापुरी, अमित कमलापुरी। रामपुर से मनीष जायसवाल, अशोक चौबे, संजय जायसवाल, सुजीत गुप्ता। मड़ियाहूं से बनवारी सेठ, निशा निगम, अनिल साहू, ममता वर्मा, अमरदीप मोदनवाल शामिल हैं।

## मिस फायर हो जाने से विद्यालय प्रबंधक की बची जान

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** चौराहे पर स्थित एक मिष्ठान्न की दुकान पर रविवार की सुबह बैठकर मोबाइल देख रहे एक विद्यालय के प्रबंधक व प्रापर्टी डीलर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे से फायर का प्रयास किया। मिस फायर हो जाने के बाद दुकान पर बैठे लोगों के ललकारने पर बदमाश उसी बाइक से जौनपुर की तरफ भाग गए। पुलिस अज्ञात दो बदमाशों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर बदमाशों की शिनाख्त हेतु बाजार में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है।



शेरापट्टी गांव निवासी चंद्रसेन यादव उर्फ पप्पू एक विद्यालय के प्रबंधक व प्रापर्टी डीलर का काम करते हैं। रोज की तरह सुबह वे उक्त दुकान पर बैठकर अपना मोबाइल देख रहे थे तभी बदलापुर की तरफ से बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंच एक बाइक स्टार्ट कर सड़क पर खड़ा हो गया तथा दूसरे ने जेब में रखा तमंचा निकाल पप्पू की कनपटी पर पीछे से फायर करने लगा। कट की आवाज के साथ साथ फायर मिस हो गया। दुकानदार व वहां बैठे अन्य लोग पहले तो दहशत में आ गए। मिस फायर होता देख वे लोग भी हिम्मत जुटा कर ललकारने लगे। खुद को घिरता देख बदमाश उसी बाइक पर बैठकर जौनपुर की तरफ भाग गए। भागते समय कई स्थानों पर उनका सीसीटीवी फुटेज भी कैमरे में कैद हो गया है। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि आरोप के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात को लोगों ने सुना

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना। नगर के एक पैलेस में सांसद बीपी सरोज के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपीसोड सुना। इसी क्रम में क्षेत्र के गांव बामी में ग्राम प्रधान सरोज सिंह के आवास पर रविवार को ग्रामीणों और भाजपा के बूथ स्तरीय पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम का सौवां एपिसोड आकाशवाणी के माध्यम से सुना। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम मेरे लिए देश में अच्छा कार्य करने वाले लोगों की प्रशंसा के माध्यम से पूजा करने के समान है जिस किसी भी विषय की चर्चा इस कार्यक्रम में हुई वह जन आंदोलन बन गया। आज के कार्यक्रम में उन्होंने हरियाणा के सुनील जगनाल के सेल्फी विद डाटर अभियान से हरियाणा के लिंगानुपात में सुधार की चर्चा की। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के पेंसिल स्लेट, छत्तीसगढ़ की महिलाओं के स्वच्छता अभियान, तमिलनाडु की आदिवासी महिलाओं के टेराकोटा कप बनाने, मेक इन इंडिया प्रोडक्ट तथा सांस्कृतिक संरक्षण की बात की। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह, ब्रह्मदेव तिवारी, गंगा सिंह, विनोद सरोज, गिरजा सरोज, राजेश सिंह, कमलेश सिंह, प्रधान पति शैलेंद्र सिंह, रामलगन पाल, राकेश सिंह, कौशलेंद्र सिंह, संजीव सिंह, अमित तिवारी, श्याम लाल पाल सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते सांसद बीपी सरोज व अन्य



पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनती राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी

## राज्यसभा सांसद ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के श्री गौरीशंकर मंदिर के परिसर में रविवार को सुबह भारी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, प्रमुखपति श्रीप्रकाश शुक्ल, डा. जय प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। सीमा द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात को न सिर्फ सुनें, बल्कि अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। भाजपा नेता श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन रुपी संदेश को हर कार्यकर्ताओं में एक नया जोश और उत्साह होना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने बन रहे घटिया सड़क की शिकायत की

**पवांरा।** विकास खण्ड मछलीशहर क्षेत्र अन्तर्गत ऊंचडीह गांव के अभिषेक, अमित मिश्रा ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराया कि गांव में ग्राम प्रधान द्वारा बनवाये जा रहे खड़न्जे की इन्टरलाकिंग जो पिच रोड से श्रीधर मिश्रा के घर तक बन रही है मानक के अनुसार नहीं बनाया जा रहा है। वहीं गांव के सूबेदार, गनेश शुक्ला आदि लोगों का कहना है कि जो इन्टरलाकिंग का कार्य कराया जा रहा है मानक के अनुरुप नहीं काम हो रहा है। जिसकी संबंधित अधिकारी से जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है जिसमें खण्ड विकास अधिकारी मछलीशहर को मामले की जांच सौंपी गयी है।



## दो बाइकों में टक्कर युवक की मौत, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** मछलीशहर-सुजानगंज मार्ग पर फत्थूपुर गाँव के निकट बीती रात हुई दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का ईलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीशाहपुर गाँव निवासी राजबली सेठ 70 वर्ष अपने पोते आकाश सेठ 22 वर्ष के साथ शनिवार को मुस्तफाबाद बाजार गए हुए थे। रात नौ बजे वह दोनो एक ही बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। अभी दोनो मतरी बाजार से फत्तोपुर गाँव के सामने से पहुंचे थे कि सामने से आ रहे राजन सोनी 20 वर्ष उर्फ मतलबी निवासी मुस्तफाबाद अपनी बाइक से मछलीशहर से अपने घर की तरफ लौट रहा था। अभी दोनों आमने सामने पहुंचे थे कि दोनों में जबरदस्त टक्कर हो गई।

दोनों बाइक की टक्कर इतनी भयानक थी कि आकाश सेठ की मौके पर ही मौत हो गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी भेजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

# फ्लैग मार्च कर डीएम और एसपी ने कराया सुरक्षा का एहसास

**चुनाव**

**आमजन से संवाद कर लोकतांत्रिक तरीके से मतदान में हिस्सेदारी के लिए किया प्रोत्साहित**

**चुनाव में खलल डालने वाले शरारतीतत्वों को दी गई सख्त चेतावनी**

**जनसंदेश न्यूज**


फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराते डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारी पुलिस फोर्स के साथ रविवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से कस्बा भदोही, कस्बा नई बाजार सहित मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

डीएम व एसपी ने फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया। आमजन से संवाद कर जिलाधिकारी ने लोकतांत्रिक तरीके से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया। एसपी ने कहा कि चुनाव में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी भी जारी की गई। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान वेबकास्टिंग, सीसीटीवी, वीडियो रिकॉर्डिंग व ड्रोन कैमरों के माध्यम से पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। इंटेलिजेंस यूनिट सहित गोपनीय जानकारी जुटाकर शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भदोही पुलिस व प्रशासन नगर निकाय निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस मौके पर एडीएम, एसडीएम भदोही कृपा शंकर पांडेय, तहसीलदार विजय यादव, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहें।

# पांच विद्यार्थियों को जेईई मेंस की परीक्षा में मिली सफलता

**उपलब्धि**

**ऑल इंडिया स्तर की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता**



**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के छातीडीह (पराऊगंज) गांव में स्थित ओमेगा पब्लिक स्कूल के पाँच विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में ही जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया स्तर पर हुई इस परीक्षा में कृष्णा सिंह 96% , चंद्रदेव यादव 91%, अंशिका सिंह 86% सहित दो अन्य विद्यार्थियों ने जेईई मेंस 2023 की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विशेष बात यह है कि इन विद्यार्थियों ने बिना कोचिंग क्लास के ही यह सफलता हासिल की है और अभी इनका कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम भी नहीं आया है। कृष्णा सिंह ने इसके पूर्व भी हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया था। विद्यालय के चेयरमैन पंकज भूषण मिश्रा ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इन विद्यार्थियों का परीक्षा में सफलता होने का प्रमुख कारण यह है कि विद्यालय में इनकी उपस्थिति हमेशा 95% के ऊपर रही है। विद्यालय परिवार की तरफ से सभी विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षेप

### सन्त कृपा पाकर धन्य हो उठा प्रमुख परिवार



**सुइथाकलां।** भक्त भगवान की कृपा पाकर जैसे अपने को धन्य हो जाता है, ठीक वही स्थिति रविवार को क्षेत्र प्रमुख विद्या तिवारी के परिवार की हुई। अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू का अपने बीच दर्शन और आशीर्वाद पाकर समूचा परिवार धन्य हो उठा। बता दें कि बापूजी वर्तमान में बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के पैतृक गांव अरसिया में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के माध्यम से समूचे क्षेत्र पर अपना आशीर्वाद बनाए हुए हैं। इसी बीच प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी के आग्रह पर रविवार को बापू ऊंचगाव स्थित प्रमुख आवास पर स्वयं पहुंचकर अपना दर्शन और आशीर्वाद दिया। अपने बीच अन्तर्राष्ट्रीय संत का दर्शन और आशीर्वाद पाकर समूचा परिवार धन्य हो उठा। इस दौरान प्रमुख परिवार उनके साथ बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया। लोग बापूजी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दूबे, प्रधान राजेंद्र तिवारी, राकेश चन्द्र तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एफएसटी ने अभियान चलाकर की सघन चेकिंग

**सुरियावां।** आगामी नगर निकाय चुनाव दृष्टिगत शासन द्वारा जनपद स्तरीय गठित एफएसटी टीम ने रविवार को सुरियावा थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर मतेथू दानूपुर अटल चौराहा महजूदा आदि स्थानों पर अभियान चलाकर सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान दो वाहनों का चालान किया गया। एडीओ पंचायत राजनाथ, सब इंस्पेक्टर आशीष सिंह, हेड कांस्टेबल रमेश सिंह, राजेश वर्मा की टीम ने चेकिंग की।

### अनुशासनहीनता पर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष निष्कासित

**ज्ञानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार दूबे राजन ने नगर पालिका परिषद भदोही में अध्यक्ष पद पर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने पार्टी नेतृत्व के प्रति अनर्गल बयानबाजी करने तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष डा. निजामुद्दीन मंसूरी को तत्काल प्रभाव से पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी में अनुशासनहीनता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चायनीज मंझे से तीन लोग घायल

**पड़ाव।** जलीलपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बखरा गावं मे चायनीज मंझे से तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कैलाश व मोनू अपने निजी कार्य से मोटर साईकल से जा रहे थे। और बाहर से आये पतंग बाज पतंग उड़ा रहे थे कि पतंग के चायनीज मंझे के चपेट मे आ गए जिससे तीन लोग घायल हो गए। जिसमें कैलाश और मोनू बाल बाल बच गए जैसे ही इसकी भनक ग्रामीणों मे लगी बाहर से पतंग बाज को दौड़ने लगे और पकड़ने का प्रयास किया पर पतंग बाज भागने मे सफल हो गए।

### कंपोजित विद्यालय मझगावां में नहीं लगा ट्रान्सफॉर्मर

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के बाद भी महीनों का समय ब्यतीत होने पर भी बिजली विभाग ने कंपोजिट विद्यालय मझगावां मे टान्सफार्मर नही लगाया। जिससे शिक्षणार्थियो को आधुनिक शिक्षा पाने से वंचित होना पड़ रहा है। इस बारे में बताया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय मझगावां नई बस्ती में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर करीब एक वर्ष से किसी विभागीय कर्मी ने दूसरे जगह लगा दिया है। जिसकी शिकायत बीते माह विद्यालय परिसर में आयोजित जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी आलोक कुमार से करके आरोप लगाया कि बिजली विभाग का संविदा कर्मी विद्यालय का ट्रांसफार्मर किसी अन्य को बेच दिया है। जिस पर उपजिलाधिकारी ने बिजली विभाग के जेई रविशंकर प्रजापति से जबाब तलब कर तत्काल समस्या का समाधान करने का सख्त निर्देश दिया था। फिर भी बिजली विभाग मनमानी करने पर आमादा है। अभिभावक रामप्रसाद गणेश मोहन लालसाहब कल्लू सुनील पप्पू सूरज दीना ईत्यादि ने बताया कि बिजली की विभाग की मनमानी से हम लोगों के पाल्यो को कंप्यूटर पर आधुनिक शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

# बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**जनसंदेश न्यूज**



**ज्ञानपुर।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत जीटी रोड घोसियां में दो मोटरसाइकिलों की आपस की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार भवानीपुर गांव निवासी पुनीत शुक्ला उम्र लगभग 26 वर्ष अपने भाई सूरज के साथ मोटरसाइकिल से औराई बाजार गए थे वहां से सामान की खरीददारी कर अपने घर जा रहा थे। प्रदीप कुमार उम्र लगभग 17 वर्ष मोटरसाइकिल से घोसिया बाजार की तरफ से अपने घर जेठूपुर जा रहा था तभी अचानक घोसिया में अंडरपास के समीप सर्विस लेन पर दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आस पास व पुलिस प्रशासन की मदद से प्रदीप कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया है।और पुनीत कुमार शुक्ला की वाराणसी ट्रामा सेंटर में पहुंचने पर मौत हो गई है। कोतवाली प्रभारी एनके सिंह ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों मृतक युवक एक दूसरे के पड़ोसी गांव के थे। दुर्घटना के बाद गांव अथवा क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया।दोनों मृतकों के घर कुछ दिनों बाद शादी पड़ी हुई है। वह शादी की तैयारी करने में सामानों की खरीददारी करने गए हुए थे। किंतु काल ने दोनों मोटरसाइकिल सवार युवकों को अपना ग्रास बना लिया है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव ने टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित

**सम्मान**

**डॉ. अभिलाषा यादव को उनकी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि**

**जनसंदेश न्यूज**


टॉपर्स छात्रों को सम्मानित करते जन अभिलाषा माइक्रो केयर फाउंडेशन के लोग

**भदोही।** जन अभिलाषा माइक्रो केयर फाउंडेशन के तत्वाधान में भदोही के पूर्व ब्लाक प्रमुख व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव एडवोकेट ने श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में डॉ. अभिलाषा यादव को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी स्मृति में जनपद की हाई स्कूल 2023 परीक्षा की टॉपर साधना यादव सहित हाईस्कूल व इंटर में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को फूल मालाओं व प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही पूर्व ब्लाक प्रमुख पूर्व सदस्य जिला पंचायत सुनीता यादव ने मेधावी छात्रों एवं छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में प्रमुख रूप से रीना यादव, वर्षा यादव, दृष्टि त्रिपाठी, संजना मौर्या, सपना प्रजापति, नितिन आर्य, स्मिता यादव, निधि यादव, पिंकी यादव, सत्यम प्रजापति, आस्था शेखर, विवेक विश्वकर्मा, आदर्श यादव, अनामिका यादव, विवेक शर्मा, शिक्षा दुबे, अर्पित यादव, नित्या तिवारी, पीयूष यादव, नागेश्वर यादव, आदि रहे इस अवसर पर महबूब आलम, रामाधार मिश्रा, कपिल यादव, सुभाष यादव, दिनेश यादव, उमाशंकर पटेल, कल्लू राम यादव, कल्पनाथ मिश्रा, आशुतोष सभी प्रधान गण घनश्याम यादव, रामराज दादा, दारा यादव, प्रदीप, मुलायम एडवोकेट, रणविजय पाल एडवोकेट, जावेद अली, रमेश मौर्या,महेंद्र मिश्र, श्रीकांत मिश्रा, अवनीश, आशीष दुबे आदि बड़ी संख्या में सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन संतोष यादव ने किया।

# भागवत कथा के छठे दिन वृन्दावन बना अरसिया

**जनसंदेश न्यूज**


भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालुगण

**सुइथाकला।** लगातार चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू की कथा रासलीला और श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह के प्रसंग ने मानो क्षेत्र का कार्यक्रम स्थल अरसिया वृन्दावन बन गया हो। कथा का रसपान करते हुए समूचा जनमानस झूम उठा। लोग कथा आयोजक बदलापुर विधायक व अरसिया निवासी रमेश चन्द्र मिश्र के प्रति कृतज्ञता के भाव प्रकट करते देखे गए।

कथा से पूर्व परम्परागत विधि विधान के साथ पुष्पाहार और भागवत पुराण की आरती की गई जिसमें यजमान परिवार के साथ अन्य विशिष्ट लोग शामिल रहे। उपस्थित जन समुदाय को कथा व्यास की गद्दी से कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू ने रासलीला और श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह के प्रसंग की कथा विस्तारपूर्वक सुनाया। उन्होंने कथा के माध्यम से जीवात्मा का परमात्मा से मिलन को बड़े ही मार्मिक ढंग से लोगों के बीच साझा किया। उन्होंने जीव और परमात्मा के मिलन को रास बताते हुए रासलीला को भागवत का प्राण कहा।

इस अद्भुत लीला को पाने के लिए भगवान भी तरसते है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी विवाह कथा को श्रद्धापूर्वक सुनने से दाम्पत्य जीवन सुखद रहता है। इस दौरान जनमानस के लोग भाव विह्वल दिखे। समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान खराब मौसम के बावजूद पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, सन्तोष पाण्डेय समेत भारी संख्या में तमाम श्रोतागण मौजूद रहे। अन्त में आयोजक विधायक मिश्र द्वारा आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# जेल का निरीक्षण कर डीएम व एसपी ने लिया बैरकों का जायजा

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** जिला कारागार ज्ञानपर का रविवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी, व एसपी डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान डीएम व एसपी ने बंदियों से वार्ता कर मेस की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तत्पश्चात कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली।

डीएम गौरांग राठी ने निर्देश दिया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


जेल का औचक निरीक्षण कर बाहर आते डीएम गौरांग राठी और एसपी डॉ. अनिल कुमार

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**


अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में शामिल लोग

**ज्ञानपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक रविवार को औराई में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद काशी प्रान्त महामन्त्री तरुण कुमार शुक्ल ने कहा कि 13 व 14 मई को दो दिवसीय काशी प्रांत के सभी जिला के कार्यकर्ताओ की बैठक भदोही जनपद में होने जा रहा है, जिसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिला प्रभारी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट होकर कार्य करे।

संगठन के काशी प्रांत उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता गांव-गांव में जाएं और कमेटियां गठित करें जिससे संगठन में विस्तार किया जा सके, उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के सामने अनेक चुनौतियां है जिसे खत्म करने के लिए हम सभी नौजवानों को आगे आना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के काशी प्रांत सहसंगठन मंत्री संजय ने कहा कि हिंदू समाज अपनी जातिवाद भेदभाव आदि भावनाओं से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय बदरंग दल के जिलाध्यक्ष उमेश सिंह ने किया तथा संचालन अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामन्त्री हरिशंकर दुबे ने किया इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद विंध्य विभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, सुभाष दुबे. डॉ गुलाब चंद विंद.गोपाल दुबे, अशोक कुमार सिंह, शिवमंगल सिंह,हिमांशु तिवारी, विषेश तिवारी, भूपेन्द्र कुमार शुक्ला, तेज बहादुर कनौजिया आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# प्रश्नोत्तरी विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित


पुरस्कार प्राप्त करते प्रश्नोत्तरी के विजेता

**आजमगढ़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, आजमगढ़ द्वारा जनपद के करतालपुर में स्थित मारुति केयर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का ऐतिहासिक 100वां संस्करण का सजीव प्रसारण रेडियो के माध्यम से सुनाया गया। जिसे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बहुत ही तन्मयता से सुना। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के मध्य एक प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विषयांतर्गत पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले 10 विजेता प्रतिभागियों सुधांशु, अरुण, दीपक, अभिषेक, विशाल, अभिषेक तिवारी, सुधाकर, अरविंद, फारुकी, अनन्य शुक्ला को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी तारिक अजीज, क्षेत्रीय प्रचार सहायक रामखेलावन, जय प्रकाश, मारुति शरण शुक्ला, अनुभव सिंह, रघुवीर प्रजापति, शैलेश यादव, आदित्य चतुर्वेदी, दीपक पांडे, बलधारी, अजय तिवारी, मनोहर यादव, सज्जाद खान आदि लोग भी मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# शिक्षा से ही सामाजिक कॅरियर को मिलती है ख्यातिः संयोजक

**जनसंदेश न्यूज**


यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान पाने वाली प्रीति पटवा को सम्मानित करते हुए सामाजिक बंधु

**सकलडीहा।** अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज की ओर से रविवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल में प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति पटवा को सामाजिक बंधुओं ने सम्मानित किया। इस दौरान उसके शिक्षा सहित अन्य कार्य के लिये सामाजिक बंधुओं ने सहयोग का भरोसा दिया।


उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षाफल हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतापगढढ़ बाबली की प्रीति पटवा ने 600 में 583 अंकों के साथ 97.17 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में छठवा स्थान प्राप्त किया है।

अखिल भारतीय देवबंशी पटवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी एवं राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा के निर्देशन पर राष्ट्रीय संयोजक टी एन गुप्ता व राष्ट्रीय अध्यक्षा सुषमा गुप्ता के नेतृत्व में चंदौली ,वाराणसी ,रायबरेली, सहित कई जिले के स्वजाति बंधुओं प्रतापगढ़ के बाबली पहुंचकर बिटिया को सम्मानित किया है। राष्ट्रीय संयोजक टीएन गुप्ता ने कहाक कि शिक्षा से ही सामाजिक ख्याति प्राप्त होता है। समाज के हर वर्ग को अपने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित करना चाहिये। अंत में संगठन की ओरसे 55 सौ रुपए की प्रोत्साहन राशी और कक्षा 11 की कॉपी किताब व शिक्षण सामाग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राष्टीय महामंत्री रवि बाबूपाटकर, प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद देवबंशी, डा0पारस देवबंशी, शिवरतन गुप्ता, महेश पटवा, आशुतोष पटवा, राम राज पटवा, अम्बर पटवा एडवोकेट सहित अन्य मौजूद रहे।





# आज है मजदूर दिवस: लेकिन भुला दिया समाज ने?



## अब लेबर डे किसी के दिल में उत्सुकता नहीं जगाता

## केवल औपचारिकता निभाया जाने वाला कार्यक्रम रह गया

दुनिया के मजदूरो एक हो। यह नारा कम से कम एक मई को तो लगाया ही जाता था। लेकिन वक्त ने करवट बदली, मजदूर अब भी हैं और पहले से ज्यादा हैं, पर वह नारा अब सुनाई नहीं देता, जिसमें जोश के साथ आने वाले कल की सुनहरी तस्वीर भी छिपी रहती थी। वैसे तो मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनियाभर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों के नाम समर्पित यह दिन एक मई है। मजदूर दिवस को लेबर डे, श्रमिक दिवस या मई डे के नाम से भी जाना जाता है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाते हैं, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। मजदूर किसी भी देश के विकास के लिए अहम भूमिका में होते हैं। हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिए श्रम करते हैं। लेकिन पहली बार मजदूर दिवस मनाने की जरूरत क्यों पड़ी।

### पहली बार कब मनाया गया मजदूर दिवस

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है। पहली बार मजदूर दिवस 1889 में मनाने का फैसला लिया गया। इस दिन को मनाने की रूपरेखा अमेरिका के शिकागो शहर से बनने लगी थी, जब मजदूर एक होकर सड़क पर उतर आए थे। 1886 से पहले अमेरिका में आंदोलन की शुरूआत हुई थी। इस आंदोलन में अमेरिका के मजदूर सड़कों पर आ गए। अपने हक के लिए मजदूर हड़ताल पर बैठ गए। इस आंदोलन का कारण मजदूरों की कार्य अवधि थी। उस दौरान मजदूर एक दिन में 15-15 घंटे काम करते थे। आंदोलन के दौरान मजदूरों पर पुलिस ने गोली चला दी। इस दौरान कई मजदूरों की जान चली गई। सैकड़ों श्रमिक घायल हो गए।



### मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव

इस घटना के तीन साल बाद 1889 में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की बैठक हुई। इस बैठक में तय किया गया कि हर मजदूर से प्रतिदिन 8 घंटे ही काम लिया जाएगा। वहीं सम्मेलन के बाद 1 मई को मजदूर दिवस मनाने का फैसला लिया गया। इस दिन हर साल मजदूरों को छुट्टी देने का भी फैसला लिया गया। बाद में अमेरिका के मजदूरों की तरह अन्य कई देशों में भी 8 घंटे काम करने के नियम को लागू कर दिया गया। अमेरिका में मजदूर दिवस मनाने के प्रस्ताव के 34 साल बाद भारत में इसकी शुरूआत हुई। भारत में भी मजदूर अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। मजदूरों का नेतृत्व वामपंथी कर रहे थे। उनके आंदोलन को देखते हुए एक मई 1923 में पहली बार चेन्नई में मजदूर दिवस मनाया गया। लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाने की घोषणा की गई। कई संगठन और सोशल पार्टी ने इस फैसले का समर्थन किया। हर बार मजदूर दिवस की एक थीम होती है, जिसके आधार पर इस दिन को मनाया जाता है। इस वर्ष मजदूर दिवस 2023 की थीम 'सकारात्मक सुरक्षा और हेल्थ कल्चर के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करना।



# तीन सौ साल पुरानी है प्रह्लादघाट की नृसिंह लीला

## पुष्कर से आयी साधुओं की टोली करती थी लीला

## प्रहलादघाट पर होगी पांच दिवसीय नृसिंह लीला

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** काशी में गंगा तट पर सिर्फ दो ही लीलाएं होती है। इनमें पहला तुलसीघाट का प्रसिद्ध नागनथैया की लीला होती है जिसमें लाखों की भीड़ जुटती है। दूसरी गंगा तट पर होने वाली प्रहलादघाट की प्रसिद्ध नृसिंह लीला है। इस लीला को भी देखने के लिए हजारों की भीड़ घाट पर उमड़ती है। घाट पर यह लीला पांच दिनों तक चलती है। यह लीला एक मई 2023 से शुरू होने जा रही है। इसमें पहले दिन एक मई को क्षीरसागर की झांकी व जय-विजय को श्राप, व हिरण्यकश्यप व हिरणाक्षय का जन्म, दो मई को भगवान वाराह का अवतार, हिरणाक्षय का वध, भक्त प्रहलाद का जन्म, 3 मई को भक्त प्रहलाद को शिक्षा व हिरण्यकश्यप द्वारा अनेक दंड, 4 मई को भगवान नृसिंह का अवतार व हिरण्यकश्यप का वध की लीला होगी।

हिरण्यकश्यप वध व नृसिंह भगवान का अवतार की लीला में घाट पर रंगीन कागजों से विशाल खम्भा बनाया जाता है। निर्धारित समय में नृसिंह भगवान उस खम्भे को फाड़ कर प्रगट होकर हिरण्कश्यप का वध कर भक्त प्रहलाद की रक्षा करते हैं। इस दौरान घाट पर भारी जयघोष भी होता है। घाट की सीढ़ियों के अलावा नावों व बजड़ों पर बैठ कर लोग इस लीला का अवलोकन करते हैं। प्रहलादघाट पर होने वाली नृसिंह लीला का इतिहास काफी प्राचीन है। लीला की संवाद की कापी में इस लीला के संवंत 1045 में संकलित करने का उल्लेख है। कुछ लोग इस लीला को तीन सौ साल पुराना मानते हैं। बुर्जुगों की मानें तो पुष्कर से आये साधुओं की टोली प्रहलादघाट पर एक माह तक ठहर कर नृसिंह लीला का आयोजन करते थे। इसके बाद वे पुष्कर लौट जाते थे। यह सिलसिला काफी बर्षों तक चला। बाद में यहां के काफी लोगों ने इस लीला को अपने नेतृत्व में करना शुरू किया। पहले इस लीला से स्व. पं. कृपाराम उपाध्याय, लल्लन सिन्हा, कृष्णचन्द्र शुक्ल, देवनारायण पांडेय जुड़े रहे। स्व. पं. कृपाराम उपाध्याय कई वर्षों तक नृसिंह भगवान बनते रहे।

प्रहलादघाट पर नृसिंह भगवान का भव्य मंदिर भी है जिसमें उनकी विशाल मूर्ति है। इस मंदिर के पुजारी पं. रमेश तिवारी हैं। यह मंदिर अपने आप में अनूठा है। नृसिंह लीला समिति के अध्यक्ष मोहित उपाध्याय ने बताया कि इस बार भी लीला को लेकर भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बार राजकुमार त्रिपाठी (नृसिंह भगवान), अनुराग पांडेय (प्रहलाद), प्रदीप साहनी (हिरण्यकश्यप) बनेंगे। समिति में बद्री शर्मा व अजय मिश्र (उपाध्यक्ष), राजकिशोर पांडेय (कोषाध्यक्ष), राजेश विश्वकर्मा, अभिजीत भारद्वाज (महामंत्री) राजकुमार त्रिपाठी (व्यास) हैं।



### नृसिंह भगवान की कैसे करें पूजा

ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक इस दिन प्रातःकाल ब्रह्म मुहुर्त में अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर अपने आराध्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के पश्चात नृसिंह भगवान के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। लकड़ी की नवीन चौकी पर लाल या पीला रेशमी वस्त्र बिछा कर श्री नृसिंह भगवान की मूर्ति को स्थापित कर उनका शृंगार करके मध्याह्न काल में पूजा-अर्चना करने का विधान है। कहीं-कहीं पर संध्या काल में भी भगवान नृसिंह की जयंती मनायी जाती है। नृसिंह भगवान को ऋतुफल, नैवेद्य, विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न आदि अर्पित करके धूप-दीप से पूजा अर्चना करनी चाहिए। नृसिंह भगवान के प्रतिष्ठित मंदिर में पूजा-अर्चना करने की विशेष महिमा है। इस दिन ब्राह्मणों को यथा शक्ति नूतन वस्त्र, स्वर्ण, गौ व तिल तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं का दान करना चाहिए।

## अभीष्ट प्राप्ति व शत्रु शमन के लिए होती है नृसिंह की पूजा

- **पूजा-अर्चना से होता है समस्त बाधाओं का शमन**
- **भगवान श्रीनृसिंह का चार को मनाया जायेगा प्राकट्योत्सव**

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति के हिंदू सनातन धर्म में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करके व्रत-उपवास रखने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। वैशाख शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन भगवान श्रीनृसिंह का प्राकट्य महोत्सव मनाने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। प्रख्यात ज्योतिशीविद् पं. विमल जैन के मुताबिक इस बार भगवान नृसिंह जयंती 4 मई गुरुवार को मनायी जायेगी। वैशाख शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 3 मई बुधवार को अर्धरात्रि में 11.50 मिनट पर लगेगी जो कि 4 मई गुरुवार की रात्रि 9.35 मिनट तक रहेगी। ग्रहों के शुभ संयोग में भगवान नृसिंह की पूजा-अर्चना की जायेगी। आज के दिन श्री नृसिंह भगवान का व्रत-उपवास रख कर पूजा-अर्चना करने से शत्रुओं पर विजय के साथ ही सुख-समृद्धि व वैभव की प्राप्ति होती है।

# 'द केरला स्टोरी': विवादों में क्यों है ये फिल्म?

## फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद ही दो हिस्से में राजनीति व समाज बंट गए हैं

केरल से कथित रूप से गायब हुई और इस्लाम धर्म अपनाने वाली लड़कियों की कहानी पर बनीं फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इसके रिलीज की तिथि पांच मई है।

फिल्म का ट्रेलर चार दिन पहले रिलीज हुआ है और इसे अब तक 1.4 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। केरल से 32 हजार लड़कियों के लापता होने का दावा करने वाली इस फि ल्म ने राजनीति और समाज को भी दो फाड़ किया है। कोई इसे बेकार का प्रोपेगंडा कह रहा है तो कोई इसे हकीकत करार दे रहा है। रविवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने द केरला स्टोरी के निर्माताओं को खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि फि ल्म निर्माता लव जिहाद के मुद्दे को उठाकर संघ परिवार के प्रोपेगैंडा को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि 'लव जिहाद' एक ऐसा टर्म है जिसे अदालतों ने, जांच एजेंसियों ने और यहां तक कि गृह मंत्रालय भी खारिज कर चुका है।

मुख्यमंत्री विजयन ने कहा है कि पहली नजर में फि ल्म का ट्रेलर ऐसा प्रतीत होता है कि इसका मकसद राज्य के खिलाफ प्रोपेगैंड करना और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करना है। जिसे सभी खारिज कर चुके हैं, उस बात को केरल में उठाना उसे बदनाम करने के सिवा कुछ भी नहीं।

मुख्यमंत्री ने एक बयान के हवाले से कहा गया है कि इस तरह की प्रोपेगंडा फि ल्म और इसमें मुस्लिमों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसे राज्य में संघ परिवार के राजनीतिक फायदा पाने के प्रयासों से जोड़कर देखना चाहिए। उन्होंने संघ परिवार पर राज्य की सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। कुछ दिन पहले ही सत्तारूढ़ पार्टी माकपा और विपक्षी दल कांग्रेस ने इस विवादित फिल्म 'द केरला स्टोरी' की आलोचना की थी। उनका कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब समाज में जहर फैलाना नहीं होता है। केरल की विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा है कि फि ल्म 'द केरला स्टोरी' को स्क्रीन करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। एक फेसबुक पोस्ट में सतीशन ने कहा है, द केरला स्टोरी फि ल्म में दावा किया गया है कि केरल की 32 हजार लड़कियों ने धर्म परिवर्तन किया और वो इस्लामिक स्टेट की सदस्य बन गईं. इस फि ल्म को स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. इस फि ल्म के ट्रेलर से स्पष्ट है कि ये क्या दिखाना चाह रही है। सतीशन ने कहा कि ये फि ल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केरल को बदनाम करने का एक प्रयास है।

सत्ताधारी सीपीआई (एम) की युवा इकाई 'द डेमोक्रेटिक यूथ फेडेरेशन ऑफ इंडिया' ने भी फि ल्म की आलोचना करते हुए कहा है कि इसका ट्रेलर धार्मिक भावनाएं आहत करता है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने इस फि ल्म का समर्थन किया है। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट में कहा है, द केरला स्टोरी वास्तविक जीवन की कहानियों पर आधारित है. ये हैरान और परेशान करने वाली फि ल्म है। मालवीय लिखते हैं, यह फि ल्म केरल के तेजी से हो रहे इस्लामीकरण और किस तरह से मासूम लड़कियों को इस्लामिक स्टेट का चारा बनाने के लिए फंसाया जा रहा है उसे दशार्ती है। विवाद के बीच फि ल्म के कलाकारों और निर्माता ने इसका बचाव किया है और कहा है कि सभी को पहले फि ल्म देखनी चाहिए और फिर इसके बारे में राय बनानी चाहिए। वहीं फि ल्म की अभिनेत्री अदा शर्मा ने कहा है कि, ये एक डरावनी कहानी है और लोगों का इसे प्रोपेगैंडा कहना या लड़कियों के लापता होने से पहले उनकी संख्या पर बात करना और भी डरावना है। जबकि इसके उलट होना ये चाहिए था कि लोग पहले लड़कियों के लापता होने के बारे में बात करते और फिर उनकी संख्या के बारे में सोचते। अदा शर्मा ने ये दावा भी किया है कि वो ऐसी लड़कियों से मिली हैं। वहीं निर्देशक सुदिप्तो सेन का दावा है कि उन्होंने सात साल तक इस फि ल्म की कहानी पर काम किया और इस दौरान पीड़ित लड़कियों से मुलाकातें की और उनके साक्षात्कार किए।

निर्देशक का दावा है कि उन्होंने वास्तविक संख्या जानने के लिए अदालत में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन दिया है लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं मिली है। विपुल शाह ने कहा है कि ये फि ल्म ऐसी सच्ची कहानी को बयान करती है जिसे इससे पहले किसी ने कहने की हिम्मत नहीं की है। इस फि ल्म में दावा किया गया है कि इन महिलाओं का धर्मांतरण किया गया, उन्हें चरमपंथी बनाया गया और भारत तथा दुनिया के दूसरे देशों में आतंकी मिशन पर भेज दिया गया।

